ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 22 जून 2024
वर्ष 2, अंक 302, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव 15

इंडियाज बेस्ट डांसर-4 में शामिल हुईं करिश्मा 16

चार राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने का काम शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड महाराष्ट्र में होने हैं विस चुनाव

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में मतदाता सूची को अद्यतन करने की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही आयोग ने इन राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्रता की तिथि एक जुलाई, 2024 तय की गई है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची को अद्यतन करने के वास्ते एक जनवरी को अर्हक तिथि रखा गया था। तीनों राज्यों में मौजूदा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 3 नवंबर, 26 नवंबर और 5 जनवरी, 2025 को समाप्त होने जा रहा है और इनके चुनाव उनके कार्यकाल पूरा होने से पहले कराए जाने हैं।

आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों को एक जुलाई, 2024 की अर्हक तिथि के तहत अद्यतन करने का भी निर्देश दिया है।

समूह क के अफसरों को गृह जनपद में नहीं मिलेगी तैनाती

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद व मंडल में अब तैनात नहीं किया जाएगा। यह बात उन्होंने सरकार की स्थानान्तरण नीति को स्पष्ट करते हुए कही। इस संबंध में उन्होंने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि मंडल स्तरीय पदों पर तैनात समूह 'क' के अधिकारियों को उनके गृह जनपद में तैनात नहीं किया जाएगा। मालूम हो कि बीते दिनों प्रदेश में नई स्थानान्तरण पॉलिसी लागू हो चुकी है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

तीन नए कानूनों को टालने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1 जुलाई से लागू होने हैं तीनों नए आपराधिक कानून

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हड़बड़ी में पारित तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने आपराधिक कानूनों की नए सिरे से संसदीय समीक्षा पर जोर दिया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई।

ये तीन नए कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम से भी मुलाकात की, जो विधेयकों की जांच करने वाली संसद की स्थायी समिति का हिस्सा थे।

146 सांसद निलंबित थे तब पारित हुए विधेयक

टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता एनआर एलंगो और चिदंबरम ने तीनों विधेयकों पर अपनी रिपोर्ट में असहमति जताई थी। ममता ने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा कि आपकी सरकार ने इन तीन विधेयकों को एकतरफा पारित कर दिया था। उस दिन, लोकसभा के लगभग 100 सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था और दोनों सदनों के 146 सांसदों को संसद से बाहर निकाल दिया गया था।

वाराणसी में झूला घी कारोबारी के यहां ईडी ने की छापेमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वाराणसी के अलावा 12 अन्य स्थानों पर छापे की सूचना

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आर्थिक अनुसंधान शाखा ने शुक्रवार को वाराणसी में उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला परिवार के कार्यालय और आवास पर छापेमारी की। एक टीम सुबह नाटी इमली स्थित आवास पहुंची तो दूसरी टीम सारनाथ स्थित कार्यालय पर छापेमारी करने पहुंची। इसकी जानकारी जब शहर के उद्यमियों को हुई तो कई लोग अलर्ट नजर आए।

झुनझुनवाला फैमिली का खाद्य तेल प्रोडक्ट झूला प्रतिष्ठित ब्रांड है। जांच इसी से जुड़ी बताई जा रही है। ईडी की टीम पहले नाटी इमली स्थित दीनानाथ झुनझुनवाला के आवास पर पहुंची। दूसरी टीम उनके परिवार के ही महेश झुनझुनवाला के कार्यालय पर पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान दोनों स्थानों पर टीम कई घंटे मौजूद रही। अधिकारियों के अनुसार, यह दो हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड से जुड़ा मामला है, जो उनके झूला ब्रांड से जुड़ा बताया जा रहा है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक वाराणसी के अलावा दिल्ली, हरियाणा सहित कुल 12 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

योग को वैश्विक भलाई के सशक्त माध्यम के रूप में देखती है दुनिया

जम्मू-कश्मीर से मोदी ने दिया संदेश-योग एक विधा ही नहीं बल्कि विज्ञान है

श्रीनगर, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है क्योंकि यह लोगों को अतीत का बोझ उठाए बिना वर्तमान में जीने में मदद करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन के लिए बड़े आकर्षण का केंद्र बन सकता है। प्रधानमंत्री 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान योग का हिस्सा है लेकिन जब इसकी बात होती है तो बहुत लोगों को लगता है कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है...।

उन्होंने कहा कि योग ने लोगों को यह महसूस कराने में मदद की है कि उनका कल्याण उनके आसपास की दुनिया के कल्याण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुनिया योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देख रही है। योग हमें अतीत के बोझ के बिना वर्तमान क्षण में जीने में मदद करता है। इसलिए योग स्व के लिए जितना जरूरी है, जितना उपयोगी है, जितनी ताकत देता है, उसका विस्तार समाज को भी फायदा करता है। जब समाज को लाभ होता है तो समस्त मानव जाति को लाभ होता है, विश्व के हर कोने में लाभ होता है। यह कार्यक्रम डल झील के किनारे एसकेआईसीसी के खुले मैदान में होना था लेकिन लगातार बारिश के कारण इसे बड़े हॉल में आयोजित किया गया। अपने संबोधन के बाद प्रधानमंत्री ने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। मोदी ने कार्यक्रम के बाद डल झील के किनारे समारोह में शामिल होने आई छात्राओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।

लखनऊ में योग दिवस पर राजभवन में योगाभ्यास करते मुख्यमंत्री योगी।

एक नजर

बीएसएफ जवान ने खुद को गोली से उड़ाया

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस हथियार से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को जिले के छोटे बेठिया इलाके में गश्त के दौरान बीएसएफ की 94वीं बटालियन के हवलदार मदन कुमार लापता हो गए थे।

इंदौर हवाई अड्डे को फिर बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे को इस हफ्ते में दूसरी बार बम विस्फोट की फर्जी धमकी मिलने के बाद पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने हवाई अड्डे के निदेशक के आधिकारिक ई-मेल खाते पर बुधवार रात संदेश भेजकर इस परिसर में बम विस्फोट की धमकी दी।

दिल्ली शराब घोटाले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को ईडी ने दी थी चुनौती

केजरीवाल की जेल से रिहाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्यमंत्री की जमानत पर कोर्ट ने दो तीन दिन को सुरक्षित रखा फैसला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के यहां की एक विशेष अदालत के आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से निचली अदालत के केजरीवाल को जमानत देने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष ईडी का पक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, जबकि मुख्यमंत्री का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने रखा। न्यायमूर्ति जैन ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि इस मामले में अगले दो-तीन दिनों में विस्तृत आदेश पारित किया जाएगा।

इस दौरान निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं आदेश को दो से तीन दिनों के लिए सुरक्षित रख रहा हूं। आदेश की घोषणा तक निचली अदालत के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक है।

इससे पहले उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी की अपील पर तत्काल सुनवाई के अनुरोध पर कहा था कि जब तक हम इस पर सुनवाई नहीं कर लेते तब तक यह आदेश (जमानत पर जेल से रिहाई का) प्रभावी नहीं होगा। राऊज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई की अवकाशकालीन न्यायाधीश नियाय बिंदू ने केजरीवाल को गुरुवार को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी थी। कल देर शाम आए इस आदेश के खिलाफ ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई।

पीठ के समक्ष ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोपी मुख्यमंत्री की रिहाई पर रोक लगाने और याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए दावा किया कि ईडी को संबंधित निचली अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। राजू ने कहा कि मैं तत्काल रोक लगाने की मांग कर रहा हूं। कल (गुरुवार) रात 8 बजे आदेश सुनाया गया। आदेश बेवसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। हमें (केजरीवाल की) जमानत का विरोध करने का स्पष्ट अवसर नहीं दिया गया।

काउंसलिंग का मतलब खोलना और बंद करना नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी मामला

- सुनवाई करते हुए कोर्ट का काउंसलिंग टालने से इनकार
- परीक्षा निरस्त करने को लेकर केंद्र और एनटीए को नोटिस

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी-2024 की 6 जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई खोलने और बंद करने की प्रक्रिया नहीं है। कोर्ट ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितता को लेकर नीट-यूजी को रद करने के आग्रह वाली याचिका पर एनटीए, केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने पीठ से अनुरोध किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया दो दिनों तक रोकी जा सकती है क्योंकि उच्चतम न्यायालय इन सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई करने वाला है। अधिवक्ता ने तर्क दिया मैं काउंसलिंग पर स्थगन का अनुरोध नहीं कर रहा हूं। मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि 6 जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला 8 जुलाई को सूचीबद्ध है।

संयुक्त सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। एनटीए ने संयुक्त सीएसआईआर-यूजीसी-नेट परीक्षा 2024 को स्थगित कर दिया है। परीक्षा 25 से 27 जून के बीच होनी थी। एनटीए की ओर से बताया गया है कि लॉजिस्टिक कारणों से परीक्षा स्थगित की जा रही है। कहा गया है कि परीक्षा की नई तारीख बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा।

केजीएमयू समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालय डिफाल्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकपाल न नियुक्त करने पर यूजीसी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने शुक्रवार को राजधानी स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के 10 विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालयों की ओर से लोकपाल न नियुक्त करने पर हुई है। विश्वविद्यालयों में छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए एक लोकपाल नियुक्त करना होता है।

डिफाल्टर विश्वविद्यालयों की सूची में राजधानी स्थित केजीएमयू (दंत), अटल बिहारी चिकित्सा विवि, टीएस मिश्र चिकित्सा विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, कानपुर स्थित चंद्र शेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, बलिया स्थित जननायक चंद्रशेखर विवि, आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहैलदेव राजकीय विवि, प्रयागराज स्थित प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विवि, सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, यूपी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि मथुरा, इटावा स्थित उप्र. यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंस, सैफई शामिल है।

एक इनामी नक्सली समेत नौ माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक इनामी नक्सली समेत नौ माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले में बासागुड़ा, उसूर और तर्रेम थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई कर सुरक्षा बलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पुसबाका गांव के जंगल से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में से उसूर एलओएस के सदस्य राजू ओयाम (29) के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम है।

पानी के लिए आतिशी ने शुरू किया पानी सत्याग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली जल संकट



- आरोप, दिल्ली को पानी नहीं दे रही हरियाणा की भाजपा सरकार

दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चितकालीन पानी सत्याग्रह की शुरुआत की। आतिशी सत्याग्रह शुरू करने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की और फिर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद वह धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और अनिश्चितकालीन 'पानी सत्याग्रह' की शुरूआत की। उनके साथ केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

इस दौरान जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है।

योग शपथ अभियान राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाई

राजभवन ने बनाया विश्व कीर्तिमान, गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने राज्यपाल को सौंपा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र

अमृत विचार: राजभवन ने योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान बना दिया। राजभवन का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया। राज्य विश्वविद्यालयों के सहयोग से राजभवन में 25,93,276 लोगों को योग प्रतिज्ञा दिलाने से यह सफलता मिली। गिनीज वर्ल्ड के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र सौंपा। अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को राज्यपपाल ने प्रशस्ति पत्र दिया।

प्रदेश स्तर पर 12 जून से 18 जून 2024 तक संचालित योग शपथ अभियान में विश्व कीर्तिमान स्थापित होने पर राजभवन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि एडज्यूडीकेटर कुमारी आयनी तूरबली ने राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र देकर इसे एक अद्भुत व शानदार उपलब्धि बताई और राज्यपाल को गिनीज वर्ल्ड के लंदन व जापान स्थित कार्यालय से सराहना व्यक्त किये जाने की जानकारी दी। राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह दिया।

योग शपथ अभियान में राजभवन के विश्व कीर्तिमान बनाने पर आयोजित हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व अन्य। अमृत विचार

इस अवसर पर योग प्रतिज्ञा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 विश्वविद्यालयों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। इन विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ, महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या व बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी शामिल रहे।

एसटीएफ ने पेपर लीक मामले में 18 के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सिपाही भर्ती

- 200 अन्य आरोपियों के खिलाफ पुलिस दाखिल कर रही आरोपपत्र

अमृत विचार : सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने 18 आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया है। करीब 200 आरोपी ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आरोपपत्र जिलों की पुलिस दाखिल कर रही है।

पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा 17 और 18 फरवरी को प्रदेश में विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद सरकार ने परीक्षा निरस्त कर छह महीने के भीतर नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया था। उधर, एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पांच मार्च 2024 को छह आरोपियों दीपक उर्फ दीप, प्रवीण, रोहित उर्फ ललित, साहिल और नवीन को गिरफ्तार किया था। 12 मार्च को जींद निवासी महेंद्र , अभिषेक शुक्ला, रोहित पांडेय और शिवम गिरी के बाद 21 मार्च को मानेसर के सतीश धनकड़ को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ ने खुलासा किया था कि प्रश्नपत्र रवि अत्री गैंग ने अहमदाबाद स्थित कंपनी के वेयरहाउस से लीक कराया था। एसटीएफ ने रवि अत्री के अलावा विक्रम पहल, राजीव नयन मिश्रा, डॉ शुभम मंडल को भी गिरफ्तार किया।

प्रोन्नति बोर्ड की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

एसटीएफ की जांच आगे बढ़ने के साथ पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के कुछ अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उनसे परीक्षा कराने वाली अहमदाबाद की कंपनी एजूटेस्ट के चयन और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के प्रबंधों को लेकर सवाल-जवाब हो सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। कंपनी की जमानत राशि जब्त कर भुगतान रोकने की भी तैयारी है।

जागा मुशावरत, आरएसएस की तर्ज पर देशभर में अभियान

दिल्ली में 9 जून को निजामुद्दीन क्षेत्र में हुई बैठक, अब 25 जून को लखनऊ में होगी

मुहिम

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद मुस्लिम संगठनों का एक संयुक्त संगठन आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत सक्रिय हो गया है। आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत आरएसएस की तर्ज पर काम करेगा और सियासी पिलर भी तैयार करेगा। इस संगठन का मानना है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद परिवर्तन आ चुका है। वैसे तो ये संगठन 60 साल पुराना है लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद फिर मुशावरत सक्रिय हो गया है जिसके माध्यम से मुस्लिमों को जगाने का एक वृहद अभियान छेड़ा गया है। इसकी शुरुआत 9 जून को दिल्ली बैठक से हुई है, दूसरी बैठक लखनऊ में 25 जून को होगी जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। ये संगठन आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से भी दो हाथ आगे निकलने की कोशिश में है।

- 1964 में गठित इस संगठन ने कभी कांग्रेस को घुटनों पर ला दिया था

> आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत की पहली मीटिंग दिल्ली में हो चुकी है, 25 जून को लखनऊ में मुशावरत की मीटिंग प्रस्तावित है, जिसमें कई बड़े मुस्लिम संगठन शामिल होंगे। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के भी कुछ लोग शामिल होंगे। मुसलमानों के छोटे से बड़े संगठनों को मिलाकर एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन तैयार किया जा रहा है।
>
> –मोहम्मद सुलेमान, कार्यक्रम प्रमुख

मुशावरत क्यों गठित हुआ था

1964 में जमशेदपुर में 22 युवकों को जिंदा जला दिया गया था, नेहरू की टीम में कांग्रेस के प्रमुख नेता सैयद महमूद को इस घटना ने बेचैन कर दिया। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर पूरे देशभर के मुस्लिम संगठनों को मिलाकर आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत तैयार की और राजनिति में कूद गए। उसके बाद 1967 में लोकसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस को हराने के लिए आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत ने 9 सूत्रीय घोषणापत्र तैयार किया जिसके नतीजे में यूपी, महाराष्ट्र, बिहार समेत अन्य राज्यों में कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। जिससे उसे कुछ पार्टियों को मिलाकर सरकार बनाना पड़ा जिसमें आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत के लोग शामिल थे।

1964 में आल इंडिया मुस्लिम मजलिस मुशावरत में जमाअते इस्लामी हिंद, मुस्लिम मजलिस, मुस्लिम लीग, मुस्लिम कांफ्रेंस (अब जम्मू में नेशनल कांफ्रेंस) समेत कई बड़े राष्ट्रीय स्तर के संगठन शामिल हुए थे।

अब ये संगठन एक बार फिर मुसलमानों की नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में आ गया है। दिल्ली में 9 जून को हुई बैठक में डॉक्टर जफरुल इस्लाम खां को इसका अध्यक्ष चुना गया है। इस्लाम दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन हैं। लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम के लिए कानपुर स्थित फैज-ए-आम इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान को प्रमुख चुना गया है।

मुशावरत के एजेंडे में शामिल मुद्दे

- प्रत्येक राज्य में मुशावरत की टीम का गठन करना प्राथमिकता में है।
- देशभर में छूटे मतदाताओं के नाम का मतदाता सूची में शामिल कराना।
- मुसलमानों को चुनाव के बारे में जागरूक करना।
- मतदान के दिन होटलों, चाय-पान की दुकानों पर गपशप करने वालों को मतदानस्थल तक पहुंचाने के लिए टीम बनेगी।
- चुनाव के फायदे और नुकसान दोनों समझाने के लिए घर-घर जाएगी टीम
- संसद में विपक्ष काफी मजबूती से उभरा है, ऐसे में किसी भी समस्या का समाधान कराने के लिए विपक्षी पार्टियों से भी संपर्क करेंगे।

विपक्षी पार्टियों की जुबान खुलवाएंगे

मुशावरत ने तय किया है कि यदि किसी मुसलमान, दलित, पिछड़ों पर किसी प्रकार का अत्याचार होगा तो वे विपक्षी पार्टियों को खामोश नहीं रहने देंगे, उन्हें जुबान खोलने पर मजबूर करेंगे। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जब कभी मुसलमानों पर कोई मुसीबत आती है तो वह ये कहकर पल्ला झाड़ लेता है कि बोर्ड का काम शरई मसलों को हल करना है।

आज से लौटेंगे हाजी, बदल जाएगा जीने का अंदाज

कानपुर। मक्का में इबादत करके अल्लाह से अपने गुनाहों को माफ कराकर हाजी शनिवार से वतन वापस आने लगेंगे। अभी तक हाजी हजरात की जिंदगी की कार्यशैली कैसी रही है, उसे भूलकर अब कभी गुनाह नहीं करने वाली शैली में जीवन गुजारेंगे।

शनिवार को जद्दा एयरपोर्ट से उड़ान भरकर चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट अमौसी लखनऊ फ्लाइट वापस आने लगेंगी। इस बार यूपी से करीब 35 हजार लोग हज करने गए थे। इस वर्ष भारत से करीब 1 लाख 75 हजार लोग हज करने के लिए मक्का गए थे। ऐसी मान्यता है कि हज करने के बाद यानी हाजी बनने के बाद हाजी की जिंदगी से सारे गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। हज के दौरान एक समय ऐसी भी आता है, जब हाजी खुले आसमान के नीचे रो-रोकर अपने गुनाहों से माफी मांगता है तो उसके सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अलवी का कहना है कि उनकी हर दुआ अल्लाह कबूल करता है।

अजीम रिजवी को स्मृति चिह्न देते पदाधिकारी। अमृत विचार

अजीम को अल्लामा नियाज मकनपुरी मेमोरियल अवार्ड

कानपुर। उर्दू अदब की दुनिया में खास स्थान रखने वाली ऐतिहासिक बस्ती मकनपुर शरीफ में काव्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने शोरा (कवियों) द्वारा तरही मिसरे हुसैन और इबादत में फासला न मिला पर कहे गए शेर पर अम्बेडकर नगर के अजीम रिजवी को विजेता घोषित किया।

उन्हें शिक्षाविद् डॉ. मजहर नकवी ने अल्लामा नियाज मकनपुरी मेमोरियल अवार्ड से नवाजा। सैय्यद नुरूल अराफात, कामयाब जाफरी, फराज अदीबी, मुजहब मकनपुरी के अशआर भी पसंद किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नकवी ने कहा कि उर्दू अदब में लखनऊ, दिल्ली व दक्षिणी स्कूल की तरह मकनपुरी स्कूल भी उभरा है। यहां के मजदूर से लेकर दरगाह शाह मदार के सज्जादागान तक मेयारी शेर कहने की सलाहियत रखते हैं। उन्होंने खुशबू और इतिहास की नगरी कन्नौज की तर्ज पर मकनपुर को अदबी नगरी का दर्जा देने की मांग की। संचालन बजमी नकवी ने किया। अयान खान, कशफी, अल्तमश, छोटू रिजवी व इशरत हुसैन मौजूद रहे।

ट्रेन में लैपटॉप, मोबाइल चुराकर रुपये उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में शातिर ने यात्री का लैपटॉप व मोबाइल पार कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही यूपीआई अकाउंट से धड़ाधड़ 78 हजार रुपये निकाल लिए। यात्री ने जीआरपी ने चोरी और रुपये निकालने का मुकदमा दर्ज कराया है।

नई दिल्ली निवासी रोहन सुकेन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के एम-श्री कोच में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया आनंदविहार के पास किसी ने उनका लैपटॉप व मोबाइल पार कर लिया। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की। चोरी का संदेह होने पर उन्होंने ट्रेन में ही अटेंडेंट को सूचना दी। इसके बाद उन्होंने एक-दो स्टेशन ही पार किया था, अचानक खाते से धड़ाधड़ 78 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज दूसरे नंबर आया तो उनके होश उड़ गए। सेंट्रल पहुंचने पर यात्री ने जीआरपी थाने में तहरीर दी। जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नाबालिग लड़कियों को ट्रेन से उतारा

- कानपुर। झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में सवार दो नाबालिग लड़कियों को जीआरपी ने सेंट्रल पर उतार लिया। लड़कियों से पूछताछ के बाद जीआरपी ने झारखंड के खलारी थानाक्षेत्र निवासी उनके परिजनों को सूचना दी है। पूछताछ में 12 व 17 वर्षीय लड़कियों ने बताया वह भटक गईं थी, यह भी जानकारी नहीं थी कि ट्रेन कहां जा रही है। जबकि जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि यात्रियों की सूचना पर जब लड़कियों से पूछताछ की गई तो वह घबराने लगीं। संदेह होने पर उन्हें ट्रेन से उतारा गया और लड़कियों से परिजनों की जानकारी लेकर उन्हें सूचना दी गई है।

वेतन में गड़बड़ी का आरोप, एडीएम से शिकायत

कानपुर। इलेक्ट्रिक बसों के प्रबंधन पर वेतन में गोलमाल का आरोप लगाकर बसों के कई परिचालक एडीएम सिटी के पास पहुंचे। एडीएम सिटी ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

शुक्रवार को इलेक्ट्रिक बसों के कई परिचालक एडीएम सिटी के पास पहुंचे और उनको बताया कि बसों के प्रबंधन ने जो वेतन तय किया था, वह नहीं दे रहे हैं, बल्कि दो से ढाई हजार रुपये ही वेतन दिया जा रहा है। इसके बाद तय किया गया कि सच्चाई जानने के लिए परिचालकों के बयान एडीएम सिटी के जरिये रिकार्ड किए जाएंगे और मामले की जांच होगी।

ई बसों के निदेशक डीवी सिंह का कहना है कि 13 परिचालक हैं जिन्हें रूट पर हेराफेरी करते हुए चेकिंग दस्ते में पकड़ा है, ऐसे परिचालकों को नौकरी से हटा दिया गया है। जो नौकरी से हटाए गए हैं, कुछ तो आरोप लगाएंगे।

डॉक्टरों की लेटलतीफी से पोस्टमार्टम फंसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहुंचने का समय 10 बजे है लेकिन कोई 1 बजे से पहले नहीं आता
- भीषण गर्मी में पोस्टमार्टम में अज्ञात शवों की भरमार से फैली सड़ांध

अमृत विचार। प्रचंड गर्मी में 52 थानाक्षेत्रों में बड़ी संख्या में ज्ञात और अज्ञात शव पड़े मिले हैं। अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम हाउस में ढेर लगा है। डीएम के आदेश पर पोस्टमार्टम हाउस में तीन डॉक्टरों के साथ एक को रिजर्व में लगाया गया है। लेकिन डॉक्टर लेट पहुंच रहे हैं। पहुंचने का समय 10 बजे है, लेकिन कोई 1 बजे से पहले नहीं पहुंचता है। रात तक किए जा रहे पोस्टमार्टम के बाद भी पूरी प्रक्रिया नहीं हो पाती। शुक्रवार को दो डॉक्टर समय से नहीं पहुंचे। जिससे लोगों ने हंगामा किया। वहां रखे 22 सड़े गले शवों की सड़ांध से पूरे परिसर में लोगों की हालत खराब है।

पोस्टमार्टम हाउस में शुक्रवार को कांशीराम ट्रामा सेंटर के डॉक्टर आशीष कटियार, डॉक्टर विपुल और बिल्हौर सीएचसी से डॉक्टर पवन कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। विपुल तो तय समय पर पहुंच गए। लेकिन अन्य दोनों डॉक्टरों के दोपहर करीब 1 बजे तक न आने से कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुआ। शवों के साथ आए परिजनों ने हंगामा काटा। पोस्टमार्टम हाउस प्रभारी डॉक्टर नवनीत चौधरी ने खुद कई शवों के पोस्टमॉर्टम किए। लोगों की फार्मासिस्ट दिलीप सचान, नवनीत से तीखी झड़पें हुईं। सड़ांध के कारण लोग मुंह में कपड़ा बांधकर मेट्रो के डिवाइडर पर बैठे रहे।

पोस्टमार्टम हाउस परिसर में लगाया जा रहा टीन शेड। अमृत विचार

नगर निगम ने शुरू कराया कार्य

बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस का नगर आयुक्त जीएन शिवशरणपप्पा ने निरीक्षण किया था। उन्होंने परिसर में हाईमास्ट लाइट, शव लेकर आने वाले लोगों के लिए एक कमरे में दो एसी, दो कूलर, टीनशेड, पानी के लिए सबमर्बिसल लगाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कर्मचारियों ने काम शुरू कर दिया है।

देर से आने वाले पुलिसकर्मियों के लिए भेजा पत्र

पोस्टमार्टम हाउस के प्रभारी डॉक्टर नवनीत चौधरी ने बताया कि जो पुलिस कर्मी अज्ञात शव लेकर मार्चुरी आते हैं। वह नियमानुसार तीन दिन बाद भी समय से नहीं आते। जिसको लेकर तीन से चार बार फोन करके रिमाइंडर कराना पड़ता है। यहां आने के बाद वह लोग फिर गायब हो जाते हैं। सीएमओ डॉ आलोक रंजन को पुलिसकर्मियों की लापरवाही को लेकर पत्र भेजा गया है।

अराजकता के माहौल पर शिकायत मिला आश्वासन

कल्याणपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में अराजकता के माहौल को लेकर दो दर्जन महिलाओं व पुरुषों ने कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक कुशलपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा।

पटेल पवन हिंदुस्तानी के नेतृत्व में दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने ज्ञापन देकर बताया कि आराजी संख्या 234 पीपल के पेड़ के पास प्रतिदिन कोई न कोई घटना नशेबाजों की ओर से की जा रही है। जहां पर बाहर से लोग आते हैं और अंधेरा देखकर शराब पीकर उत्पात मचाते हैं। साथ ही जुआ खेलते हैं और गालियां देते हैं। महिलाओं और पुरुषों ने बताया कि इसी कारण मोहल्ले में रह रहे परिवारों को बहन बेटियों को शाम होते निकलना मुश्किल हो जाता है। आते-जाते लड़कियों पर गलत कमेंट करते हैं। इस संबंध में कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह ने बताया कि समस्याएं दूर की जाएंगी। शाम और रात में पुलिस पेट्रोलिंग करेगी।

पांडु नदी में डूबे किशोरों के शव मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र के मर्दनपुर गांव स्थित पांडु नदी में डूबे दो किशोरों के शव शुक्रवार को साढ़ थानाक्षेत्र में नदी किनारे में मिले। शवों की शिनाख्त दबौली निवासी कृष्णा उर्फ प्रियांशु और आयुष के रूप में हुई। दोनों किशोरों के शव मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

मूलरूप से आजमगढ़, रऊनापार थानाक्षेत्र निवासी सत्य नारायण चतुर्वेदी दबौली में किराए के मकान में परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा कृष्णा उर्फ प्रियांशु (14) अपने दोस्त आयुष (12) निशांत और हिमांशु के साथ मर्दनपुर स्थित एकता पार्क के पास से गुजरी पांडु नदी में नहा रहे थे।

नहाने के दौरान आयुष व प्रियांशु अधिक गहराई में आकर डूब गए थे। शुक्रवार को पनकी पुलिस ने तलाश शुरू कराई, जिसके बाद सुबह करीब 11 बजे साढ़ थानाक्षेत्र में नदी के किनारे झाड़ियों में प्रियांशु का शव फंसा मिला। इकलौते बेटे की मौत की सूचना मिलते ही पिता सत्य नारायण बदहवास हो गए। मां अन्नू व बहन राधा बेसुध होकर गिर पड़ी। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि नदी में डूबे दूसरे किशोर आयुष का शव देर शाम साढ़ के दरगाही पुल के पास मिला। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोई तहरीर नहीं मिली है।

कृष्णा के बिलखते परिजन। पिता मोबाइल पर जानकारी लेते रहे। अमृत विचार

- साढ़ में नदी किनारे मिले दोनों के शव
- गुरुवार दोपहर पांडु नदी में नहाने गए थे चार किशोर

ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से मिला गुमशुदा बच्चा

कल्याणपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में गुम हुआ बच्चा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए कैमरों की मदद से कल्याणपुर पुलिस ने खोज लिया। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया।

इंद्रजीत सिंह निवासी आवास विकास कल्याणपुर ने थाने में आकर सूचना दी थी कि उनका 16 वर्षीय पुत्र कोचिंग से घर वापस नहीं आया है। प्रभारी निरीक्षक कुशलपाल सिंह ने टीम गठित की। जिसके बाद टीम ने थाना क्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए कैमरों की मदद से गुमशुदा बच्चे को कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के पास से सकुशल बरामद कर परिवारजनों को सौंप दिया। इस पर परिजनों ने कल्याणपुर पुलिस को धन्यवाद दिया।

कुलीबाजार में शर्बत बांटा गया। अमृत विचार

शहरकाजी ने गर्मी से बचाने के लिए पिलाया शर्बत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्मी व लू से लोगों को बचाने के लिए शहरी जमीअत उलमा कानपुर की ओर से राहगीरों और इलाकाई लोगों को शर्बत वितरण किया गया।

काजी ए शहर हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी की अध्यक्षता में मस्जिद आयशा कुली बाजार में शर्बत बंटा। इस अवसर पर मौलाना अबुबकर हादी कासमी, मौलाना उमर फारूक हादी कासमी, हाफिज सुफियान अंसारी, शाहनवाज इशाती, हाफिज सैफ कुरैशी, हुसैन जमील मौजूद रहे।

डीसीपी ने लंबित विवेचनाओं को लेकर दिए निर्देश

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पूर्वी जोन के सभी उपनिरीक्षकों जिनका विवेचना निस्तराण खराब रहा है उन सभी के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान डीसीपी ने अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत देते हुए निष्पक्ष ढंग से विवेचना करने व निर्धारित समय सीमा के भीतर विधिक निस्तारण करने के निर्देशि दिए हैं। उन्होंने कहाहै कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि अपराधियों और माफिया के घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया जाए। साथ ही उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **–रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मोह्ल्ल पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शहनाज खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानों अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूँ। यहकि शहनाज खातून व शाहीन बानों दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

NOTICE

I have lost my Ansal Akansha flat property papers like original builder buyer agreement, payment receipts and etc. Sunder Lal Agarwal S/o Mr. PC Agarwal, A 106 South City Raebareily Road Lucknow Ph: 9415007261

सूचना

सूचित हो कि मेरा आधार कार्ड पर नाम उत्तम कुमार अंकित है। जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में उत्तम कुमार त्रिपाठी अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस में भी उत्तम कुमार ही अंकित करें। **–उत्तम कुमार पुत्र राम सिहाते निवासी– ग्राम सिकंदरपुर बहराइच।**

NOTICE

I NIRMALA MISHRA W/O LATE SEP. JAGDISH DUTT MISHRA RESIDENCE 205 VISHNUPURI COLONY CIVIL LINE CITY AND DISTRICT GONDA U.P. DO HEREBY DECLARE THAT MY REAL NAME IS NIRMALA MISHRA NOT NIRMALA DEVI. I WISH TO BE KNOWN AS NIRMALA MISHRA.

सूचना

सूचित हो कि मैं **राधा गुप्ता पत्नी स्व0 राधा रमण गुप्ता, निवासी–ई–4888, राजाजीपुरम लखनऊ** की हूं मेरा पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता है। मैं अपने पुत्र आशीष गुप्ता एवं पुत्रवधु शालिनी गुप्ता व पौत्र विनायक गुप्ता से हैरान परेशान, मार–पीट व गाली गलौज व गलत संगत से दुखी हूँ। सामाजिक मान मर्यादाओं में ध्यान रखते हुए अपने बड़े पुत्र व उसकी पत्नी व उसके बच्चे से समस्त सम्बन्धों को समाप्त करती हूँ। उनके द्वारा भविष्य में किये जाने वाले किसी भी आसमाजिक कृत्य में संलिप्त होने पर व किसी भी लेन–देन के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

सूचित करना है कि निवास प्रमाण पत्र, खतौनी व बैंक खाते में मेरा नाम रेनू देवी पत्नी आत्माराम लिखा है जो सही है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शांती देवी अंकित है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम **रेनू देवी पत्नी आत्माराम निवासिनी अचलपुर तहसील तरबगंज थाना वजीरगंज जिला गोंडा** है

सूचना

सूचित हो कि मैं मानस प्रभा सिंह पुत्री राजकुमार सिंह, निवासिनी–ग्राम व पोस्ट दुधवन, थाना सरेनी तहसील लालगंज जिला रायबरेली पिनकोड–229215, मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम मानस प्रभा सिह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH शुद्ध व सही अंकित है परन्तु त्रुटिवश एलआईसी पॉलिसी बाण्ड में मेरा घरेलू नाम हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH अंकित हो गया है। यहकि मेरा मानस प्रभा सिंह अंग्रेजी में MANAS PRABHA SINGH SINGH व हर्षिता सिंह अंग्रेजी में HARSHITA SINGH दोनो नाम एक ही महिला के है अर्थात् मेरे है मैं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती हूँ।

हेल्थ अलर्ट | हैलट, उर्सला, केपीएम व कांशीराम अस्पताल में पहुंच रहे सैकड़ों मरीज

इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी से बीपी, चक्कर की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी में अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी और पोषक तत्वों का सेवन नहीं कर रहे हैं तो सावधान रहें। इनकी कमी की वजह से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम आदि) की कमी होती है, जिसके बाद गर्मी में लोगों का बीपी कम होने से उनको चक्कर आने व बेहोशी जैसी समस्या हो रही है। सिर व पेट में भी अधिक दर्द होने पर कमजोरी की समस्या हो रही है।

हैलट, उर्सला, केपीएम व कांशीराम संयुक्त अस्पताल में इन दिनों उल्टी, दस्त, सिर में दर्द, चक्कर आना, पेट दर्द, गले में खराश व शरीर में बेहद कमजोरी आदि लक्षण युक्त मरीजों की भीड़ हो रही है। बुधवार और गुरुवार को चारों अस्पतालों में 200 से ज्यादा मरीज इन लक्षण युक्त पहुंचे, जिनमें से 26 मरीजों को भर्ती किया गया। इस संबंध में उर्सला अस्पताल के कार्यवाहक सीएमएस डॉ.बीसी पाल ने बताया कि इलेक्ट्रोलाइट्स, तंत्रिका और मांसपेशियों के कार्य को नियंत्रित करने, शरीर को हाइड्रेट रखने, रक्त अम्लता और दबाव को संतुलित करने के साथ क्षतिग्रस्त ऊतकों के पुनर्निर्माण में मदद करते हैं।

ऐसे में इनमें होने वाला असंतुलन कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकता है। खासकर जब तापमान 45 से 46 डिग्री हो। रक्त में इलेक्ट्रोलाइट्स का स्तर बहुत अधिक या बहुत कम हो सकता है, जिसे असंतुलन कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि दस्त, शरीर में पानी की कमी, आहार में पोषक तत्वों कमी या फिर हृदय रोग या उच्च रक्तचाप के कारण यह दिक्कत हो सकती है। उच्च रक्तचाप व शरीर में पानी की कमी होने से लोगों में समस्या अधिक देखी जा रही है। इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलन की स्थिति में कमजोरी, दौरा पड़ना और हृदय गति में असमानता की समस्या भी हो सकती है। फल और सब्जियां ओआरएस इलेक्ट्रोलाइट्स के अच्छे स्रोत हैं।

40 डिग्री से अधिक तापमान पर होती दिक्कत

विशेषज्ञों के मुताबिक मानव शरीर 35 से 37 डिग्री तक का तापमान बिना किसी परेशानी के सह लेता है। जब तापमान 40 डिग्री से अधिक होने लगता है तो लोगों को परेशानी होने लगती है। अध्ययनों के मुताबिक मानव के लिए 50 डिग्री का अधिकतम तापमान बर्दाश्त करना मुश्किल होता है, इससे ज्यादा तापमान जिंदगी का जोखिम पैदा कर देता है। इसलिए पानी और पोषक आहार का सेवन अधिक से अधिक करने की सलाह दी जा रही है।

इन बातों का ध्यान रखना जरूरी

- संतुलित आहार खाएं, जिसमें इलेक्ट्रोलाइट्स वाले खाद्य पदार्थ शामिल हों।
- खूब पानी पिएं, क्योंकि अधिक तरल पदार्थ पीने से इलेक्ट्रोलाइट्स आपके सिस्टम से बाहर नहीं निकल पाते।
- ओवर-द-काउंटर मूत्रवर्धक दवाओं का अधिक उपयोग न करें।
- नमक का अधिक सेवन न करें। सोडियम एक इलेक्ट्रोलाइट है, पर अधिक सेवन से सिस्टम असंतुलित हो सकता है।
- दिन के सबसे गर्म समय के दौरान तीव्र स्तर के व्यायाम से बचने की कोशिश करें।
- घर के अंदर व्यायाम न करें, खासकर अगर आपको बहुत अधिक पसीना आने लगे।
- जितना हो सके तरल पदार्थ और पोषक आहार का सेवन करें।

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूल भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

40.0⁰	26.6⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 17	सूर्यास्त 07 : 05

शहर में आज

- **कबीर महोत्सव :** कबीर प्रकट दिवस पर कबीर महोत्सव का आयोजन स्टॉक एक्सचेंज सभागार में शाम 6 .30 बजे।
- **गुरमत समागम :** गुरुद्वारा बाबा नामदेव में कबीर और गुरु हरगोविंद के जन्मदिवस पर गुरमत समागम का आयोजन सुबह 9 :30 बजे।
- **शर्बत वितरण :** कानपुर फर्नीचर व प्लाईवुड एसोसिएशन की ओर से शरबत व तुलसी पौध का वितरण लेनिन पार्क चौराह पर दोपहर 12 .30 बजे।

एक नजर

कार पलटी, घायल

कानपुर। नवाबगंज थानाक्षेत्र के बनियापुरवा शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दौरान कार में सवार सभी लोग चुटहिल हो गए। वह खुद ही रिश्तेदारों को बुलाकर अस्पताल चले गए।

वक्फ की जमीन बेचने में एसआईटी गठित

अनवरगंज थाने में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने पूर्व मुतवल्ली समेत 10 पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टीम ने कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए, जिलाधिकारी की जांच में सामने आया था फर्जीवाड़ा

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र के दलेलपुरवा इलाके में वक्फ बोर्ड की 20 करोड़ रुपये की जमीन को पूर्व मुतवल्ली ने फर्जी तरीके से बेच डाला। शिकायत पर जिलाधिकारी ने जांच कराई तो फर्जीवाड़ा सामने आया था। इस पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार ने अनवरगंज थाने में पूर्व मुतवल्ली समेत 10 लोगों के एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में शुक्रवार को जांच एसआईटी को सौंपी गई। टीम ने कुछ दस्तावेज को अपने कब्जे में ले लिया।

दलेलपुरवा में वक्फ बोर्ड की पांच हजार वर्गमीटर की संपत्ति है। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी 2001 से 2024 तक मुतवल्ली शादाब खान की थी। छह मई को नए मुतवल्ली बने मोहम्मद वसीम ने वक्फ संपत्ति का कार्यभार लिया। उन्हें वक्फ की जमीन फर्जी तरीके से बेचे जाने की जानकारी हुई तो जिलाधिकारी से शिकायत की। इसके बाद जिला अल्पसंख्यक अधिकारी व वक्फ इंस्पेक्टर ने जांच की। जांच में पाया कि आराजी संख्या 1053, 1054 की 1254 वर्गमीटर जमीन पहले अपने नाम खरीदना दिखाया। इसी आधार

पर 89/208 बेबीज कंपाउंड, दलेलपुरवा की 1974.69 वर्ग मीटर के चार इकरारनामे तथा 236.138 वर्गमीटर भूमि के दो बैनामे कर कुल 2210.828 वर्ग मीटर जमीन बेच दी है। मुतवल्ली शादाब खान ने दलेलपुरवा की वक्फ संपत्ति को इंद्रानगर की एक संपत्ति से बदलने का प्रस्ताव तैयार करके वक्फ बोर्ड भेजा था। बोर्ड के मई 2003 में जमीन बदलने के आर्डर को दफा 37 के रजिस्टर में 2008 में चढ़ाया गया। फिर जमीन को बदलने का आदेश 2010 में खारिज कर दिया गया। इस बीच शादाब ने फर्जीवाड़ा कर जमीन बेच डाली। फर्जीवाड़ा मिलने पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने अनवरगंज थाने में पूर्व मुतवल्ली समेत 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हेराफेरी कर खड़ी कर दीं इमारतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर। वक्फ की बेशकीमती जायदाद में वन टू का फोर करके तमाम लोग करोड़पति बन गए। वक्फ की जायदाद को खुर्द-बुर्द होते देखकर ही मुसलमानों ने वक्फ करना छोड़ दिया है। प्रदेश का शायद ही कोई जिला होगा, जहां वक्फ संपत्ति में हेराफेरी नहीं की गई हो। वक्फ की कीमती जमीनों पर सारा खेल भूमाफिया और वक्फ बोर्ड की मिलीभगत से अंजाम दिया जाता है।

- सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड ने मुतवल्ली के खेल में फंसा दी अरबों की जायदाद

यूपी में शिया समाज की अधिकतर जायदादों को शिया वक्फ बोर्ड ने विवादित बना दिया है। सैकड़ों की संख्या में मामले अदालत में विचाराधीन हैं।

उत्तर प्रदेश के शिया वक्फ बोर्ड में जब वसीम रिजवी (अब जितेंद्र त्यागी) चेयरमैन थे तो वक्फ जायदाद के कई मामले सामने आये थे जिस पर शिया मौलाना कल्बे जव्वाद और वसीम रिजवी के मध्य कई साल तक अदावत चलती रही और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला।

शिया वक्फ जायदाद में गड़बड़ी को लेकर सीबीआई जांच भी चल रही है। इसी प्रकार सुन्नी वक्फ बोर्ड के माध्यम से वर्षों से मस्जिद के मुतवल्ली, मकानों के मुतवल्ली, स्कूल, कालेज व अन्य भवनों में कई कई मुतवल्ली बना दिए, इसके चलते अधिकांश संपत्ति विवादित हो गई हैं। दस-दस साल से लोग मुकदमा लड़ रहे हैं लेकिन कोई फैसला नहीं आ रहा है। हलीम कालेज भी वक्फ की संपत्ति है, इस संपत्ति पर कई लोग दावेदार हैं। बीते तीन दशक से इस संपत्ति पर हक जताने वाले कोर्ट की शरण में हैं। इन हालात में मुसलमानों ने वक्फ करना छोड़ दिया है, अब इक्का दुक्का लोग ही वक्फ करते हैं। वक्फ की करोड़ों की जमीन कब्जों का शिकार हैं।

मुसलमानों ने कम किया जायदाद वक्फ करना

पुण्य कमाने के लिए तमाम ऐसे करोड़पति मुसलमान हैं जो अपनी जायदाद वक्फ कर देते हैं ताकि उनके मरने के बाद उन्हें सवाब (पुण्य) मिलता रहे। वक्फकर्ता कभी किसी मस्जिद, मदरसा, यतीमखाना को अपनी जायदाद यह सोचकर वक्फ कर देता है कि इसका सवाब मरने के बाद उसे मिलता रहेगा। कुछ लोग अपनी जायदाद वक्फ करके उसका मुतवल्ली परिवार के किसी सदस्य को बना देते हैं, इस वक्फ को अलल औलाद वक्फ कहा जाता है, इस वक्फ में परिवार दर परिवार मुतवल्ली बदलते रहते हैं, इसमें बाहर का कोई शख्स मुतवल्ली नहीं बन सकता है।

बिल्डर और मुतवल्ली कर लेते वक्फ प्रापर्टी का सौदा

- वक्फ प्रापर्टी के मुतवल्ली से अधिकतर मामलों में बिल्डर समझौता कर लेते हैं। इसमें तय होता है कि जो बिल्डिंग बनेगी और उसमें जितने भी फ्लैट बनेंगे, उसमें आधे-आधे फ्लैट बिल्डर और मुतवल्ली ले लेंगे। वक्फ संपत्ति के बदले किसी वीरान जगह पर कम कीमत में निष्प्रयोज्य जमीन खरीदकर उसे वक्फ में अंकित करा दिया जाता है। पिछले कुछ समय में हेराफेरी के ऐसे कई मामले सामने आए हैं और ऐसे लोगों के खिलाफ जिलाधिकारी के माध्यम से जांच कराने के साथ ही एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। ताजा मामला बेबीस कंपाउंड का है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक से पुलिस ने की पूछताछ

फर्जी शिक्षक भर्ती मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसीपी कर्नलगंज की अगुवाई में एसआईटी पहुंची मंडल कार्यालय
- गिरफ्तारी के लिए प्रयागराज और मिर्जापुर भेजी गई पुलिस की टीमें

अमृत विचार। फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज महेश कुमार की अगुवाई में एसआईटी संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल कार्यालय पहुंची। टीम ने संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी से शिक्षक भर्ती और भर्ती चयन बोर्ड से आने वाली ई-मेल के सत्यापन की प्रक्रिया समझी। टीम ने करीब एक घंटे तक संयुक्त शिक्षा निदेशक से पूछताछ की। प्रकरण में दो और लोगों के नाम सामने आने के बाद टीम के सदस्यों को उनकी धरपकड़ के लिए प्रयागराज और मिर्जापुर रवाना कर दिया गया।

फर्जी शिक्षक भर्ती मामले में कर्नलगंज थाने में नौ लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार की अगुवाई में एसआईटी मामले की विवेचना कर रही है। मास्टरमाइंड पिता-पुत्र समेत सात लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है। टीम दो पूर्व डीआईओएस और कई लिपिकों से पूछताछ के अलावा चुन्नीगंज स्थित डीआईओएस व रमसा (जिला परियोजना अधिकारी शिक्षा अभियान) कार्यालय जाकर जांच की थी। दो रजिस्टर कब्जे में लिए थे। शुक्रवार को एसआईटी जांच में संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला प्रकाश में आने पर जांच राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य को सौंपी थी। उनके जांच से इंकार करने पर उन्होंने खुद प्रकरण की जांच की थी। तत्कालीन डीआईओएस से पूछा था कि शिक्षक भर्ती चयन बोर्ड से आए ई-मेल की जांच, अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कराए बिना ही नौ अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र कैसे जारी कर दिए गए। इस पर पूर्व डीआईओएस ने ठीकरा लिपिकों पर फोड़ दिया था। संयुक्त शिक्षा निदेशक से पूछताछ के साथ ही अब तक की जांच में दो और लोगों के नाम सामने आए हैं, जो मास्टरमाइंड पिता-पुत्र के संपर्क में रहकर शिक्षक भर्ती में खेल करते थे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जिन दो लोगों के नाम और सामने आए हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें भेजी गई हैं।

कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन व नारेबाजी करते कांग्रेसी। अमृत विचार

प्रदर्शनकारियों की पुलिस से धक्का-मुक्की, नारेबाजी-हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नीट और एनटीए में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन
- पुतला दहन के बाद डीएम कार्यालय में घुसने से पुलिसकर्मियों ने रोका तो भिड़ गए कार्यकर्ता
- कलेक्ट्रेट का मुख्य चैनल बंद कर आवागमन रोका, एडीएम सिटी की भी नहीं सुनी

अमृत विचार। नीट का पेपर लीक और परीक्षा कराने वाली एनटीए संस्था में भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में माहौल गरमाया रहा। कई संगठनों ने धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की। एबीवीपी सदस्यों ने कलेक्ट्रेट गेट के पास पुतला फूंका। जबरन डीएम कार्यालय में घुसने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों से तीन बार धक्का-मुक्की हुई। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट का चैनल बंद कर दिया। एडीएम सिटी से भी अभद्रता की। आखिरकार डीएम ने बुलाकर ज्ञापन लिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के दो दर्जन कार्यकर्ता शुक्रवार दोपहर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। एनटीए संस्था का पुतला फूंकने के बाद कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया और भीड़ के साथ डीएम को ज्ञापन देने के लिए अंदर जाने लगे, तभी पुलिसकर्मियों ने रोक लिया।

गेट बंद देख पीछे से गए एडीएम न्यायिक

- एबीवीपी के कार्यकर्ता जब कलेक्ट्रेट का चैनल बंद कर प्रदर्शन कर रहे थे, इसी बीच एडीएम न्यायिक सूरज यादव पहुंचे। गेट बंद कर बैठे कार्यकर्ताओं को देखकर उन्हें अंदर जाने का रास्ता नहीं मिला तो उन्हें दूसरे रास्ते से अंदर जाना पड़ा।

इस पर कार्यकर्ताओं ने जबरन डीएम कार्यालय में घुसने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों से तीन बार धक्का-मुक्की की। इस पर अतिरिक्त फोर्स बुलाया गया। एबीवीपी कार्यकर्ता गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

उन्होंने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट का चैनल बंद कर दिया। जिससे कोई बाहर या अंदर नहीं जा सका। एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार गेट पर पहुंचे और खुद का परिचय देते हुए समझाने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ता उनसे बात करने को ही तैयार नहीं हुए। वापस जाने को कह दिया। कहा वह सिर्फ डीएम को ज्ञापन देंगे। कार्यकर्ता एडीएम सिटी से अभद्रतता वाले लहजे में बात करते रहे। डीएम राकेश कुमार सिंह ने पांच लोगों को ज्ञापन देने के लिए अंदर बुलाया तो कार्यकर्ता फिर नारेबाजी करने लगे, कहा कि वह सभी लोग अंदर जाएंगे। आखिरकार कार्यकर्ताओं की बात मानी गई और सभी ने अंदर जाकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन पढ़कर सुनाया। जिसमें मांग किया कि नीट में पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। परीक्षा कराने वाली एनटीए संस्था के सभी प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई हो। एनटीए को तत्काल बंद कर भारत सरकार व शिक्षा मंत्रालय की देखरेख में नई परीक्षा एजेंसी बनाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में पपेरलीक नहीं होगा। पेपर लीक जैसी समस्या से निपटने के लिए कठोर कानून बनाया जाए। इस मौके पर एबीवीपी के महानगर मंत्री मेचंका पासवान, अजय दुबे, वैभव, सुधांशु, आशुतोष तिवारी, माधव राजपूत, अमित शुक्ला, जीशान, फैजान, प्रांजुल व सानुज तिवारी आदि रहे।

डीएम आफिस में पुलिस से धक्का-मुक्की तथा एडीएम सिटी से झड़प करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

परीक्षा रद कर फिर कराई जाए:कांग्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर नगर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने नीट में गड़बड़ी को लेकर कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने मांग की कि नीट रद्द करते हुए फिर से परीक्षा कराई जाए। जिलाध्यक्ष अमित पांडेय एडवोकेट ने कहा कि पेपर लीक की जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक कमेटी से कराई जाए। पेपर लीक में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नीट निरस्त करते हुए एक माह के अंदर परीक्षा कराई जाए। परीक्षार्थियों के सेंटर पहुंचने की व्यवस्था कराई जाए। ओएमआर सीट और फाइनल स्कोर कार्ड में अलग-अलग मार्क्स हैं। ऐसी स्थिति में रिजल्ट को रीइवैल्यूएट किया जाए। एक ही सेंटर पर 6 विद्यार्थियों ने आल इंडिया रैंक हासिल की है, इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो। उन पर देशद्रोह जैसी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, शीलू दुबे, हीरालाल निषाद, चमनलाल, वीरेंद्र चतुर्वेदी, सुजीत यादव, राजू कश्यप, मो. कलीम, मदीना बेगम, पार्षद मो. इरफान आदि मौजूद रहे।

बदहाल ग्रीनपार्क स्टेडियम में टूटी हैं कुर्सियां। अमृत विचार

ग्रीन पार्क में सुविधाओं का विकास होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक और अंतरराष्ट्रीय मैच मिलने की जगी है उम्मीद
- अफगानिस्तान की टीम यूपी में खेलना चाहती है मैच

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम को जुलाई-अगस्त माह में एक और अंतरराष्ट्रीय मैच मिल सकता है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की टीम ने अंतरराष्ट्रीय सीरीज को यूपी में कराने की अपील की थी। उन्हें ग्रीनपार्क या नोएडा स्टेडियम में यह सीरीज कराने को स्वीकृति दे दी है। जल्द ही यहां मरम्मत का काम भी शुरू किया जाएगा।

बीसीसीआई ने गुरुवार को भारत और बांग्लादेश के एक टेस्ट मैच की मेजबानी ग्रीनपार्क को सौंपी है। यह मैच 27 सितंबर से खेला जाएगा। यह पहला मौका है जब बांग्लादेश टीम कानपुर में खेलेगी। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि अफगानिस्तान की टीम ने अपनी अंतरराष्ट्रीय सीरीज को यूपी में कराने की अपील की थी। इस पर ग्रीनपार्क या नोएडा स्टेडियम में सीरीज कराने की स्वीकृति दी है। यह सीरीज अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच जुलाई व अगस्त माह में होगी। अफगानिस्तान की टीम लखनऊ के इकाना स्टेडियम व देहरादून में क्रिकेट सीरीज खेल चुकी है। स्टेडियम में अभी कुर्सियां टूटी हैं। बॉक्स के कांच टूटे हैं। उनकी मरम्मत का काम जल्द शुरू होना है। स्टेडियम में पवेलियन की कुर्सियां, बॉक्स आदि जर्जर होने की वजह से ही यहां मैच नहीं मिल पा रहे थे। यही वजह है कि सुविधाओं के विकास की तैयारी की जा रही है।

बॉक्स के टूटे शीशे। अमृत विचार

स्टेडियम में उखड़े पत्थर।

बदली से लुढ़का अधिकतम पारा अब बारिश का मजा जल्द

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सामान्य से 2 डिग्री ऊपर 40 डि.से. पर पहुंचा पारा

अमृत विचार। बदली और सूरज की आंख मिचौली से बीते सप्ताह की तुलना में पारा लुढ़का है। सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से गर्म कानपुर मंडल को अभी पूरी तरह से राहत नहीं मिली है। मौसम विभाग जल्दी ही बारिश की संभावना जता रहा है।

दिन में बदली के चलते अधिकतम तापमान बीते सप्ताह 45 डिग्री की तुलना में ज्यादा ऊपर नहीं गया लेकिन बृहस्पतिवार की तुलना में 1.8 डि.से. ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू कश्मीर और आस-पास के इलाकों में समुद्र तल से 3.1 से 5.8 किलोमीटर ऊपर एक ट्रफ के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। बिहार के कुछ हिस्सों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। कानपुर मंडल में शनिवार को तेज हवा के बीच बारिश की संभावना मौसम विभाग जता रहा है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील दुबे ने बताया कि अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री ऊपर चढ़कर 40 डि.से. दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। न्यूनतम तापमान 0.7 डि.से. नीचे गिरकर 26.6 डि.से. दर्ज हुआ। मौसम में नमी का स्तर भी बढ़ा है। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के साथ ही आंधी एवं गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं।

यह तापमान रहने की संभावना		
तिथि	अधिकतम	न्यूनतम
22 जून	37 डि.से.	30 डि.से.
23 जून	36 डि.से.	31 डि.से.
24 जून	35 डि.से.	30 डि.से.

बेकरी व पाक कला में डिप्लोमा करें

कानपुर। राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र में कैनिंग एवं खाद्य संरक्षण, बेकरी एवं कन्फैक्शनरी व पाक कला (कुकरी) के अलग-अलग तीन डिप्लोमा कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 1 जुलाई है। प्रत्येक कोर्स का शुल्क 15 सौ रुपये है। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि 80 फिट रोड स्थित संस्थान में कैनिंग एवं खाद्य संरक्षण कोर्स में विज्ञान, कृषि व गृह विज्ञान से 50 फीसदी अंकों के साथ इंटर पास का प्रवेश लिया जाता है। पाक कला तथा बेकरी एवं कन्फैक्शनरी कोर्स में किसी भी संकाय में 50 फीसदी अंकों के साथ इंटर पास को प्रशिक्षण दिया जाता है। महिला अभ्यर्थियों के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है।

दिल्ली के मौसम में फंसा विमान, पांच घंटे लेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दोपहर 1.30 बजे के बजाय शाम 6 बजे कानपुर पहुंचा
- एयरपोर्ट अथारिटी ने यात्रियों को नाश्ता और खाना दिया

अमृत विचार। दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण कानपुर आने वाला विमान शुक्रवार को पांच घंटे देरी से पहुंचा जिससे यात्रियों को परेशानी हुई।

दिल्ली से उड़ान भरकर दोपहर 1.30 बजे विमान कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर लैंड करता है। शुक्रवार को इस विमान से यात्रा करने वाले यात्री दिन 11.30 बजे एयरपोर्ट पहुंच गए क्योंकि चेकिंग के बाद ही यात्रियों को इंट्री मिलती है। ये विमान दोपहर 2 बजे कानपुर से उड़ान भरता है लेकिन विमान दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण देरी से उड़ा। ये विमान दोपहर 1.30 बजे के बजाय शाम 6 बजे कानपुर पहुंचा। विमान का इंतजार करने रहे यात्रियों ने नाराजगी जताई तो एयरपोर्ट अथारिटी की ओर से यात्रियों के नाश्ता व खाने की व्यवस्था की गई। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक संजय कुमार का कहना है कि कानपुर में कोई दिक्कत नहीं थी, दिल्ली में ही मौसम खराब होने के कारण विमान लेट हुआ।

गुड न्यूज एक ही छत के नीचे एमआरआई, एक्सरे के साथ होंगी सभी तरह की जांचें , पावर ग्रिड कॉरपोरेशन व मेडिकल कॉलेज के बीच हुआ करार

हैलट में बनेगा प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक हब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसआर फंड से लैब बनाने के लिए पावर ग्रिड देगा 10.32 करोड़ रुपये
- डायग्नोस्टिक हब का काम 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का रखा लक्ष्य

अमृत विचार। हैलट में जल्दी ही एक छत के नीचे सभी तरह के रोगों की जांच उपलब्ध होगी। इसके लिए इमरजेंसी के पास प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक हब बनाया जाएगा। इस संबंध में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बीच समझौता हुआ है। पावर ग्रिड सीएसआर फंड के तहत लैब बनाने के लिए 10.32 करोड़ रुपये देगा।

हैलट अस्पताल में आने वाले मरीजों को अभी जांच कराने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान तक दौड़ लगानी पड़ती है। यूजर चार्ज जमा करने के लिए तीसरी जगह जाना पड़ता है। इससे तीमारदारों के साथ मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी समस्या का समाधान करने के लिए प्राचार्य ने डायग्नोस्टिक हब बनाने की पहल करते हुए जगह चिह्नित की थी। शुक्रवार को इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक जग विजय सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। प्राचार्य ने बताया कि यह प्रदेश का पहला डायग्नोस्टिक लैब हब होगा, जहां एक छत के नीचे सभी प्रकार की विशिष्ट और जटिल जांचों की सुविधा मिलेगी। पावर ग्रिड के महाप्रबंधक जग विजय सिंह ने बताया कि हैलट में डायग्नोस्टिक हब निर्माण के साथ ही कंपनी दिल्ली, पटना एम्स में भी स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने पर काम करेगी। इस दौरान पावर ग्रिड के डीजीएम वेद प्रकाश रस्तोगी, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, डॉ.यशवंत राव, डॉ.महेंद्र सिंह, रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा व डॉ.सीमा द्विवेदी उपस्थित रहे।

समझौते की जानकारी देते प्राचार्य प्रो .संजय काला व पावर ग्रिड कारपोरेशन के महाप्रबंधक जग विजय सिंह। अमृत विचार

इमरजेंसी के सामने बनेगी तीन मंजिला लैब

हैलट इमरजेंसी के सामने जहां अभी रैन बसेरा है, उसे ध्वस्त करके तीन मंजिला डायग्नोस्टिक लैब का निर्माण कराया जाएगा। बेसमेंट में रेडियोलॉजी की सुविधा, ग्राउंड फ्लोर पर सैंपल कलेक्शन कक्ष, प्रथम तल में सभी प्रकार की जांचों की सुविधा और द्वितीय तल पर लैब टेक्नीशियनों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। लैब का काम 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पावर ग्रिड का पीआईसीयू बच्चों के इलाज में वरदान

प्रो . यशवंत राव ने बताया कि वर्ष 2022 में पावर ग्रिड ने सीएसआर फंड से बाल रोग विभाग में 35 बेड के पीआईसीयू का निर्माण कराया था। अब तक यहां पर 3500 बच्चे भर्ती किए जा चुके है। यहां लगे वेंटिलेटर 24 घंटे क्रियाशील रहते हैं। निजी अस्पतालों में पीआईसीयू की सुविधा के लिए लोगों को 30 से 50 हजार रुपये खर्च करने पड़ते हैं।

अवैध मौरंग मंडी शिफ्ट करने पर बवाल ग्रामीणों ने पथराव कर तोड़ीं गाड़ियां

पनकी में भारी संख्या में सड़क पर उतरे पुरुष और महिलाएं, पुलिस ने संभाला मोर्चा

सड़क पर हंगामा कर रही महिलाओं को समझाती पुलिस। अमृत विचार

सड़क किनार लगे टट्टरों को तोड़ती जेसीबी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र में अवैध मौरंग मंडी को कालपी रोड के दोनों छोर से पुलिस ने हटाकर दूसरी जगह न्यू ट्रांसपोर्ट नगर फेज बदुआपुर गांव के पास शिफ्ट किया तो ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। जिस पर उन लोगों ने इस बात का विरोध कर जमकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। सैकड़ों की संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर सड़क पर आ गए और पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान हाईवे से निकलने वाली कई गाड़ियां को क्षतिग्रस्त कर दिया। बवाल और हंगामे की सूचना पर आसपास थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और रात तक लोगों को समझाने में जुटा रहा।

बदुआपुर गांव के पास मौरंग मंडी को एसीपी पनकी टीबी सिंह के निर्देश पर ट्टटरों को जेसीबी से तोड़ कर मौरंग मंडी को शिफ्ट किया गया। गांव में डंपरों से मौरंग भरने के लिए गाड़ियों की लाइनें लग गईं। इस पर ग्रामीणों का पारा चढ़ने लगा। भड़के ग्रामीणों ने मौरंग लेकर पहुंचे वाहनों पर पथराव कर दिया। जिसमें दो लोगों के घायल होंने की सूचना है।

मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने पर ग्रामीण उनसे भी उलझ गए। ग्रामीणों का कहना था कि क्या पुलिस अपनी मनमानी करती रहेगी अभी तक एटूज कूड़ा प्लांट से परेशान थे अब मौरंग मंडी में आने वाले वाहनों से कैसे अपने बूढ़े बच्चों को बचाएंगे। बदुवापुर निवासी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को यहां पर मौरंग मंडी लगाने से पहले बदुवापुर के लोगों से बातचीत करनी चाहिए थी। यह तो पुलिस की मनमानी कोई कहने सुनने वाला ही नहीं बचा है। ग्रामीणों ने कहा कि चाहे कुछ भी हो मौरंग मंडी को गांव के पास नहीं लगने दिया जाएगा।

पनकी के न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में कालपी रोड के किनारे लंबे समय से अवैध मौरंग मंडी लग रही है। जिसके चलते कालपी रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। जिसे देखते हुए पुलिस ने मंडी को बदुआपुर गांव के पास खाली पड़े पार्क पर शिफ्ट कर दिया। शुक्रवार शाम सभी मंडी संचालक पुलिस ने बताई गई जगह पर अपनी अपनी गाड़ियों से मौरंग उतारने पहुंचे, जहां पहले से लाठी डंडों के साथ सैकड़ो की संख्या में मौजूद ग्रामीण महिला व पुरुषों ने मंडी स्थानांतरण को लेकर विरोध करना शुरू कर दिया। ग्रामीण देखा की मौरंग मंडी वाले जब माल उतरता बंद नहीं कर रहे हैं, तो गमीणों ने पथराव कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे डीसीपी विजय ढुल ने ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण गांव के पास मंडी ना लगे देने की बात पर अड़ गए। ग्रामीणों के अनुसार मंडी लगने वाली जगह पर उनके बच्चों व बुजुर्गों पर जान का खतरा बन जाएगा। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर जालिम सिंह, रवि राजपूत, अजय राजपूत, अशर्फी लाल, मुन्नी देवी, विमला देवी व सावित्री देवी समेत सैकड़ों की सख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल ग्रामीणों को शांत करा दिया गया है। उच्च अधिकारियों से निर्देश मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आंधी न बारिश हवा चलने से ही बिजली गुल

कानपुर। हवा चलने पर ही शुक्रवार को कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। पनकी, दहेली सुजानपुर, आनंगबाग, यशोदा नगर, नौबस्ता, कल्यानपुर समेत आदि क्षेत्रों में बिजली संकट रहा। भन्नानापुरवा में सुबह नौ बजे से 11 बजे, सकेत नगर, मानस विहार व भैरमपुर में आरडीएसएस के कार्य की वजह से सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली नहीं रही। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक लाइनमैन के साथ दुर्घटना होने के कारण एलएएल मानस विहार फीडर की आपूर्ति सुबह आठ बजे से 11 बजे तक और एचटी जंपर क्षतिग्रस्त होने पर सुबह छह बजे से करीब आठ बजे तक गुलमोहर फीडर की बिजली नहीं थी।

उप परिवहन आयुक्त के चेंबर में आग लगने से मची अफरातफरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। संभागीय परिवहन कार्यालय स्थित उप परिवहन आयुक्त के चेंबर में एसी के शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे वहां अफरातफरी मच गई। ये घटना सुबह 10.25 बजे की है।

शुक्रवार को सुबह उप परिवहन आयुक्त कार्यालय में आकर बैठे, उनका एसी ऑन किया गया तो शार्ट सर्किट से बिजली का तार टूटकर टेबल पर गिर गया और वहां आग लग गई। कर्मचारियों ने मौजूद संसाधनों से आग बुझाना शुरू किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था।

वकीलों के बस्ते में लगी आग

कानपुर। कचहरी परिसर में वकीलों के बस्ते में दोपहर 3 बजे आग लग गई। लाटूश रोड अग्निशमन केंद्र से एफएसएसओ कैलाश चंद्रा एक दमकल गाड़ी के साथ मौके पर पहुंचे। वकीलों के चेंबर की छत पर पेड़ों की पत्तियों और केबल आदि में आग लगी थी। जिसे दमकल ने बुझा दिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

फलों की दुकान में आग से जला सामान

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र के भगवंतपुर के रहने वाले जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थन पत्र में बताया कि उसकी किसान नगर रोड पर फल की दुकान है। दुकान पर रात में गांव के ही रहने वाले साथी रामू, पंकज, चंद्र प्रकाश और जगबीर अपने ठेले खड़ा करते हैं। गुरुवार देर शाम दुकान में आग लगने से साथियों के ठेले और दुकान का सारा सामान जल गया। आसपास के लोगों ने मशक्कत कर आग बुझाई लेकिन सारा सामान जल चुका था। जितेंद्र ने पड़ोसी टेंट संचालक शादाब खान पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर दी। इस संबंध में सचेंडी थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस की पीआरवी और कुछ लोग खड़े थे। शादाब के विरुद्ध शांति भंग में चालान किया गया है।

संपत्ति के विवाद में पिता ने बेटे का कत्ल किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मकान बेचना चाहता था पिता, बेटा करता था विरोध
- पुलिस को घटना में भाइयों की नहीं मिली संलिप्तता

अमृत विचार। हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के आशा नगर निवासी कारपेंटर सुभाष को उसके पिता ने ही संपत्ति के विवाद में मौत के घाट उतारा था। पुलिस के मुताबिक पिता काफी समय से घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

मूलरूप से बिल्हौर, राधन गांव निवासी राकेश विश्वकर्मा बड़े बेटे सुभाष विश्वकर्मा (45) व उसकी पत्नी नंद कुमारी के साथ आशा नगर में रहता है, जबकि उसके दो बेटे नीरज व सुधीर घर से कुछ दूरी पर ही किराए के मकान में रहते हैं। 16 जून को नंद कुमारी अपने बच्चों अंकित (15) व खुशबू (12) के साथ फतेहपुर, जहानाबाद स्थित मायके गई हुई थी। बुधवार रात राकेश व सुभाष छत पर सोने गए थे, बारिश होने पर नीचे आ गए। राकेश ने बताया था कि बारिश बंद होने के बाद वह दोबारा छत पर सोने चला गया था, जबकि बेटा नीचे कमरे में सो रहा था। गुरुवार सुबह वह नीचे आया तो कमरे में बेटे का रक्तरंजित शव पड़ा हुआ था। मृतक की पत्नी ने ससुर राकेश व देवर नीरज व सुधीर पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया था। पुलिस ने हत्यारोपियों से कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो राकेश टूट गया। राकेश के मुताबिक वह मकान बेचना चाहता था, लेकिन सुभाष विरोध करता था, जिस कारण उससे विवाद होता था। वह काफी दिनों से बेटे की हत्या की योजना बना रहा था।बहू के मायके जाने के बाद उसने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि आलाकत्ल की तलाश की जा रही है, मृतक के भाइयों की कोई संलिप्तता नहीं मिली है।

ताबड़तोड़ किया प्रहार, सिर पर मिलीं 6 चोटें

शुक्रवार को सुभाष के शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें सिर पर 6 चोटों की पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सिर पर किसी भारी वस्तु से ताबड़तोड़ प्रहार किया गया है। घटना को देर रात को ही अंजाम दिया गया, क्योंकि गुरुवार सुबह तक शव अकड़ गया था।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र की घटना पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- रिटायर्ड सैन्यकर्मी को साढ़े तीन लाख का चूना लगाया

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर एक फर्जी कपंनी में पंजीकरण कराकर साढ़े तीन लाख रुपये निवेश करा लिए। जब पीड़ित खाते से रुपये निकालना चाहा तो उसे ठगी का पता चला। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जिला मैनपुरी के मनिगांव किशनी गौड़ा गांव निवासी राजपाल सिंह बघेल सेना से सेवानिवृत्त हवलदार हैं। वह श्याम नगर में रहते हैं। मित्र के कहने पर एक निवेशक ने एचडीएफसी सिक्योरिटी कंपनी में उनका पंजीकरण कराते हुए उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजा और एप को डाउनलोड करने की बात कही। एप डाउनलोड करने के बाद उन्होंने पांच बार में साढ़े तीन लाख रुपये निवेश कर दिए। पीड़ित ने जब खाते में रुपये निकालने चाहे तो वह नहीं निकले। पता चला कि वह एप फर्जी था और उनके साथ ठगी हुई है। यह बात जब उन्होंने अपने मित्र को बताई तो उन्हें भी ठगी का पता चला। पीड़ित ने मामले की शिकायत चकेरी पुलिस और साइबर सेल से की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की साइबर सेल से मदद ली जा रही है।

ट्रेनों में चेकिंग कर 273 को दबोचा

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर 20 ट्रेनों में औचक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें अनियमितता से यात्रा करने वाले 273 को दबोचा गया। अधिकारियों ने जुर्माना वसूला। डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह के निर्देश पर एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने आरपीएफ व रेलवे अधिकारियों के साथ चेकिंग ट्रेनों में चेकिंग की। एसीएम ने बताया अलग-अलग प्लेटफार्मों पर आने वाली 20 ट्रेनों में चेकिंग की गई। पेंट्रीकार, महिला व दिव्यांग कोचों में भी जांच की गई। टीम ने गंदगी, अनाधकृित यात्रा, अवैध वेडिंग और बिना टिकट के यात्रा में 273 लोगों को पकड़ा। इसमें बिना टिकट के यात्रा करते दरोगा व सिपाही भी शामिल हैं। इन सभी से 1,79,900 रुपये वसूल गया। इसके साथ ही टिकट लेकर यात्रा करने और मोबाइल एप से जनरल टिकट लेने के लिए जागरूक किया गया।

फजलगंज व दादानगर में नाला सफाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उद्यमियों ने अधिकारियों के साथ बैठक में उठाई थी समस्या
- औद्योगिक क्षेत्रों से कूड़े के ढेर भी हटाए गए

अमृत विचार। औद्योगिक क्षेत्र दादा नगर व फजलगंज में शुक्रवार से नाला सफाई शुरू हो गई। उद्यमियों ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में नाला सफाई नहीं होने से बरसात में फैक्ट्रियों में जलभराव होने पर नुकसान होने की आशंका जताई थी।

नगर निगम की टीम ने सबसे पहले फजलगंज में अभियान चलाकर नाला सफाई की। औद्योगिक यूनिटों के बाहर बजबजाती नालियों को साफ किया गया। नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। औद्योगिक क्षेत्र में एकत्र कूड़े के ढेर भी हटाए गए। दादा नगर में भी निगम की टीम ने नाला सफाई की। गुरुवार को उपायुक्त उद्योग कार्यालय में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने नगर निगम के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में औद्योगिक इलाके में नाला सफाई का मुद्दा उठाया था। उद्यमियों बलराम नरूला, शिव कुमार गुप्ता, देव दुग्गल के अलावा लघु उद्योग भारती के राजेंद्र गुप्ता ने बरसात में तैयार माल और मशीनें खराब होने की आशंका जताई थी।

दादानगर में नाला सफाई करते नगर निगम कर्मचारी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कार्रवाई करने पर दरोगा को जूते से मारने की धमकी

कानपुर। कमिश्नरेट के थाना नरवल से एक दरोगा के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। जहां तैनात दरोगा ने एक युवक पर शांतिभंग में कार्रवाई की। इस पर आरोपी ने उन्हें धमकी दे डाली। आरोपी ने दरोगा को जूतों से मारने तक की बात कही। जिस पर दरोगा ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नरवल थाने में तैनात दरोगा लक्ष्मण के अनुसार कुछ दिन पहले उन्होंने सवायजपुर गांव निवासी राधेलाल के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। 17 जून को एक नंबर से दोपहर 2 बजे करीब फोन आया। बात कर रहे युवक ने खुद को सत्यम दीक्षित बताया और गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। आरोप है, कि आरोपी ने कहा कि कचहरी आओ जूतों से मारते हैं तुम्हें। इसके साथ ही आरोपी ने अनावश्यक दबाव बनाना चाहा। दरोगा के अनुसार इससे उसके मान सम्मान को ठेस पहुंची है। आरोपी कुछ भी करने की धमकी दे चुका है। आरोपी के कृत्य से सरकारी कार्य बाधित हुआ है। इस संबंध में नरवल थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया दरोगा की तहरीर पर धमकी, सरकारी कार्य में बाधा व गाली-गलौज संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांचकर कार्रवाई की जा रही है।

कर्जदार का आया फोन, अकाउंटेंट ने दे दी जान

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र में कर्जदार से परेशान होकर अकाउंटेंट ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच शुरू की। गंगागंज निवासी 30 वर्षीय मनीष द्विवेदी टाटमिल स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप में अकाउंटेंट थे। वह पत्नी ज्योति, दो बेटियां काव्या और शौर्या के साथ गंगागंज में रहते थे। जबकि मां रेखा द्विवेदी, छोटा भाई अंकित उर्फ आशीष व छोटी बहन दुर्गा अलग रतनपुर में रहते हैं। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात को खाना खाने के बाद वह कमरे में चले गए थे। जहां भोर पहर दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटक कर जान दे दी। शुक्रवार तड़के पत्नी ने शव फंदे पर लटकता देख परिजनों व पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार मनीष पर कुछ लोगों का रुपया उधार था। जिस पर वह लोग उस पर दबाव बनाते थे। गुरुवार देर शाम भी किसी का उसके मोबाइल पर फोन आया था। जो उसे जल्द से जल्द रुपये वापस देने की धमकी दे रहा था। जिसके बाद वह परेशान होकर ऐसा कदम उठाया लिया। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पैरवी को लेकर धमकाया, रिपोर्ट

कानपुर। नजीराबाद आरके नगर निवासी हरिओम शुक्ला ने अधिवक्ता राजीव बाजपेई, अभिनव शर्मा व 5 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 19 जून को एक मामले की पैरवी में न्यायालय गए थे। आरोप है कि आरोपियों ने पैरवी को लेकर धमकाया और जिंदा जला देने की धमकी दी। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया गाली-गलौज, बलवा व धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पेड़ कटवाने पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। शिवाजी नगर कोआपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के सचिव अंकज मिश्रा ने नजीराबाद पुलिस को बताया कि पिछले 50 वर्षों में सोसायटी में बड़ा वृक्षों का विकास किया गया है। बताया कि 21 जून को लगभग 2 बजे स्वस्थ विशाल चितवन हरा भरा वृक्ष अवैध रूप से वन विभाग के अधिकारी ने मिलीभगत कर काट दिया जो कि एक गम्भीर अपराध है। सोसायटी में रहने वाले नागरिकों व आम जनता में गहरा रोष व्याप्त है। इसको लेकर नजीराबाद पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। इस पर पुलिस ने भवन स्वामी वीरेन्द्र गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

जीआईसी में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं भी चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुन्नीगंज स्थित कॉलेज में बच्चों के प्रवेश शुरू
- 175 बच्चों ने लिया प्रवेश, नए सत्र से कक्षाएं

अमृत विचार। राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज में नए सत्र से अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं भी संचालित होंगी। इसके लिए अब तक 175 बच्चों का प्रवेश हो चुका है। स्कूल में कक्षा 8 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी।

राजकीय इंटर कॉलेज में फिलहाल हिंदी माध्यम की कक्षाओं का ही संचालन होता था। अब सरकारी स्कूल में भी बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने की सुविधा मिल सकेगी। इससे ऐसे बच्चों को सबसे अधिक लाभ हो सकेगा जो सीबीएसई से अपना स्थानांतरण यूपी बोर्ड में कराते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि इस सुविधा के तहत स्कूल में प्रवेश शुरू हो गए हैं। नए सत्र से ही कक्षाएं संचालित हो सकेंगी। नए प्रवेशित बच्चों की पढ़ाई की हर तीसरे महीने समीक्षा भी की जाएगी।

शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

स्कूल में नई सुविधा शुरू होने पर इसके लिए शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम की पुस्तकों के पाठ्यक्रम के आधार पर प्रशिक्षण दिया गया। खासतौर पर गणित, विज्ञान और हिंदी विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षण व मेरिट के आधार पर कक्षाओं को एलॉट किया जाएगा।

घर में घुसकर परिवार से मारपीट, तोड़ी गाड़ी

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में आरोपियों ने रंजिश में घर में घुसकर पूरे परिवार के साथ मारपीट की। घर के बाहर खड़ी गाड़ी तोड़ दी। पीड़ित परिवार ने लूट का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। गांधी ग्राम निवासी राजकुमार के अनुसार बुधवार रात को वह परिवार के साथ खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी जितेंद्र, अमित, श्रीराम, सत्यम समेत अन्य लोग घर में घुस आए और मारपीट करते हुए उन्हें घर के बाहर खींच लाए। बीच बचाव करने आईं पत्नी और बेटों को भी बुरी तरह से पीट दिया और घर के बाहर खड़ी गाड़ी को भी तोड़ दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए पत्नी के कान के टॉप्स, मोबाइल फोन लूटकर गालगीलौज करते हुए फरार हो गए। इस सबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

तस्कर ने साथियों के साथ महिला व परिवार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस से शिकायत करने पर दोबारा पीटा
- गांजा बेचने का वीडियो बनाने के संदेह पर हमला

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में वीडियो बनाने के संदेह पर मादक पदार्थ तस्कर ने साथियों के साथ मिलकर महिला को मारापीटा। पुलिस से शिकायत करने पर आरोपियों ने दोबारा महिला के घर पर घुसकर पूरे परिवार को पीट दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त से की है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

कालीबाड़ी निवासी सपना के अनुसार इलाके का रहने वाला एक युवक क्षेत्र में गांजा बिकवाता है। गुरुवार देर शाम को वह अपने रिश्तेदार के साथ बाजार गई थी। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने गांजा बेचने का वीडियो बनाने के संदेह पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर दी। मामले की शिकायत थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने से रंजिश मानकर रात में उनके घर पर घुसकर पूरे परिवार को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस से शिकायत की मगर फिर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़िता ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर से मिलकर मामले की शिकायत की। वहीं मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

हेल्थ जोन स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस संयुक्त रूप से चलाएंगे अभियान

विटामिन- ए की कमी से बच्चों को चश्मा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विटामिन- ए की कमी से बच्चों में चश्मा लगने की समस्या बढ़ रही है। उनका बौद्धिक विकास भी प्रभावित होता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग वर्ष में दो बार विटामिन-ए संपूर्ण कार्यक्रम संचालित करता है। रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि इस बार विटामिन-ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत नौ माह से पांच वर्ष तक के 4.68 लाख बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग संयुक्त रूप से 26 जून से 25 जुलाई तक अभियान चलाएगा। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारी, जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक, एआरओ, डब्ल्यूएचओ से एसएमओ, यूनिसेफ से डीएमसी, यूएनडीपी से वीसीसीएम ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक (बीपीएम) व आईसीडीएस विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मौजूद रहे।

- सीएमओ कार्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला

09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी विटामिन-ए की खुराक

4.68 लाख बच्चे जिले में चिह्नित किए गए हैं खुराक देने के लिए

26 जून से 25 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग चलाएगा अभियान

06 माह के अंतराल पर साल में दो चरणों में चलता है कार्यक्रम

विटामिन-ए की कमी से हो सकतीं कई बीमारियां

उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.राजेश्वर सिंह ने बताया कि विटामिन-ए की कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात में कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार होना और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। दस्त जैसी आम बीमारी गंभीर हो सकती है। इससे बचाव के लिए बच्चों को विटामिन-ए की खुराक देना बेहद जरूरी है। इसकी खुराक नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीके के प्रथम और दूसरे डोज में दी जाती है। तीसरी से नौवीं खुराक अभियान के दौरान प्रत्येक छह माह पर दी जाती है।

फाल्ट ठीक कर रहे केस्को कर्मी की करंट से मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ थानाक्षेत्र में फॉल्ट ठीक करते समय हुआ हादसा
- छबीलेपुरवा सबस्टेशन में संविदा पर था तैनात

अमृत विचार। जाजमऊ थानाक्षेत्र में फॉल्ट ठीक करते समय केस्को का संविदा कर्मी करंट की चपेट में आने से झुलस गया। हैलट अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जिला रायबरेली के सलोन भारती नगर गांव निवासी 23 वर्षीय अमन कुमार केस्को में संविदा पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। वह जाजमऊ छबीलेपुरवा सबस्टेशन पर तैनात था। किराये के मकान में मां माया देवी, छोटे भाई चाहत के साथ रहता था। पिता रमेश कुमार सऊदी अरब में काम करते हैं। मृतक के चाचा लालजी ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह जेके फर्स्ट के पास खंभे में चढ़कर फॉल्ट ठीक कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। साथी कर्मी उसे हैलट अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि करंट की चपेट में आने से हादसा हुआ है। यदि परिजन तहरीर देते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। केस्को प्रबंधन ने अनुग्रह धनराशि के रूप में 7,50,000 की चेक मृतक की माता को प्रदान की है।

स्वास्थ्य, ऊर्जा और शांति देकर जीवन में संतुलन स्थापित करता योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शहर भर में हुए आयोजन, हजारों लोगों ने नियमित योगाभ्यास का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। योग से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के साथ ही जीवन को ऊर्जावान बनाया जा सकता है। यह हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का तरीका है। इसकी मुद्राएं हमें संतुलित जीवन जीना सिखाती हैं। योग के माध्यम से सांसों, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करने के साथ ही सभी परिस्थितियों में शांत रहते हुए ध्यान केंद्रित करने की कला का विकास होता है। 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर भर में हुए विभिन्न आयोजनों में यही संदेश दिया गया। हजारों लोगों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

बोट क्लब में हुआ योग

जिला गंगा समिति व वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने गंगा बैराज स्थित बोट क्लब में योग शिविर लगाया। शिविर में मुख्य अतिथि अपर श्रम आयुक्त सौम्या पांडे व विशिष्ट अतिथि उप प्रभागीय वन अधिकारी आशीष जैन के अलावा जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे शशांक शुक्ला, वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापिका डॉ प्रतिभा मिश्रा व गंगा टास्क फोर्स के सदस्य मौजूद रहे।

टीएसएच में योग करते युवा। अमृत विचार

टीएसएच में योग करने पहुंचे आईजी रेंज

- स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। जहां तन और मन दोनों स्वस्थ होता है, वहां व्यक्ति के कार्य करने की क्षमता और गुणवत्ता बढ़ जाती है। 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को द स्पोर्ट्स हब टीएसएच, आर्यनगर में योग अभ्यास कराते हुए यह संदेश योग गुरु शैव्या पाण्डेय ने दिया। टीएसएच में सूर्य की पहली किरण के साथ योग दिवस की शुरूआत हुई। कानपुर रेंज के डीआईजी जोगिंदर कुमार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में ईडब्लूएस का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों, टीएसएच के सदस्यों और स्टाफ ने योग गुरु के निर्देशन में विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। इस दौरान उन्हें प्रत्येक आसन के फायदे भी बताए गए। दो घंटे चले योग शिविर के बाद सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

मेडिकल कॉलेज में योग करते चिकित्सक। अमृत विचार

- मेडिकल कॉलेज में योगाचार्य आकाश तिवारी ने योग कराया। डॉ. अनुपमा ने हार्टफुलनेस ध्यान कराया। प्राचार्य डॉ. संजय काला ने कहा कि सभी को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। डॉ. संतोष बर्मन, डॉ. सीमा द्विवेदी व संकाय सदस्यों ने योग किया। आईएमए हाल में योग शिविर लगाया गया। उपाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शर्मा ने योग का महत्व बताया। योग गुरु पंकज शर्मा ने योग कराया। सचिव डॉ. कुणाल सहाय आदि उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब और बैलेंस योगा ने भी आयोजन किया। अमृत विचार

योग बनाता है जीवन निरोग

- रोटरी क्लब ऑफ कानपुर साउथ व बैलेंस योगा स्टूडियो ने सिंधी कॉलोनी स्थित संत कंवर राम हॉल में योगाभ्यास आयोजित किया। योग गुरु वासू चौहान ने योगासन कराया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित खत्री ने योग की महत्ता समझाई। संचालन अक्षिता सेवानी ने किया। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जसबीर सिंह भाटिया के साथ गौरव सेवानी, ललित श्याम दासानी, अमित चोपड़ा, योगेश पांडे मौजूद रहे।

ग्रीन पार्क स्टेडियम में योग करते उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय और शहरवासी। अमृत विचार

गंगा किनारे योग करतीं युवतियां। अमृत विचार

होटल में लगाया योग शिविर

- कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले होटल रीजेंटा में व्यापारियों को योगाचार्य गिरीश ने योग कराया। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुनील बजाज, महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी, विजय पांडे, सुनील बजाज, रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, राकेश सिंह संत मिश्रा, सत्य प्रकाश जायसवाल, सुनील पांडे, राहुल दीक्षित सुशील अवस्थी रहे।

छोटा सेंट्रल पार्क में पहुंचे क्षेत्रीय लोग

- पंडित राममूर्ति मिश्र वाटिका छोटा सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर में वाटिका समिति ने योग महोत्सव आयोजित किया। इसमें क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय, भाजपा उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, कपिल गुप्ता, वात्सेय त्रिपाठी मौजूद रहे।

जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में योग करते बच्चे। अमृत विचार

एयरपोर्ट पर योग कर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

- चकेरी एयरपोर्ट पर योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास करके लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शिरकत की।

उत्साह-उमंग के साथ शहरवासियों का योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

योग दिवस पर प्रशिक्षक युवतियां योग करती हुईं। अमृत विचार

अमृत विचार। ग्रीनपार्क स्टेडियम में शुक्रवार को उत्साह और उमंग के साथ शहरवासियों ने योगाभ्यास किया। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि चुस्त-दुरुस्त और तंदुरूस्त रहने के लिए करें योग, रहें निरोग। इसके बाद पार्क में लोगों ने सामूहिक योग किया।

जिला प्रशासन व कानपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को 10वां योगदिवस ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित हुआ। औद्योगिक विकास मंत्री, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद रमेश अवस्थी ने दीप जलाकर और गुब्बारें उड़ाकर योग का शुभारंभ किया। इसके बाद स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, डाक्टर, इंजीनियर, व्यापारियों, वालंटियर्स ने एक साथ योग किया। बंग्लौर आश्रम से आए आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य विक्रांत त्रिपाठी व उनकी टीम ने सभी को योग-ध्यान कराया। योग के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन ने आए लोगों को एक-एक पौधा देकर संकल्प दिलाया कि वह पौधरोपण कर उसे संरक्षित करेंगे। मंत्री नंदी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विधि है। करें योग और रहें निरोग आवश्यक है, इसलिए योग पर जोर दिया जा रहा है।

नानाराव पार्क में योग करते लोग।

स्वस्थ जीवन की दवा है योग

- योग वैज्ञानिक क्रिया है। इससे तन स्वस्थ, चित शांत और मन निर्मल होता है। असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। यह बात योग साधना केंद्र के संचालक रामचरण भरतिया व योग गुरु मदन मोहन भरतिया ने नानाराव पार्क में लोगों को योगाभ्यास कराते समय कही। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक संतुलन, रोग निवारण, मानसिक शांति व आत्म विश्वास के साथ बौद्धिक विकास भी करता है। शिविर में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन व लायंस क्लब सदस्यों के साथ सुनील शुक्ला, सिद्धेश्वर चौरसिया, अनिल कक्कड़, सुरेश अग्रवाल, कविता अवस्थी, कृष्णा भट्टाचार्य, विमल कटियार आदि रहे।

कारागार में योग करते बंदी व अधिकारी। अमृत विचार

जेल में बंदियों व अधिकारियों ने किया योगासन

जेल में बंदियों व अधिकारियों ने योगाभ्यास किया। योग सृजन सेंटर के योगाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव व शिवांगी दुबे ने योगाभ्यास कराया। योग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बंदी दयाराम, शहंशाह आलम, कृष्ण प्रताप सिंह को शील्ड देकर कारागार अधीक्षक डॉ. बीडी पांडेय ने पुरस्कृत किया। बंदी संजय त्रिपाठी ने वायलिन पर धुनें बजाई। राजेश कुमार, राजेश कुमार मौर्य, सायमा जलीस, अनिल उपस्थित रहे।

विश्व स्तर पर स्थापित हो रहा योग : डॉ. प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

सीएसजेएमयू में योग की मुद्रा में प्रतिभागी। अमृत विचार

अमृत विचर। विश्व योग दिवस पर सीएसजेएमयू, सीएसए एवं एनएसआई आदि शिक्षण संस्थानों में प्रतिभागियों ने योग कर परिवार के साथ इसे नियमित करने का संकल्प भी लिया।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों की संख्या की अधिकता को देखते हुए कैंपस में मल्टीपरपज हाल, उद्यान एवं हेलीपैड पर योग का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीएसजेएमयू एल्युमिनाई एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व स्वस्थ समाज समिति के संस्थापक डा. एएस प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति की परंपरा योग विश्व स्तर पर स्थापित हो रहा है। कुलपति प्रो. विनय पाठक ने कहा कि राज्यपाल के निर्देशन में सभी विश्वविद्यालयों ने मिलकर आनलाइन योग शपथ में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज कराया है। जिसमें हमारे विश्वविद्यालय ने कुल 2 लाख 88 हजार 134 लोगों को शपथ करवाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

डा. अलका शर्मा, डॉ. वन्दना पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, प्रो. नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार आदि मौजूद रहे। एनएसआई में योग प्रशिक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में शिविर आयोजित हुआ। निदेशक प्रो. सीमा परोहा मौजूद रहीं। सीएसए के प्रांगण में योग प्रशिक्षक मदन मोहन भरतीया ने छात्रों एवं शिक्षकों को योग कराया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर मुनीश कुमार, डॉ अनिल आदि मौजूद रहे।

छात्राओं ने भी आयोजन में भाग लिया। अमृत विचार

आयुध निर्माणियों में भी धूम

- ऑर्डिनेंस क्लब अरमापुर स्टेट में एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री एवं फील्ड गन फैक्ट्री के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग किया। एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट के प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एडवांस वेपंस एंड इक्विपमेंट के निदेशक एके मौर्या, विश्वजीत प्रधान, स्मॉल आर्म्स के कार्यकारी निदेशक राजीव शर्मा, महाप्रबंधक आरके सिंह, उप महाप्रबंधक सौरभ मिश्रा मौजूद रहे। ग्लाइडर्स इण्डिया की इकाई आयुध पैराशूट निर्माणी में कर्मचारियों को योग विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न रोगों से बचाव के लिए योगाभ्यास कराया गया। शुरुआत महाप्रबंधक एमसी बालासुब्रमणियम ने की। कार्यक्रम में संयुक्त महाप्रबंधक एस बनर्जी, राम ज्ञान सिंह तथा केके टोप्पो के अलावा कार्य प्रबंधक ओमेश सिन्हा एवं अमर दीप कुमार मौजूद रहे।

नक्षत्र वाटिका पार्क में लोगों ने किया योग। अमृत विचार

योग कर जाना इसके फायदे

कानपुर। नक्षत्र वाटिका पार्क में लोगों ने योग किया। योग से सेहत को होने वाले फायदे के बारे में भी लोगों ने जाना। मुख्य अतिथि समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव ने भी योग किया। योगाचार्य अर्चना वर्मा ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र शुक्ला, आरपी यादव, पवन मिश्रा, जय गुरुदेव संगत कानपुर नगर के संरक्षक राम प्रताप यादव, राजेश दीक्षित, आलोक यादव संतोष शुक्ला, विजय दीक्षित, ओमप्रकाश वर्मा, डॉ आर बी सिंह, नाप्रेद्र मिश्रा, रामबाबू गुप्ता, शिवदत्त आर्य, आर ए गौड़, सुशील बाजपेई, कृष्णा, राम जी उपाध्याय, नीतम सचान, रामचंद्र यादव, उमा सचान, अनुराधा यादव, राजेश दुबे, विपिन गुप्ता, राजकुमार यादव, अजय शुक्ला, राम अवतार श्रीवास्तव, शशि मिश्रा, मुन्नी देवी गिरिजा देवी, अहिवान सिंह, आनंद शुक्ला, रोली श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवी, अनुपम तुषार मिश्रा, विनय विक्टर बीडी राम, प्रेमचंद कनौजिया, संतोष शुक्ला, एमपी सिंह, आरके चतुर्वेदी, आदि लोग उपस्थित रहे।

हर तरफ दिखा योग का उत्साह

महिला योग प्रशिक्षक ने कई तरह के योगाभ्यास कराए। अमृत विचार

रोज करेंगे योग, तभी रहेंगे निरोग

बिल्हौर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने शिविरों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बिल्हौर इंटर कॉलेज मैदान में एसडीएम रश्मि लांबा, क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर की अगुवाई में लोगों ने योग किया। योग प्रशिक्षक आशुतोष शुक्ला, महेश वर्मा ने आसन सिखाए। यहां तहसीलदार तिमराज सिंह, नायब तहसीलदार सीपी राजपूत, पालिका ईओ अंजनी मिश्रा मौजूद रहे। पालिका अध्यक्ष इखलाख खान की नामौजूदगी चर्चा का विषय रही। बिल्हौर ब्लाक कार्यालय में बीडीओ दिनेश कुमार वर्मा, ककवन ब्लाक में बीडीओ शिव नरेश की अगुवाई में रोजगार सेवक, पंचायत सहायक व ग्राम पंचायत सचिवों ने एक साथ योग किया। इसके अलावा अन्य जगहों पर भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सोमेंद्र की अगुवाई में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भी एक साथ स्कूल के मैदान में प्रयोग दिवस पर योग किया।

पतारा में आयोजित शिविर में योग करतीं महिलाएं और पुरुष। अमृत विचार

हम सबने मिलकर ठाना है, रोगों को दूर भगाना है

घाटमपुर। कस्बे के साथ पतारा, भीतरगांव ब्लाक परिसर में योग शिविर आयोजित किए गए। इन सभी जगहों पर हम सबने मिलकर ठाना है, रोगों को दूर भगाना है का संदेश गूंजा। तहसीलदार लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रामचंद्र मिशन आश्रम के योग शिविर में पहुंचे। पतारा ब्लाक में बीडीओ रविशंकर प्रधान के साथ योग शिविर प्रभारी एडीओ हरदीप सिंह, योग प्रशिक्षक सूर्य योगीदास, योगेंद्र कुमार ने योग कराए और उनके महत्व को बताया। दोनों योग प्रशिक्षक ने कहा कि अगर निरोगी काया रखनी है तो रोज योग अपनाना होगा। इस मौके पर जगलेश्वर धाम के गुरु योगिदास द्वारा नशा मुक्त जन जन जागरण अभियान के तहत नशा मुक्त होने के उपाय भी बताए गए। यहां विकासखंड कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय की सभी मुख्य सेविकाएं आंगनवाड़ी एवं स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं ने सामूहिक रूप से योग शिविर के अंतिम सत्र में सामूहिक संकल्प लिया।

चौबेपुर ब्लॉक मुख्यालय परिसर में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

प्रशिक्षकों ने लोगों को बताए योग के लाभ

चौबेपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान प्रशिक्षकों ने लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित योग अपनाने के लिए जागरूक किया। सुबह बीडीओ आशीष मिश्रा, एडीओ पंचायत मुकेश यादव, एपीओ सीमा वर्मा के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने ब्लॉक मुख्यालय परिसर में योगाभ्यास किया। बीडीओ ने कहा कि योग बिना किसी समस्या के पूरे जीवन फिट रहने का एक सुरक्षित व आसान तरीका है। प्रेमपुर गांव स्थित एकल विद्यालय की संचालिका खुशबू यादव के नेतृत्व में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक अनिल पटेल द्वारा लोगों को प्रणायाम, भुजंगासन, मकरासन कपालभाति, पद्मासन, वक्रासन आदि योग क्रियाएं कराये जाने के साथ इसके लाभ बताए गए। तातियागंज में आयोजित शिविर में जिला पंचायत सदस्य गोपाल दीक्षित के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया।

योग को लेकर बुजुर्गों में भी उत्साह दिखाई पड़ा। अमृत विचार

उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

शिवराजपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कस्बा एवं गांवों में महिला एवं पुरुष योग के लिए उपस्थित हुए। ब्लॉक में क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर, बीडीओ सच्चिदानंद मिश्रा ने कर्मचारियों व लोगों के साथ योगाभ्यास किया। कस्बे के राम सहाय कॉलेज में नगर पंचायत प्रतिनिधि कैलाश कटियार, प्रधानाचार्य मनोज पटेल ने स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के साथ के साथ योगभ्यास किया। क्षेत्र के राजेंद्र नाथ इंटर कॉलेज मुस्ता में आयुष कटियार व प्रधानाचार्य के नेतृत्व में सभी छात्र छात्राओं ने बैठकर योगाभ्यास किया। कामा के मनसुख लाल सर्वोदय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुनील पाल ने स्टाफ एवं छात्र छात्राओं के साथ योगाभ्यास किया। जगदीशपुर के आजाद मेमोरियल स्कूल में प्रधानाचार्य ने स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ योगाभ्यास किया। नदीहा के मां कामासी देवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनिरुद्ध यादव, कस्बे के पंडित राजन लाल पांडे पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य ने योगाभ्यास किया।

कल्यानपुर ब्लाक कार्यालय परिसर में योग करते लोग। अमृत विचार

शरीर और आत्मा से प्रेम का नाम ही है योगासन

बिठूर। कल्यानपुर ब्लाक कार्यालय परिसर में ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी की उपस्थिति में बीडीओ शिवआसरे पाण्डेय की देखरेख में योग दिवस हुआ, जिसमें पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजय निरंजन, पंकज अवस्थी, योगेन्द्र पाण्डेय के साथ स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। ब्लाक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने योग करने के लिए टी-शर्ट का वितरण किया। योग शिक्षक गायत्री शक्ति पीठ के आचार्य नवीन त्रिपाठी ने योग कराया। योग प्रशिक्षक कार्तिका उत्तम व कृष्णकान्त सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए ब्लाक प्रमुख ने कहा कि शरीर से प्रेम है तो आसन करें, सॉस से प्रेम है तो प्राणायाम करें। आत्मा से प्रेम है तो ध्यान करें और परमात्मा से प्रेम है तो समर्पण करें। उन्होने कहा कि हम योग करके निरोगी रह सकते है।

बदलते मौसम में सेहत के प्रति सावधानी बरतना जरूरी

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचार: बारिश में सीवेज सिस्टम ओवरफ्लो होने लगता है। गंदा पानी जमा हो जाता है। इसकी वजह से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कुछ बातों का ध्यान रख कर पानी से होने वाली बीमारियों से आप खुद को बचा सकते हैं। जी हां, बदलते मौसम में सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा बारिश का मजा सेहत खराब कर सकता है।

बिधनू ब्लाक में पंचायत सचिवों और सीएचसी में आशाबहुओं की बैठक में कुछ इसी तरह के दिशा-निर्देश दिए गए। ब्लाक में खंड विकास अधिकारी रवि शंकर प्रधान ने पंचायत सचिवों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि देश के कुछ इलाकों में मानसून ने दस्तक दे दी है। गर्मी से राहत मिलनी शुरू हो गई है। बारिश का मौसम खास माना जाता है। ऐसे में ग्रामीण स्तर पर सावधानी बरतने की जरूरत है। गांवों की गंदगी और जलभराव की समस्या को पहले से ही दूर करने की आवश्यकता है। इस मौके पर एडीओ पंचायत सुरेश चंद्र निगम भी मौजूद रहे।सीएचसी प्रभारी डॉ.नीरज सचान ने आशाओं से कहा कि इस मौसम में काफी कुछ बदलता है। कुछ लोग भीगने का आनंद उठाना चाहते हैं, तो कुछ इस मौसम में मस्ती करना चाहते हैं। इस मौसम में बीमारियां भी काफी तेजी से फैलती हैं। ज्यादा बरसात होने से शहरी और ग्रामीण इलाकों में जलभराव हो जाता है। गंदा पानी ठहरने से पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दुनिया भर में 80 प्रतिशत बीमारियां दूषित पानी की वजह से ही होती हैं। गंदे और दूषित पानी से कई रोग फैल जाते हैं। कई दिनों तक जमा पानी बैक्टीरिया और कवक को जन्म देता है, जो इंफेक्शन का कारण बन जाता है।

बैठक में चर्चा

- कहीं तबियत खराब न कर दें पानी से फैलने वाली बीमारियां
- बिधनू सीएचसी में आशाओं व ब्लॉक में सचिवों की हुई बैठक

आशाबहुओं को जरूरी दिशा-निर्देश देते बिधनू सीएचसी प्रभारी। अमृत विचार

दूषित पानी से इन बीमारियों का खतरा

हैजा : यह गंदे और दूषित पानी से होने वाली बीमारी है। हैजा होने पर डिहाइड्रेशन और दस्त की समस्या हो सकती है। इससे बचना है तो साफ पानी और हेल्दी खाना ही खाएं।

हेपेटाइटिस ए : दूषित पानी से होने वाली हेपेटाइटिस ए में लिवर हेल्थ पर सबसे ज्यादा इफेक्ट डालती है। पीलिया, फीवर, मतली जैसी समस्याएं इसमें होती है। शुद्ध पानी ही पीना चाहिए।

टाइफाइड : दूषित पानी और अनहेल्दी खाने से टाइफाइड हो सकती है। यह पानी से होने वाली बीमारी है। इसके चपेट में आने वाले व्यक्ति की एनर्जी खत्म हो जाती है। डेंगू और चिकुनगुनिया जैसी बीमारियां भी बारिश के मौसम में अपने पैर पसारती हैं।

इस तरह करें बचाव

- कभी भी कहीं लगे नल से पानी नहीं पीना चाहिए। इससे गंदा पानी पीने का रिस्क रहता है।
- हाथों की साफ-सफाई जरूरी होती है, इसलिए खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोएं।
- सब्जियां खरीदने के बाद उसे अच्छी तरह से धोकर ही पकाएं। इससे कई बीमारियों से बचा जा सकता है।
- घर के आसपास स्वच्छता रखने की कोशिश करें। गंदे पानी में मच्छर पैदा होते हैं और बीमारियां फैल सकती हैं।
- बारिश में कीड़े काटने का डर रहता है। शरीर को ढक कर रखें। मलेरिया और डेंगू से बचने के उपाय करें।
- बारिश में बाहर से आने के बाद पैर जरूर धोएं।

कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

बिठूर क्षेत्र के फत्तेपुर के पास हुआ हादसा, तीन लोग घायल

संवाददाता, बिठूर

अमृत विचार: बिठूर थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव के निकट तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे एक की मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को हैलट अस्पताल भेजा गया है।

तेज रफ्तार कार ने सवारी बैठाकर जा रहे ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा चालक अभय सोनकर समेत 3 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए हैलट अस्पताल भिजवाया। हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मध्य प्रदेश के भिंड लहार के रहने वाले गंगाराम (60) की मृत्यु हो गई, जबकि बिलैठी, पंडोखर मध्य प्रदेश के रहने वाले दयाशंकर (40) और जयसिंह (70) व ई रिक्शा चालक अभय सोनकर निवासी नारायणपुर लाजपत नगर का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रफ्तार की मार

- मध्य प्रदेश के भिंड का रहने वाला था हादसे का शिकार वृद्ध
- ई रिक्शा चालक के साथ दो सवारियों का चल रहा इलाज

ई-रिक्शा पलटा, चार महिलाएं घायल, दो कानपुर रेफर

घाटमपुर। साढ़ से सवारियां भरकर भीतरगांव जा रहा ई रिक्शा अनियंत्रित हो पलट गया, जिससे उसमें बैठी चार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बताया जाता है कि शुक्रवार दोपहर साढ़ से ई रिक्शा चालक सवारियां भरकर भीतरगांव जा रहा था। जैसे ही वह बारीगांव के समीप डिग्री कॉलेज के पास पहुंचा, तभी अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। ई-रिक्शा में दबी महिलाएं मदद की गुहार लगाने लगीं। इस हादसे में बरुई अकबरपुर की रहने वाली सुमित्रा पत्नी विनोद सिंह, वंदना पत्नी नीरज, कर्चुलीपुर की रहने वाली सावित्री पत्नी महिपाल और रसूलपुर गांव की रहने वाली रेखा पत्नी शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने घायल महिलाओं को भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वंदना और रेखा को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

चढ़ावे का जेवर लेकर लड़की का पिता फरार

बिठूर। थाना क्षेत्र के पारा प्रतापपुर गांव निवासी घसीटे के साले की बेटी खुशबू की शादी मैनपुरी निवासी महिलाल के बेटे अजब सिंह से तय हुई थी। गुरुवार को जब बारात गांव पहुंची तो लड़की के छोटे भाई अनु को पता चला कि दूल्हा दिव्यांग है। इसके बाद लड़की ने विवाद करना शुरू कर दिया। बिचौलिए ने बताया कि विवाद के दौरान लड़की का पिता चढ़ावे में लाए गए जेवरात लेकर फरार हो गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं हो पाई। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पति को पीटने का वीडियो वायरल

बिधनू। सेनपश्चिम पारा थाना क्षेत्र में मायके छोड़ने आए पति को पत्नी ने डंडे से जमकर पीटा। इसका वीडियो वायरल हो गया।

बाबूपुरवा निवासी मनीष शर्मा की ईडब्लूएस आवास विकास की ज्योति से एक वर्ष पहले शादी हुई थी। मनीष के मुताबिक शादी के बाद से पत्नी अक्सर विवाद कर मायके चली जाती थी। शुक्रवार को भी बेवजह झगड़ने के बाद मायके जाने की जिद करने लगी। वह छोड़ने आवास विकास गया तो मायके पहुंचते ही ज्योति ने डंडे से पीटना शुरू कर दिया। घर के बाहर तक डंडे से पीटती रही। बाइक भी जबरन खड़ी कराकर भगा दिया।

चांडाली क्रॉसिंग पर अधेड़ का मिला शव, शिनाख्त नहीं

बिल्हौर। कोतवाली क्षेत्र के चांडाली क्रॉसिंग के पास सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल की। कोतवाल केशव तिवारी ने बताया कि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। उसकी उम्र 55 वर्ष के करीब है। शरीर पर कोई चोट नहीं है। मौत का कारण हीटवेव हो सकती है। कुछ दिन पहले एमबीए चायवाला की दुकान पर भी एक व्यक्ति का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त नहीं हुई थी। ककवन क्षेत्र में नहर पुल के समीप बोरी में एक युवती का भी शव मिला था।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

वन विभाग की भूमि पर अवैध खनन में रिपोर्ट

संवाददाता, बिल्हौर

- कोतवाली क्षेत्र के बछना गांव में हो रहा था खनन
- छापेमारी में पकड़ी गईं दो जेसीबी सीज की गईं

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बछना गांव में वन विभाग की भूमि पर अवैध खनन पर छापेमारी के बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। छापेमारी में दो जेसीबी पकड़ी गई थीं, जिन्हें थाने में खड़ा कर सीज कर दिया गया था।

उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा के निर्देश पर गुरुवार को राजस्व व वन विभाग की संयुक्त छापेमारी में दो जेसीबी मौके पर मिली थीं। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार सीपी राजपूत व राजस्व निरीक्षक नीलेन्द्र चौहान ने खनन की जानकारी मांगी थी, जिस पर वहां मौजूद लोग अधिकारियों से उलझ गए थे और फिर भाग निकले थे। पकड़ में आई दो जेसीबी को थाने में खड़ा कराने के बाद डिप्टी रेंजर अभिषेक मिश्रा की तहरीर पर वन अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इस मामले में रामजीत पुत्र मोतीलाल निवासी गंभीरपुर व पांच ट्रैक्टर चालक व पांच अन्य अज्ञात युवकों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। हालांकि कई दिनों से बचाना गांव में अवैध खनन का कारोबार चल रहा था, जिसकी सूचना बीट प्रभारी को थी, मगर 800 घनमीटर अवैध खनन होने के बाद मामला पकड़ा गया। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने कहा कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मदनपुर चौकी इंचार्ज राजन मौर्य ने मौरंग ओवरलोडिंग में डंपर सीज किया है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

चौबेपुर। थाना क्षेत्र के इंदलपुर जुगराजपुर गांव में गुरुवार रात मानसिक रूप से बीमार महिला ने कमरे के अंदर कुंडे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

इंदलपुर जुगराज निवासी शीला देवी (35) पत्नी रवींद्र वर्मा मानसिक रूप से बीमार थी। गुरुवार रात गर्मी अधिक होने से घर के सभी लोग छत पर सोये थे, तभी मौका पाकर शीला ने कमरे में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतका के पति ने बताया कि पत्नी शीला लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी,जिसका उपचार भी कराया जा रहा था। बीमारी से ऊबकर देर रात मौका पाकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया ।प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका के मायके वालों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी	3 वर्ष	अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।
एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फिजियोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी	3 वर्ष	
एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी	3 वर्ष	
बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस	3 वर्ष	पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0)

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

कोर्स	अवधि	योग्यता
एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	2 वर्ष	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों।
एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ)	2 वर्ष	

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट) मो. 9956248504

वेस्ट टू वंडर पार्क में स्वच्छता समारोह

घाटमपुर। नगर पालिका परिषद के वेस्ट टू वंडर पार्क में स्वच्छता समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर भूप किशोर विश्वकर्मा, ललित कुमार एवं याजवेंद्र सिंह सचान और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष उवैश अहमद, अमरदीप, शाहिद खां, मुकेश दीक्षित, विवेक कुमार शुक्ला, निजामुद्दीन, राकेश कुमार तिवारी, रीना देवी, शबीना खातून, तराना, लक्ष्मी को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में ईओ महेंद्र कुमार, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी बदरुद्दीन, अमर सिंह, दीपक गुप्ता, ताहिर, सरफराज, अमित कुमार, प्रेम सिंह, करन सिंह, रामकिशोर, अतुल पाल, आदित्य कुमार आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले सम्मानित किए गए। अमृत विचार

महाकाल स्पोर्ट्स फाइनल में पहुंचा

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। कस्बे में जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को महाकाल स्पोर्ट ने 7 विकेट से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीत कर शीलू मोबाइल ने बैटिंग करने का फैसला लिया। शीलू मोबाइल 15 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन बना सकी। रामजी ने 48 और विशाल ने 12 रन बनाए। महाकाल की तरफ़ से गेंदबाजी करते हुए उज्ज्वल ने 5 विकेट और युवराज ने 3 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल ने 9 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। महाकाल की तरफ से अनुज सिंह ने 70 और मरुत सचिन ने 20 रन बनाए। गेंदबाज प्रशांत और अंश ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच उज्ज्वल रहे।

फाइनल मुकाबले में पहुंची महाकाल स्पोर्ट्स की टीम। अमृत विचार

एक नजर

समाधान दिवस में राजस्व अधिकारी रहेंगे मौजूद

कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर में थाना समाधान दिवस के अवसर पर समस्त थानों पर पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ राजस्व विभाग के अधिकारी भी थाने पर मौजूद रहेंगे और जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण करेंगे। सामान्य पुलिस सम्बन्धी शिकायतों के साथ भूमि, राजस्व आदि सम्बन्धित विवादों के निवारण के लिए चौथे शनिवार को थाने पर पहुंचे।

विवाहिता को पीटने के बाद घर से निकाला

रूरा। थाना क्षेत्र के करिंगापुर की प्रियंका ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी जनपद औरैया दिबियापुर में हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ससुरालीजन उससे अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। जिसे पूरा न करने पर ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट में चार के खिलाफ एससी-एसटी की रिपोर्ट

मूसानगर। थाना क्षेत्र के गुढ़ा शेरपुर गांव के व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुढ़ा शेरपुर के देशराज ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट नौकरी के कारण घर से बाहर रहता है। गांव में रह रही उसकी पत्नी सियावती को गांव का ही दीपू साहू बीती छह जून को कहीं ले गया। बीती 14 जून को वह अपने भाई रजनेश के साथ वह दीपू साहू के घर शिकायत करने गया तो उसके पिता सुरेश, मां श्रीकांती व बहन क्षमा ने गालीगलौज करते हुए लोहे की राड से पीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची भाभी रामसखी को भी मारापीटा। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई है।

गोवंशों से टकराकर बाइक सवार सगे भाई घायल

सिकंदरा। कस्बे के राजेंद्र नगर निवासी सगे भाई दिलशाद अहमद व एजाज अहमद संदलपुर से बाइक पर आ रहे थे। पावर हाउस के सामने आवारा गोवंशों का झुंड बाइक के सामने आ गया। जिससे बाइक सवार गोवंशों में टकराकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर संध्या यादव ने एजाज की नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

खेत में बकरी जाने पर अधेड़ को धुना

सिकंदरा। बकरी जाने से नाराज खेत मालिक के बेटे ने अनुसूचित जाति के अधेड़ को लाठी-डंडों से पीट कर अधमरा कर दिया। हरिहरपुर गांव निवासी श्यामू ने सिकंदरा थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका भाई राम सिंह (50) शुक्रवार सुबह गांव के पास खेत में बकरी चरा रहा था। तभी बकरी मूंग के खेत में चली गई। जिसपर खेत मालिक के बेटे निर्भय ने राम सिंह को लाठी डंडों से बुरी तरह पीट दिया और मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर संध्या यादव ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

ईको पार्क में दीप जलाकर योग दिवस का शुभारंभ करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले।

माती ईको पार्क में योग करते डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के साथ अधिकारी। अमृत विचार

केंद्रीय विद्यालय माती में योग करते बच्चे। अमृत विचार

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ईको पार्क, जिला कारागार और केंद्रीय विद्यालय समेत जिले भर में आयोजित हुए योग कार्यक्रम

रोज करें योग, शरीर को रखें निरोग

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद, तहसील व ब्लाक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान योगासन कराकर उसके लाभ के प्रति लोगों को जानकारी दी गई। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले की अध्यक्षता, नोडल अधिकारी गौरी शंकर प्रियदर्शी, डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व सीडीओ लक्ष्मी एन की उपस्थिति में ईको पार्क माती में आयोजित शिविर में लोगों से योग अपनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान योग की महत्ता को समझा गया।

सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि हम सब महात्मा गांधी के सपने को साकार कर रहे हैं। प्रधामनंत्री ने योग दिवस को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दी है। डीएम ने कहा कि इस भौतिक वादी युग में आत्मिक शांति के लिए योग की महती आवश्यकता है। इसे हम सबको अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर प्रधानमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाषण का सजीव प्रसारण भी देखा गया। इसी तरह जिला कारागार माती में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव हिमांशु कुमार की उपस्थिति में सुबह निरुद्ध बंदियों व जेल स्टाफ को योग और प्राणायाम कराया गया। साथ ही बंदियों को नैतिक, मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहने के संबंध में जानकारी दी गई।

इस मौके पर जेल अधीक्षक धीरज कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह तोमर, जेलर विजय कुमार पांडेय, उप जेलर शिवाजी सिंह, विजय लक्ष्मी सिंह, रामदास यादव समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय माती में प्रशिक्षक किरण गुप्ता ने योग व प्राणायाम कराया। प्राचार्य एएच अंसारी ने कहा कि योग मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इस मौके पर मुख्य अध्यापक आशुतोष शुक्ला समेत शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

जिला गंगा समिति के तत्वावधान में कौरू जलालपुर गांव में योग करते अधिकारी व लोग। अमृत विचार

- ईको पार्क में योग के लिए जुटे सांसद और अफसर
- योगाभ्यास के साथ ही योग की महत्ता समझाई गई

योग का संदेश देने के लिए जिला गंगा समिति भी आगे आई

संदलपुर। जिला गंगा समिति के तत्वावधान में संदलपुर ब्लाक क्षेत्र के कौरू जलालपुर गांव में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएफओ एके द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष हम लोग दसवां अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इस दौरान संपूर्ण विश्व योग मय है। योग ही जीवन का आधार है। डीपीआरओ विकास पटेल ने कहा कि योग न केवल शारीरिक रूप से तरो ताजा रखता है। बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ्य रखता है। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी विवेक कुमार सैनी, योग प्रशिक्षक आकांक्षा कटियार, महेंद्र पाल, ग्राम गंगा समिति अध्यक्ष विनोद कटियार, ग्राम प्रधान निधि कटियार, सचिव मनोज कनौजिया, छोटेलाल, रामनरेश, जगमोहन सिंह गौर, दीपक कटियार, किरण देवी महिला मेट, प्रीति, पुष्पा, सरस्वती आदि लोग मौजूद रहे।

मूसानगर में भी लगे योग शिविर

मूसानगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ईओ संजय कुमार पटेल, अध्यक्ष पूजा निषाद के प्रतिनिधि विनोद निषाद समेत सभी सभासदों व कर्मचारियों ने योग किया। वहीं देवयानी सरोवर परिसर में पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक अनिल पटेल, सुंदरलाल सोनी, रामकृष्ण सोनी समेत योग साधक राकेश गुप्ता, विजय सोनी, हरिओम रामकिशन, सुनील ओमर, राजा गुप्ता, कमलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं बीआरडी डिग्री कॉलेज में कृष्णा द्विवेदी ने योग कराया। इस मौके पर नंदिनी पाल, वंदना सत्यवती, रूबी, रिया, कैफ, मीनाक्षी, नीलम, आंचल दुबे आदि मौजूद रहे। मूसानगर थाने में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम समेत पुलिस कर्मियों ने योग किया।

प्राथमिक विद्यालय नगीना बांगर में योग करते शिक्षक व लोग। अमृत विचार

योग कर निरोगी रहने का लिया संकल्प

राजपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजपुर स्थित शिवधाम वाटिका में गोरक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद मिश्रा ने लोगों को योगाभ्यास कराकर योग के महत्व बताए। कहा कि योग करने से साधक अपने भीतर के सभी दुर्गुण खत्म कर सकता है। उन्होंने कपालभाती, शीर्षासन, धनुर्षासन, मयूरासन, शवासन, हलासन समेत योगासन कराया। इधर, रमऊ ग्राम पंचायत के योगा पार्क में ग्राम प्रधान सैय्यद जमाल अहमद ने सैकड़ों लोगों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग करने से मन, मस्तिष्क एवं शरीर में संतुलन स्थापित होता है। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप निषाद, शाह आलम, कमाल अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रमऊ गांव में योग करते प्रधान, सचिव व लोग। अमृत विचार

गोवंशों को चारा-पानी में न हो लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोवंश आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पेयजल की उपलब्धता में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्माणाधीन अस्थाई गोवंश स्थलों का निर्माण समय से हो। यह निर्देश शुक्रवार को डीएम राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को दिए।

सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरे चारे के उत्पादन के लिए चारागाह की भूगि चिह्नित कर हरे चारे की बुआई सुनिश्चित की जाए। गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए फंड रिक्वेस्ट की अब तक की स्थिति बताई जाए। गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को गर्मी व लू से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। गोवंश आश्रय स्थलों में साफ-सफाई व पौधरोपण में लापरवाही न बरती जाए। केयर टेकर को मानदेय समय पर मिलना चाहिए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विकास खंड़ों में नए गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है, उसे समय से पूरा कराया जाए। खंद विकास अधिकारी सुनिश्चित करें कि गोवंशों को हरा चारा, पेयजल की कमी न होने पाए। खंड विकास अधिकारी व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी 15 दिनों में बैठक कर गोवंश आश्रय स्थलों की समस्याओं का समाधान करें। बैठक में सीडीओ सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सदर प्रखर कुमार सिंह, जिला पशुचिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक करते जिलाधिकारी राकेश सिंह।

- चारागाह की भूमि चिह्नित कर हरे चारे की बुआई करें-डीएम

कर निर्धारण में गड़बड़ी निरीक्षक निलंबित होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम गृहकर से इनकम बढ़ाने में लगा है, लेकिन विभाग के राजस्व निरीक्षक ही चूना लगा रहे हैं। बड़ी संख्या में फ्लैट के कर निर्धारण न करने के मामले में नगर आयुक्त राजस्व निरीक्षक अवधेश वर्मा के तत्काल निलंबन के लिए शासन को लिखा है। जबकि कर अधीक्षक प्रीतम वर्मा के खिलाफ अनुशासत्माक कार्रवाई के लिए नगर आयुक्त ने शासन को लिखा है।

शहर में स्थित बड़ी हाउसिंग सोसाइटी रतन आर्बिट, कान्हाश्याम रेजिडेंसी, डिविनिटी होम्स और गुलमोहर में कुल 1985 फ्लैट हैं, सभी से हाउस टैक्स वसूलने के आदेश थे। लेकिन राजस्व निरीक्षक ने लापरवाही बरतते हुए सिर्फ 1020 फ्लैट का ही कर निर्धारण किया। इससे नगर निगम को बड़े पैमाने पर राजस्व की हानि हुई है। शिकायत पर नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त संतोष यादव से मामले में जांच कराई। जिसमें राजस्व निरीक्षक और कर अधीक्षक की लापरवाही सामने आई। अपर नगर आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर दोनों पर कार्रवाई के आदेश दिए।

- अपर नगर आयुक्त कि जांच में राजस्व निरीक्षक और अधीक्षक मिले दोषी
- फ्लैट ज्यादा पर आधे से भी नहीं वसूल रहे थे गृहकर

सार-संक्षेप

इकरा आईएएस संस्थान में छात्रों को संबोधित करते अवध ओझा। अमृत विचार

अभ्यर्थियों को मिलेगी फ्री कक्षाएं

कानपुर। इकरा आईएएस में सिविल सर्विसेज के आयामों को समझाने के लिए एक समिनारा का आयोजन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया टेस्ट के माध्यम से जुने हुए 25 अभ्यर्थियों को जीएस की फ्री कक्षाएं भी दी गईं। इकरा आईएएस के अवध ओझा ने बताया कि बताया कि संस्थान ने आल इंडिया टेस्ट कराया था। स्कालरशिप की परीक्षा को 25 अभ्यर्थियों ने उत्तीर्ण किया था। इन अभ्यर्थियों को फ्री कक्षाएं देन के साथ ही मेंटरशिप भी दी जाएगी। शुक्रवार को सेमिनार में अवध ओझा ने अभ्यर्थियों को सिविल सिविल सर्विसेज सेवा के विभन्न पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया।

जल जीवन मिशन का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव।

प्रमुख सचिव ने जल जीवन मिशन योजना का किया निरीक्षण

रनियां। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने शुक्रवार को मैथा तहसील के भुजपुरा गांव में जल जीवन मिशन की योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने भुजपुरा व परसौली गांव के लोगों से कहा कि अब उनके गांव में पानी की समस्या नहीं होगी। सरकार शुद्ध पानी देने के लिए पूर्णतया संकल्पित है। इसी क्रम में बहुत सारे गांवों में पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। जिन गांवों में खारे पानी की समस्या है। वहां लगातार कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बनी टंकी का निरीक्षण कर गांव में पौधरोपण भी किया। इस दौरान जल निगम एक्सईएन एमके सिंह, ग्राम प्रधान नौशाद अहमद, भूरा कठेरिया, फहीम अहमद अख्तर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं से खराब व्यवहार की सपा ने की निंदा

कानपुर। नीट की परीक्षा में 24 लाख और यूजीसी में नौ लाख छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमें मेडिकल परीक्षा में सवा लाख के आसपास छात्र थे। देश में तीन सौ शहरों में छात्रों ने परीक्षा दी। भीषण गर्मी में सड़क पर छात्र-छात्राओं ने रात काटी। लेकिन आज उनके साथ जो व्यवहार हो रहा है, उसकी सपा कटु शब्दों में निंदा करती है। यह बात जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बैठक में कही। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर सपा युवा कार्यकर्ताओं व छात्रों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की कार्य क्षमता पर संदेह है। ग्रेस मार्क देकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अभिभावकों की कोचिंग पढ़ाने में जमा पूंजी खर्च हो रही है। एनटीए की वजह से परिवार बर्बाद होने की कगार पर पहुंचने वाले हैं। मांग है कि एनटीए पर विशेष नियंत्रण रखकर छात्रों का विश्वास जीता जाए। इस प्रस्ताव की एक प्रति राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजी गई। बैठक में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जायसवाल, हाजी अयूब आलम, अर्पित त्रिवेदी, राहुल वर्मा, दीपक खोटे, शादाब आलम, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, आदि लोग रहे।

पत्रकारों को जानकारी देते डा. केआर वासुदेवन।

ब्लड ग्रुप न मिले तो एबीओ इंकंपैटिबल से लिवर प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हर्ष नगर स्थित एक होटल में नोएडा स्थित मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान जेपी हॉस्पिटल ने लिवर प्रत्यारोपण के बाद एक नई शुरुआत के संबंध प्रेसवार्ता की।

जेपी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. केआर वासुदेवन ने बताया कि क्रोनिक लिवर रोग का सबसे तेजी से बढ़ने का कारण फैटी लिवर है। भारत में हर छह में एक व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित है। यह लाइलाज बीमारी नहीं है। फैटी लीवर का इलाज जीवनशैली में बदलाव करके किया जा सकता है। समय रहते इलाज न करने पर यह बीमारी गंभीर हो जाती है। तब मरीजों के पास लिवर प्रत्यारोपण के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता। प्रत्यारोपण के लिए दाता (डोनर) के रूप में परिवार के सदस्यों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाती है। कई मरीजों को डोनर तो मिल जाता है लेकिन उनका ब्लड ग्रुप मेल नहीं खाता, तब ऐसी स्थिति में दोनों के बीच लिवर प्रत्यारोपण एबीओ इंकंपैटिबल विधि के माध्यम से किया जाता है। प्रथा हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ.अजीत कुमार रावत ने कहा कि लिवर एक ऐसा अंग है, जो प्रत्यारोपण के बाद फिर से विकसित हो जाता है। जेपी हॉस्पिटल ने केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अंग प्रत्यारोपण चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेष स्थान हासिल किया है।

समीक्षा ग्राम्य विकास आयुक्त ने समूहों को पौधरोपण की जिम्मेदारी दी

लखपति बनाने में अफसर फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। आयुक्त ग्राम्य विकास की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान लखपति दीदी बनाने के लिए जनपद को प्राप्त लक्ष्य 21689 सापेक्ष केवल 274 समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित करने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई।

शुक्रवार को आयुक्त ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी ने सीडीओ लक्ष्मी एन. के साथ जनपद में ग्राम्य विकास की महत्वपूर्ण योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों के संचालन व उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त एनआरएलएम गंगाराम ने बताया कि समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए जनपद को प्राप्त लक्ष्य 21689 के सापेक्ष मात्र 16663 समूहों की महिलाओं का प्रथम चरण का ऑफलाइन सर्वे पूर्ण हुआ है। द्वितीय चरण का सर्वे अभी क्रियाशील है। लक्ष्य की प्रतिपूर्ति के लिए जनपद की 274 समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर लखपति बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई भी कार्य इनके द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसपर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शीघ्र ऑनलाइन सर्वे पूर्ण कराते हुए प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर तेजी लाने को निर्देशित किया।

उन्होंने बीसी सखी के बारे में जानकारी ली। जिसमें जिले की 618 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 543 बीसी सखी ही दर्शायी गईं। उपायुक्त एनआरएलएम ने बताया गया कि 543 बीसी सखी के सापेक्ष 491 को प्रशिक्षण कराते हुए बैंकों से लोन दिया गया था। इसमें मात्र 396 बीसी सखी कार्यरत हैं। बीसी सखी द्वारा क्षेत्र में अपने लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति न कर पाने के संबंध में आयुक्त ने बीएमएम से कार्यक्रम में सुधार के लिए सुझाव साझा किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्युत सखी, उत्पादन ग्रुप, कृषि सखी, प्रकृतिक खेती, फूड न्यूट्रीशन हेल्थ वॉश, पीएमएवाई में समूहों का सम्मिलन, समूहों द्वारा ऑनलाइन बिक्री, प्रेरणा कैंटीन संचालन आदि के बारे में समीक्षा की। उन्होंने आगामी पौधरोपण में स्वयं सहायता समूहों की अहम भूमिका के संबंध में भी निर्देश दिए। इस मौके पर डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक वीरेंद्र कुमार, उपायुक्त मनरेगा प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, सभी बीडीओ समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विकास भवन में बैठक करते आयुक्त ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी।

चावला पर न लगे जाम, रुट डायवर्जन लागू

कानपुर। गोविंद नगर में आए दिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिये यातायात विभाग ने कुछ बदलाव किये हैं। टीएसआई सतेंद्र कुमार ने बताया यह व्यवस्था फिलहाल 1 सप्ताह के लिये प्रायोगिक तौर पर लागू की गई है। सफल होने पर इसे नियमित कर दिया जाएगा। शनिवार से गोविंद नगर की तरफ से आने और पुल से गोविंद नगर की ओर जाने के लिये बदला रूट अपनाएं।

- गोविंद नगर थाने से आने वाला यातायात चावला चौराहा से सीधे न जाकर अपने बाये मुड़कर गोविंद नगर नया पुल के नीचे से यू-टर्न लेकर अपने गंतव्य को जाएगा।
- नन्दलाल चौराहा की तरफ से आने वाला ट्रैफिक चावला चौराहा से ही मुड़कर पॉपूलर धर्मकांटा होते हुए अपने गंतव्य को जाता है ऐसा ट्रैफिक चावला चौराहा से ना मुड़कर सीधा ओवरब्रिज के नीचे से यू-टर्न लेकर अपने गन्तव्य को जायेंगे।

पेड़ से टकराई बस, 12 यात्री घायल

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। यात्रियों की चीख-पुकार सुन ग्रामीण दौड़े और एक दर्जन से अधिक घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

बता दें कि शुक्रवार सुबह साहिल ट्रेवल्स की एक डबल डेकर स्लीपर बस दिल्ली से यात्रियों को लेकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के हरदोई मार्ग अंडरपास टोल प्लाजा से नीचे उतरकर बांगरमऊ कस्बा आ रही थी। तभी बस चालक को अचानक झपकी लग गई और बस अनियंत्रित होकर नसिरापुर गांव के सामने सड़क किनारे लगे पेड़ में घुस गई। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुन ग्रामीण दौड़े और एक दर्जन से अधिक घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला। सूचना पर एंबुलेंस पहुंची और घायलों को सीएचसी लाई।

घायल यात्री।

- बस में सवार ज्यादातर लोग उन्नाव के, बस चालक को झपकी आने से हुआ हादसा
- यात्रियों की चीख-पुकार सुन कर ग्रामीण दौड़े, अस्पताल में कराया भर्ती

पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई बस।

हादसे में ये लोग हुए घायल

हादसे में गुड्डी निवासी आसीवन उन्नाव, अमन निवासी मियागंज आसीवन उन्नाव, कमलेश निवासी मियागंज आसीवन उन्नाव, सुमित कुमार निवासी कबुरई औरास उन्नाव, अवंतिका निवासी लोधौसी सफीपुर उन्नाव, सोनी निवासी संडीला हरदोई, विपिन निवासी कस्बा टोला बांगरमऊ उन्नाव, महेश निवासी आसीवन उन्नाव, रिशू निवासी आसीवन उन्नाव, शिवकांति निवासी कस्बा टोला बांगरमऊ उन्नाव, सलोनी निवासी कस्बा टोला बांगरमऊ उन्नाव, शिवकुमार कस्बा टोला बांगरमऊ उन्नाव घायल हुए हैं।

एक्सप्रेस-वे पर सेफ्टी गार्ड से टकराई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार बाइक साइड जाली से टकराकर पलट गई। इसमें बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। कासगंज जिला के थाना ढोलना अंतर्गत चंदन नगला गांव निवासी राजेश उर्फ बीरू (19) पुत्र महावीर बाइक से फेरी लगाकर कपड़े बेचता था। शुक्रवार को बेहटा मुजावर थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर जोगीकोट गांव के सामने बाइक अनियंत्रित होकर किनारे लगे लोहे के सेफ्टी गार्ड से टकराकर पलट गई। इसमें उसकी मौत हो गई। यूपीडा कर्मियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया।

राजेश उर्फ बीरू।

क्षतिग्रस्त पड़ी बाइक।

- देवरिया से लौटते समय हुआ हादसा

हादसे में दो युवक घायल

औरास। थानाक्षेत्र के हिम्मत खेड़ा गांव निवासी रत्नेश पुत्र स्व. पदमेश व सुशील पुत्र झिंगुरी किसी काम से मियागंज जा रहे थे। शिवदीन खेड़ा गांव की रोड़ के पास पहुंचे ही थे कि मियागंज से आम बेचकर वापस आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली से आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने लखनऊ में भर्ती कराया।

पात्र बच्चों को हर माह मिलेंगे 4 हजार रुपये

उन्नाव। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम योजना के तहत बच्चों की चिकित्सा, शैक्षिक व विकासात्मक जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता का प्राविधान है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के विधवा, तलाकशुदा व परित्यगता महिलाओं के बच्चों को असाध्य या जानलेवा बीमारियों से ग्रसित बच्चों को लाभांवित किया जाता है। इसके अलावा आर्थिक, शारीरिक, या मानसिक रूप से बच्चों की देखभाल करने में असमर्थ परिवारों के बच्चों को भी योजना का लाभ दिया जा सकता है। बता दें कि प्राकृतिक आपदा के शिकार, बाल विवाह, कानून से संघर्षरत बच्चे, बाल तस्करी, एचआईवी या दिव्यांग, घर से भागे हुए, बाल वैश्यावृत्ति, बाल श्रम, बाल भिक्षुक, सड़क पर जीवन यापन करने वाले प्रताड़ित, उत्पीड़ित शोषित को भी लाभांवित कराया जा सकता है। बताया कि योजना से संबंधित बच्चों को 4 हजार रुपये प्रतिमाह का लाभ मिल सकता है। ग्रामीण परिवारों की अधिकतम आय 72 हजार व शहरी परिवारों की वार्षिक आय 96 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

सार-संक्षेप

भंडारे में प्रसाद लेते भक्त। अमृत विचार

भंडारे में भक्तों ने लगाए बजरंग बली के जयकारे

हसनगंज। मोहान-बांगरमऊ मार्ग पर कस्बा हसनगंज में मिनी पेट्रोल पंप पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें क्षेत्रीय लोगों के साथ आने-जाने वालों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने भंडारे में पहुंचकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया। लोगों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मिनी पेट्रोल पंप पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राहगीरों ने भंडारे में पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल, बूंदी व पना का प्रसाद चखा। विधायक बृजेश रावत ने भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह से देररात तक चलता रहा। इस दौरान पंप संचालक चुन्नी वर्मा, प्रमोद वर्मा, सुकेश वर्मा, पूर्व प्रधान प्रमोद रस्तोगी, पंप मैनेजर मुकेश रस्तोगी, आनंद पंडित व पंप स्टाफ उपस्थित रहा।

पोल्ट्री फार्म के बाहर हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

पोल्ट्री फार्म की गंदगी से बढ़ीं मक्खियां, ग्रामीण परेशान

नवाबगंज, उन्नाव। अइमाखेड़ा गांव के पास बने पोल्ट्री फार्म में गंदगी, दुर्गंध व मक्खियों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। शुक्रवार को ग्रामीण पोल्ट्री फार्म पहुंचे और जमकर नारजगी जताई। जिसके बाद ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजगैन-मुंशीगंज मार्ग स्थित अइमाखेड़ा गांव से 300 मीटर दूर पोल्ट्री फार्म बना है। फार्म में गंदगी फैली होने से आसपास गांव में दुर्गंध व मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। शुक्रवार को ग्रामीण पोल्ट्री फार्म पहुंचे और गेट पर खड़े होकर गांव में मक्खियों का आतंक और गंदगी फैली होने के साथ वहां साफ-सफाई न होने को लेकर जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि तेज हवा चलने से गांव में दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। पोल्ट्री फार्म संचालक दवा छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। जिससे ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिलती। ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर समस्या दूर कराने की मांग की है।

जालसाज को पुलिस ने दबोचा

शुक्लागंज उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट पुलिस ने रिटायर्ड सैन्य अधिकारी की संपत्ति और लाखों रुपये हड़पने वाले शातिर जालसाज को मुखबिर की सूचना पर जाजमऊ से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध कानपुर व उन्नाव के कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि जाजमऊ थानाक्षेत्र के तिवारीपुर द्वितीय मानस विहार निवासी रिटायर्ड वायु सैनिक अधिकारी अर्जुन तिवारी ने बताया कि 11 फरवरी 2020 को कैलाश नगर निवासी मनोज कुमार मिश्रा ने रायबरेली रोड, आवास विकास सेक्टर-6 आकाश- इन्क्लेब थाना विकास नगर जनपद लखनऊ निवासी गंगाधर दुबे से मुलाकात कराई। जिसकी मारुति इस्टेट नाम की कम्पनी है जिसका वह प्रोपाइटर है और उसकी प्लाटिंग हरिहरपुर एहतमाली व हरिहरपुर गैर एहतमाली में चल रही है और लगातार प्रार्थी से सम्पर्क में रहा उसने अपनी प्लाटिंग का नक्शा भी दिखाया। जिस पर उसने प्लाट नं. 29 व 30 ले लिया और उसका दाखिल खारिज भी करवाया। बाद में उन्होंने भूमि नं. 49 कुल रकबा 250 वर्गमीटर और 15 लाख में ले ली। जिसकी रजिस्ट्री उसने अपने और अपनी बेटी प्रियंका तिवारी के नाम से की। आरोप है कि इस दौरान असल रजिस्ट्री ले ली। मांगने पर टरकता रहा। इस पर 41 लाख रुपये हड़पने व फर्जी रजिस्ट्री कराने से उसे आघात हुआ है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। शुक्रवार को निरीक्षक रामप्रकाश ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बाइक सवार बदमाशों ने महिला का बाला नोंचा

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बदुआ खेड़ा से परमसुख खेड़ा स्थित अपनी ससुराल जा रही एक महिला का बदमाशों ने आजाद मार्ग पर ई रिक्शा रूकवा लिया और दिन दहाड़े झपट्टा मारकर उसके कान का एक बाला नोंच कर भाग निकले। पीड़िता ने घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परमसुख खेड़ा निवासी सपना निषाद ने बताया कि वह जाजमऊ चौकी क्षेत्र के बदुआ खेड़ा स्थित वह अपने मायके गई हुई थी। शुक्रवार दोपहर ई-रिक्शे में बैठकर अपने ससुराल जा रही थी, आजाद मार्ग स्थित पीपर खेड़ा गांव के पास पीछे से लाल और काले रंग की बाइक सवार युवक पहुंचे। जहां वह किनारे बैठी थी, इस दौरान युवकों ने उनसे शुक्लागंज जाने का रास्ता पूछा, उसने रास्ता बता दिया। इसी दौरान बाइक में बैठे दूसरे युवक ने झपट्टा मारकर उसके कान का झाला नोंच दिया। सपना रोते हुये मरहला पुलिस चौकी पहुंची। जहां पुलिस को घटना की जानकारी दी। महिला ने घटना की तहरीर गंगाघाट थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

लूट की जानकारी देती पीड़िता सपना।

दस्तक अभियान की तैयारियों की हुई समीक्षा

उन्नाव। डीएम ने विभागीय अधिकारियों के साथ विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि 11 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज व ग्राम्य विकास, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, फूड एवं ड्रग व उद्यान आदि विभाग परस्पर समन्वय से सफल साबित करें। नगर निकायों में फागिंग कराने पर जोर दिया। सीएमओ डा. सत्य प्रकाश ने बताया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए 411 एएनएम, 2636 आशाएं व 2623 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवाएं ली जा रही हैं। जिले के 1037 ग्राम पंचायतों सहित 1682 राजस्व ग्रामों में संचारी रोग की रोकथाम संबंधी गतिविधियां संचालित होंगी, जिसमें साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलनिकासी व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर जोर दिया जाएगा।

परिषद के मेधावियों को मिलेंगे 21-21 हजार रुपये

उन्नाव। माध्यमिक शिक्षा परिषद के मेधावियों को शासन 21-21 हजार रुपये देकर पुरस्कृत कराएगा। वहीं प्रदेश स्तरीय मेरिट लिस्ट में शामिल छात्र-छात्राओं को पुरस्कार राशि के अलावा टैबलेट भी दिया जाएगा। डीआईओएस एसपी सिंह ने बताया कि आदेश मिल चुका है। इसलिए शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजित कर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों डीएम गौरांग राठी ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टाप टेन में शामिल 10-10 छात्र-छात्राओं अनुष्का देवी, जानवी सिंह, वर्षा वाजपेयी, सुप्रिया शर्मा, दिव्यांशी सिंह, सुभी वाजपेयी, श्रेया शर्मा, जिया चौधरी, श्रेया पटेल, विनीत सोनी, शिवांश सविता, आंकाक्षा सिंह, नेहा वर्मा, प्रिया सिंह, शिवांशी मिश्रा, दीक्षा शुक्ला, आदित्य राजपूत, शिवम, अलंकृता शर्मा व स्वतंत्र यादव को प्रशस्ति पत्र व पुस्तकें दिलाकर डीएम से सम्मानित कराया था। अब एक बार फिर इन मेधावियों को पुरस्कृत करते हुए निर्धारित धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

एक नजर

कच्ची शराब के साथ 3 महिलाएं गिरफ्तार

पुरवा। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर आबकारी इंस्पेक्टर निशांत सिंह व पुलिस टीम के साथ मौरावां थानाक्षेत्र के असरेंदा व बरेंदा गावों में दबिश देकर 110 लीटर कच्ची शराब के साथ 3 महिलाओं को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी है।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव बल्लापुर निवासी राम खेलावन के 28 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ सिंह शुक्रवार को अपने मकान में घरेलू काम कर रहा था। तभी अचानक उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

पीड़िता का आरोप, पीआरवी ने नहीं की कार्रवाई

परियर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर गांव निवासी एक महिला ने पीआरवी जवानों पर युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़िता लक्ष्मी पत्नी सोहन लाल ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के बहरौला गांव निवासी एक युवक मोहल्ले में अपनी भाभी के पास आता है। वह अक्सर उसकी छत पर चढ़ जाता है और दीवार से कूदकर घर में आकर उसे परेशान करता है। गुरुवार देररात वह फिर मोहल्ले में आया और सबको गाली देते हुए छत पर चढ़ गया। इस पर पीआरवी को फोन किया। जिसके बाद पीआरवी मौके पर गई और उल्टे पीड़िता से गालीगलौज की और मोहल्ले के युवक को पीट दिया तथा युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की।

गंगा किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की जताई आशंका

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ स्थित चंदन घाट पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में शव गंगा के किनारे पड़ा हुआ था। शव देखकर आस पास के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पहचान न होने पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है।

शुक्रवार सुबह चंदन घाट पर एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का नग्न अवस्था में शव गंगा के किनारे औंधे मुंह पड़ा घाट के लोगों ने देखा। जिस पर सुबह करीब साढ़े दस बजे शव मिलने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गंगा से बाहर निकलवाया। जिसके बाद आस पास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि शव को देखकर हत्या होने की बात कह रहे हैं, क्योंकि मृतक के शरीर में कोई पकड़े नहीं थे। ऐसा लग रहा था कि उसे मारा पीटा गया है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है।

चंदन घाट पर जांच पड़ताल करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

2.34 करोड़ रुपये से होंगे विकास कार्य

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

- क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित

अमृत विचार। शुक्रवार को ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख आनंद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सदन में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराए गये विकास कार्यों पर चर्चा भी हुई। बैठक के दौरान सदन में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास विभाग, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग व कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अधिकारियों द्वारा प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को दी गई।

सदन को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख आनंद गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह ने कहा भाजपा सरकार में गरीबों के उत्थान के लिये लगातार जनहितकारी योजनाएं चल रही है। बीडीओ मुनेश कुमार ने कहा कि आवास व पेंशन के लाभार्थियों व किसानों के लिये कृषि क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। आप लोग पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मिले प्रस्तावों के आधार पर 2 करोड़ 34 लाख की कार्ययोजना सदन में पास हुई। इस दौरान महेंद्र लोधी, देशराज रावत, बंसल, ललित, सुनील लोधी, अनिल विमल, दिनेश, शिव प्रसाद, गया, विकास, पुनीत शुक्ला, मनोज दुबे आदि प्रधान व बीडीसी मौजूद रहे।

केबल जलने से 15 घंटे गुल रही इंद्रा नगर की बिजली

शुक्लागंज उन्नाव। गुरुवार रात इंद्रा नगर मोहल्लों में एबीसी केबिल जल जाने के कारण सैकड़ों घरों की बिजली 15 घंटे तक गुल रही। बिजली न आने से लोगो को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ब्रम्ह नगर में केबिल डालने के दौरान सुबह से शाम तक बिजली गुल रही।

पोनी रोड इंद्रा नगर मोहल्ले की एक गली में गुरुवार रात लगभग दस विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान एबीसी केबिल स्पार्किंग के साथ जल गई। जिससे एक सैकड़ा से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को अवगत कराया। इसके बावजूद बिजली कर्मी मरम्मत के लिये नहीं पहुंचे। जिस कारण पूरी रात क्षेत्र की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर अधिकांश लोग छतों पर टहल कर रात काटने का मजबूर हुये। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे कर्मचारियों ने जली केवल उतार कर 100 मीटर नई एबीसी केबिल डाली। दोपहर एक बजे प्रभावित घरों की बिजली सप्लाई चालू हो सकी। इसके अलावा ब्रम्ह नगर मोहल्ले में कार्यदायी संस्था ने नई एबीसी केबिल डालने का कार्य किया। जिस कारण सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बंद रही।

आदर्श नगर पंप हाउस की फिर खराब हुई मोटर, पानी की समस्या गहराई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। पालिका के आदर्श नगर में बने पंप हाउस की मोटर एक बार फिर खराब हो गई है। जिस कारण तीन दिनों से चार मोहल्लों की जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने जल कल विभाग को दी।

आदर्श नगर पंप हाउस की मोटर दस दिन पहले खराब हो गई थी। जिस पर पालिका के जल कल विभाग ने नई मोटर डलवाकर क्षेत्र की जलापूर्ति चालू कराई थी। इधर बुधवार को जलापूर्ति के दौरान मोटर खराब हो गई। जिस कारण सर्वोदय नगर, कंचन नगर, जगनीखेड़ा, आदर्श नगर में होने वाली जलापूर्ति बंद हो गई। पालिका की सप्लाई बंद होने से चार मोहल्लों के सैकडों घरों में पानी न आने से लोग बेहाल रहे। जलापूर्ति न होने पर इसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने पालिका को दी। जिस पर पालिका के जल कल विभाग ने पंप हाउस में पड़ी मोटर को बाहर निकाला। जहां बैरिंग कटी होने पर उसे मरम्मत के लिये भेजा है। इस बावत जलकल प्रभारी पकंज ने बताया कि मोटर की बैरिंग खराब होने से पंप हाउस की जलापूर्ति बंद हैं। मोटर खोलकर मरम्मत के लिए भेजी गई है। जल्द ही चारों मोहल्लो की जलापूर्ति चालू करा दी जायेगी।

पंप हाउस से निकाली गई मोटर।

- भीषण गर्मी में 3 दिन से 4 मोहल्लों की जलापूर्ति बंद

पति की मौत पर बिलखती पत्नी व अन्य। अमृत विचार

काम करते समय मजदूर का पैर फिसला, हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। भवन निर्माण में लगा श्रमिक अचानक पाढ़ से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। साथी मजदूरों ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सदर कोतवाली अंतर्गत रूपनी खेड़ा गांव निवासी बिरजू लोध (35) पुत्र बाबूराम मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। शुक्रवार को वह मगरवारा चौकी क्षेत्र के बनर्जी अस्पताल के पास हुई प्लाटिंग में निर्माणाधीन मकान में काम करने गया था। पाढ़ बांधकर ईंटों की जुड़ाई के समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नीचे रखे लोहे के फर्मा पर गिर गया। साथी मजदूर उसे ई-रिक्शा से अस्पताल ला रहे थे तभी एंबुलेंस पहुंच गई और उसे जिला अस्पताल लाया गया। ईएमओ मनीष चौरसिया ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अत्यवस्था दही चौकी- पुरवा तिराहे पर 10 माह पहले बनाई गई थी वाटिका

20 लाख से बनाई गई रामायण वाटिका बदहाल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। दही चौकी- पुरवा तिराहे पर 10 माह पूर्व लाखों की लागत से बनी रामायण वाटिका की ओर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। जिसके चलते वाटिका के किनारे लगीं लोहे की ग्रिल कई जगह टूट गई हैं। वाटिका अपना अस्तित्व खोने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। देखरेख के अभाव में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

विकास खंड बिछिया के गजौली गांव के दही चौकी कस्बा स्थित 10 माह पूर्व लखनऊ- कानपुर राजमार्ग निर्माधीन कार्यदाई संस्था पीएनसी ने बीस लाख रुपये की लागत से बनाई थीं। जो कि जिले में प्रवेश करते ही रामायण वाटिका अपनी ओर लोगों को आकर्षित करती थीं। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते ही महज 10 माह बीतते ही वाटिका की साफ- सफाई नहीं होने के कारण वाटिका में झड़ियाँ उग आई है। चारों ओर कूड़ा बिखरा पड़ा हुआ है।

वहीं यहां उगी झाड़ियां व जंगली घास को देखकर सहजता से अंदाजा लगाया जा सकता हैं, कि यहां सफाई हुए दो चार दिन नहीं बल्कि महीने गुजर चुके हैं।

रामायण वाटिका में उगीं झाड़ियां। अमृत विचार

बोले अधिकारी...

एडीओ पंचायत बिछिया उदयवीर सिंह ने बताया कि अभी वहां की स्थिति के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। मैं खुद जाकर देखूंगा और अगर गंदगी मिलती है तो साफ-सफाई करवाई जायेगी।

जिले की पहचान के लिए हुआ था निर्माण

जिले के परियर क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम हैं। मान्यता यह हैं कि लव कुश का जन्म इसी जनपद में हुआ था। जिले की विशेष पहचान के लिए लखनऊ - कानपुर हाइवे के किनारे दही चौकी तिराहे पर बने पार्क में रामायण वाटिका का निर्माण हुआ था। जिसकी विभिन्न प्रकार की सजावट लाइटें रात के अंधेरे में आने जाने वाले लोगों का मन मोह लेती थीं। अब सब बदहाल हैं।

बैठने के लिए भी नहीं है जगह

पहले लोग वाटिका में हरी घास, फूलों के पौधों आदि की कल्पना करते हैं। लेकिन इन सब के विपरित दहीचौकी- पुरवा मोड़ स्थित लवकुश वाटिका जाने वाले लोगों को वहां कांटेदार झाड़ियों, जंगली घास व खस्ताहाल बैंच के दर्शन होते हैं।

बांरगमऊ में योगाभ्यास करते विधायक श्रीकांत कटियार व अन्य। अमृत विचार

नवाबगंज में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

योग दिवस पर परियर में रैली निकालते लोग। अमृत विचार

डीएसएम स्कूल में योगाभ्यास करतीं योग शिक्षिका। अमृत विचार

निरोग रहने को दिखा योगासन का उत्साह

जिले भर में जगह-जगह लोगों ने किया योगाभ्यास, स्पोर्ट्स स्टेडियम में बच्चों को प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पं. दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव उद्यान व रेशम बीएल मीणा व डीएम गौरांग राठी की मौजूदगी में योगाभ्यास कराया गया।

नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम की शुरुआत से पहले शुभकामनाएं देते हुए योग की उपयोगिताएं बताई। योगाचार्य राम प्रकाश द्विवेदी, कविता यादव व वंदना तिवारी ने योगाभ्यास के लिए पहुंचे सभी लोगों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम कराए। समापन से पहले नोडल अधिकारी ने डीएम के साथ सूर्य नमस्कार, ट्रेडिशनल योग व आर्टिस्टिक सिंगल बालक वर्ग की योग प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों अयन त्रिपाठी, नैतिक प्रजापति, बालिका वर्ग में कंचन, अनन्या पाल व पुष्पा और ट्रेडिशनल योगा में माही यादव, पुष्पा, अंशिका साहू व अनमोलिका सिंह को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, आदि मौजूद रहे। निराला उद्यान, पन्नालाल पार्क, पीडी नगर के प्रियदर्शनी पार्क व आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन पार्क में भारत स्वाभिमान पंतजलि योग पीठ सहित अन्य संस्थाओं की ओर से योग किया गया। एसवीएम इंटर कालेज में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी आदि ने योग किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास करते डीएम गौरांग राठी व अन्य। अमृत विचार

पुरवा संवाददाता के अनुसार, तहसील में एसडीएम रनवीर सिंह व तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह के नेतृत्व में कर्मियों ने योग किया। कोतवाली में सीओ सोमेंद्र विश्वास व इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में, ब्लाक कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू गुप्ता व बीडीओ संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व, असोहा के कुटीबीर मंदिर में भाजपा नेता संजय शुक्ल ने समर्थकों सहित योग किया। विधायक अनिल सिंह के प्रतिनिधि मोहन सिंह ने योगाभ्यास करते हुए सभी को बधाइयां दीं।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, संडीला मार्ग स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रिजवान अहमद के संयोजन में, ब्लाक रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र पर, बेहटा मुजावर स्थित आम्रपाली आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज व हास्पिटल में प्रशिक्षुओं व स्टाफ ने, विधायक श्रीकांत कटियार की मौजूदगी में योग किया।

नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, नगर पंचायत कार्यालय में ईओ अनिल कुमार ने वेस्ट टू वंडर पार्क में, ब्लाक कार्यालय में योगाचार्य ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, एडीओ मनोज कुमार ने योग किया। वहीं श्यामलाल इंटर कालेज में आयोजन हुआ।

परियर संवाददाता के अनुसार, सिकंदरपुर सरोसी में जल जीवन मिशन हर घर जल योजनांतर्गत लखनऊ से प्योर लाइफ सोसाइटी की टीम द्वारा ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम किया। सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता व खंड विकास अधिकारी फहद खान ने योग किया।

योग कर निरोग रहने का दिया संदेश

शुक्लागंज उन्नाव। सुबह साढ़े पांच बजे शुरू हुए अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योग समिति की ओर से योगाचार्य उमाशंकर यादव के नेतृत्व में डीएसएम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, आशुतोष शुक्ला, डॉक्टर तारकेश्वर पाण्डेय, अंजनिकान्त मिश्र, रवि शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्र, अवनीश शुक्ला, सत्यकुमार उपाध्याय, सुन्दर लाल तिवारी, पवन अवस्थी, जयराम सेंगर, राजकुमार शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। इसके साथ ही नमामि गंगे पार्क में पालिका और वन विभाग की ओर से संयुक्त योग किया गया। जहां पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, संदीप पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा, अनूप शुक्ला के अलावा पालिका की सभासद और कर्मचारियों ने ने योग किया। वहीं वन विभाग के प्रेमशंकर तिवारी ने योग कराया। गायत्री शक्तिपीठ बालूघाट में भारी संख्या में लोगों ने सिरकत किया। इसके साथ ही गंगाघाट कोतवाली में कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने मातहतों के साथ योगाभ्यास किया। इसके अलावा पीएचसी, सीएचसी, गंगाघाट स्टेशन, पशु चिकित्सालय में भी योग कराया गया।

नमामि गंगे पार्क में योग करतीं पालिकाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

स्कूलों में भी मनाया गया योग दिवस

शुक्लागंज। योग दिवस पर गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य रमेश तिवारी व सरस्वती विद्या मंदिर गोपीनाथपुरम में प्रबंधक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य श्रवण सिंह, शिव सिंह आदि ने योग किया। वहीं शिवम कान्वेंट, अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पूर्णिमा इंटर कॉलेज, दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, शिवांश कान्वेंट समेत तमाम स्कूलों में बच्चों ने योग किया।

गोपीनाथपुरम स्थित एसवीएम स्कूल में योग करते लोग। अमृत विचार

गणना में वन विभाग को मिले 12 सारस

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

अमृत विचार। राज्य पक्षी सारस के संरक्षण को लेकर योगी सरकार ने पहल करते हुए प्रदेश में दो दिवसीय सारस की गणना किये जाने के निर्देश दिए है। जिसके चलते नवाबगंज चंद्रशेखर आजाद पक्षी विहार में रेन्ज अधिकारी विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में दो टीमें गठित कर गुरुवार और शुक्रवार को पक्षी विहार के झील परिसर में सारस पक्षी सुबह 6 से आठ बजे और शाम 4 से 6 बजे तक गणना हुई।

राज्य पक्षी सारस को देखते वन विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

गणना में पर्यटक सैलानी सहित प्रकृति प्रेमियों ने भी खूब हिस्सा लिया। 2023 में हुई गणना में 19522 सारस पक्षी पाये गये थे। पक्षी विहार के रेंजर विवेक सिंह ने बताया गणना गुरुवार से शुक्रवार दो दिन होनी थी। इस दौरान पहले दिन सुबह 10 सारस का झुंड पक्षी विहार झील के ऊपर उड़ता दिखाई दिया। दूसरे दिन शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे दो सारस विचरण करते दिखाई दिये। जिनकी फ़ोटो कैमरे में कैद की गई है। जिनकी फ़ोटो व संख्या मुख्य वन संरक्षक ईको विकास लखनऊ को भेजी जाएगी। सारस की गणना वर्ष में दो बार ग्रीष्म व शीत काल मे होती है। गणना में पक्षी विहार के दरोगा अमन वर्मा संजय बंटी सहित पर्यटकों व प्रकृति प्रेमियो ने भी भाग लिया।

विधायक ने नमामि गंगे पार्क में किया पौधरोपण

शुक्लागंज, उन्नाव। नमामि गंगे घाट पर वन विभाग के न कर्मी प्रेमशंकर तिवारी, संतोष वर्मा, संदीप पापरिया की ओर से योग दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां सदर विधायक पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे पहुंची। जहां सभी ने पार्क के चारों ओर पौधे लगाये। इस दौरान उन्होंने साठ पौधे लगाये। उन्होंने कहा कि जिस पर इस वर्ष पड़ रही प्रचंड गर्मी को रोकना है तो हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। इस दौरान ईओ मुकेश मिश्रा, जेई घनश्याम मौर्या के अलावा पालिका कर्मी व वन कर्मी मौजूद रहे।

नमामि गंगे पार्क में पौधरोपण करते विधायक पंकज गुप्ता।

सहजनी में होता शर्बत वितरण। अमृत विचार

कबीर जयंती पर सहजनी में हुआ शर्बत वितरण

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। शुक्रवार को संत कबीर जयंती को देखते हुये सहजनी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संत कबीर जयंती पर सहजनी में समाज सेवियों ने गर्मी में ठंडा शर्बत बांटा। जहां आने जाने वाले राहगीरों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली।

शर्बत वितरण सुबह से शाम तक चलता रहा। इस मौके पर बाबूलाल बैरागी, सुभाष सिंह, पुष्पा गौतम, सुनील गौतम, चाहत सिंह, सत्यम, दीक्षा गौतम, नंदकिशोर द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

युवक ने फंदे से लटककर की खुदकुशी

उन्नाव। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत मवैया गांव निवासी युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन उसे कानपुर के निजी अस्पताल ले गए थे। कोमा में चले जाने के बाद उसकी मौत हो गई।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र की लाल कुआं चौकी अंतर्गत मवैया गांव के अंकित पटेल पुत्र रणधीर ने मंगलवार दोपहर अपने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। कानपुर में इलाज के दौरान उसके कोमा में चले जाने पर परिजन उसे घर ले आए थे। गुरुवार रात अंकित की मौत हो गई। शुक्रवार गढ़वा घाट पर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

3 भाइयों को ट्रक ने रौंदा, तीनों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत मियागंज चौराहा के पास दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक बाइक में बैठे दो भाई व एक ममेरा भाई उछल कर सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे रौंद दिया। इसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में दूसरी बाइक चला रहा युवक गंभीर घायल हो गया।

तीन भाइयों के शव देख परिजन बेहाल हो गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए शवघर भेजा गया। पुलिस ने चालक और ट्रक को पकड़ लिया है। मियागंज के मेवाती टोला निवासी अभय (18) पुत्र वंश राज अपने छोटे भाई अभिषेक (15) व ममेरे भाई जय (12) पुत्र बबलू के साथ बाइक से मियागंज चौराहे पर स्थित आम मंडी से मजदूरी कर लौट रहा था। तभी मियागंज सीएचसी के सामने उनकी बाइक सामने से आए सौरभ (21) पुत्र सर्वेश निवासी सुभाष नगर हरदोई की बाइक से टकरा गई। इसमें अभय अभिषेक और उछल कर सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इसमें उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई और जाम की स्थिति बन गई। जानकारी पर पुलिस पहुंची व घायल सुभाष को अस्पताल पहुंचाया। इसी बीच हादसे की खबर पाकर परिजन पहुंचे और शव देख सदमे में आ गए। दो सगे और ममेरे भाई की मौत से गांव में मातम पसर गया।

घटनास्थल पर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

सार-संक्षेप

रेलवे ट्रैक के किनारे फिर लगी आग

शुक्लागंज उन्नाव। शुक्रवार रात कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित छमक नाली पुलिया के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक बार फिर झाड़ियां में आग लग गई। आग लगने की सूचना रेल कर्मियों ने फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। शुक्रवार रात सरैया 108 छमकनाली के पास खड़ी झाड़ियां में किसी ने आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण सुखी झाड़ियां धू धू कर जलने लगी। भीषण आग होने के कारण आग की लपटे रेलवे ट्रैक तक पहुंच गई। यह देख गेट मैन ने गंगा घाट रेलवे स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची दमकल की गाड़ी ने किसी तरह मशक्कत कर झाड़ियां की आग बुझाई।

आग से तेजस और गोमती एक्सप्रेस रुकीं: ट्रैक के किनारे आग लगने के कारण गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर 8:15 पर गोमती एक्सप्रेस पहुंची लेकिन डाउन लाइन ट्रैक पर आग पहुंचने के कारण गंगा घाट रेलवे स्टेशन पर उसे रोक दिया गया। इसके बाद 8:42 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। वहीं 9:06 बजे पर तेजस एक्सप्रेस पहुंची। वह भी 1 मिनट तक गंगा घाट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। इसके अलावा एक मालगाड़ी भी आपके चलते प्रभावित रही।

हत्या की आशंका पर कराई फॉरेंसिक जांच

जांच कर घर से बाहर निकलती फॉरेंसिक टीम व पुलिस।

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विदेश से चाचा के आने के बाद संदिग्ध परिस्थिति में घर के दरवाजे की ग्रिल से लटके मिले किशोर के शव का शुक्रवार देरशाम परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के समय किशोर घर में अकेला था। परिजनों द्वारा किशोर की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताने पर पुलिस ने घटना की जांच कराई है। फतेहपुर चौरासी कस्बा क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी विनय सैनी पुत्र कृष्ण कुमार के 15 वर्षीय बेटे सत्यम का शव गुरुवार सुबह घर में कमरे के दरवाजे की ग्रिल में फंदे के सहारे संदिग्ध परिस्थिति में लटका मिला था। उसके पिता मंगलवार को परिजनों के साथ कासिमपुर थानाक्षेत्र के गांव बड़ी बेहदर निवासी अपनी नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। घटना की रात वह घर में अकेले था। परिजनों द्वारा घटना के बाद से लगातार हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई जा रही थी। इसके तहत शुक्रवार को पुलिस ने घटना की फोरेंसिक जांच कराई। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर कराए गये शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने बात सामने आई है।

लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत ब्रम्हना गांव निवासी हरिओम (21) पुत्र सीताराम शुक्रवार दोपहर उन्नाव शहर आया था। शाम को वह बाइक में पीछे ड्रम बांध लौट रहा था। तभी माखी थानाक्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर डीहा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। पीआरवी ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लेखपाल से मारपीट पर दर्ज हुई एफआईआर

उन्नाव। डीएम के निर्देशों पर आखिर प्रशासनिक अधिकारियों को शहर में अतिक्रमण हटवाने के लिए सख्त रुख अख्तियार करने को मजबूर होना पड़ा। अवैध कब्जे हटवाने के दौरान कुछ लोगों द्वारा लेखपाल के साथ मारपीट किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही अब कूड़ा गाड़ियों से अतिक्रमणकारियों को स्वयं कब्जे हटा लेने की चेतावनी दिलाई जा रही है। उल्लखनीय है कि बुधवार को डीएम गौरांग राठी जाम की समस्या हल कराने के लिए स्वयं बड़ा चौराहा पहुंच गए थे। उन्होंने विभिन्न अधिकारियों के साथ आसपास इलाके का निरीक्षण कर मातहतों को जाम समाप्त कराने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे।

दिशा-निर्देश विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की

हर जरूरतमंद को मिले स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। कहा कि जरूरतमंदों को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिया जाना चाहिए।

डीएम ने कहा कि जननी सुरक्षा व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से किसी जरूरतमंद का वंचित नहीं रहना चाहिए। आशाओं के भुगतान, नियमित टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, ई-संजीवनी टेली कंसल्टेशन, राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण, मलेरिया उन्मूलन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजनाओं के संबंध में नोडल अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली। कहा कि ओपीडी व आईपीडी प्रभावशाली होनी चाहिए। सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सक या सीएचओ की उपलब्धता होनी चाहिए। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावशाली होना चाहिए। उन्होंने आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता व रखरखाव की समीक्षा की। जननी सुरक्षा योजना के माध्यम से संस्थागत प्रसव कराने पर जोर दिया। डीएम ने कहा कि कोई गर्भवती व पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव कम करने के लिए सभी चिकित्साधिकारी जरूरतमंदों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं। इस दौरान सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, बीएसए संगीता सिंह, डीपीओ राकेश मिश्रा सहित सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ व प्रभारी चिकित्साधिकारी आदि मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

भुगतान में धांधली पर दी कार्रवाई की चेतावनी

डीएम ने विभागीय अधिकारियों को सख्त लहजे में बताया कि आशा बहुओं के भुगतान में लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। विभागीय रिपोर्ट के मुताबिक काम करने के बावजूद आशा बहुओं को औसतन 6125 से काफी कम भुगतान दिए जाने की जानकारी हो रही है। यह विभागीय अधिकारियों की शोषक प्रवृत्ति का इशारा है। उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि किसी भी फील्ड लेवल वर्कर का आर्थिक शोषण किसी सूरत में नहीं होना चाहिए। शिकायत पर कराई जाने वाली जांच में मनमानी उजागर होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आयुष्मान कार्ड की सुस्ती पर जताई नाराजगी

आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुए योजना से आच्छादित परिवारों को शीघ्र आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने को कहा। योजना के तहत जिले में 17,37,986 चयनितों में 9,32,317 को ही आयुष्मान कार्ड जारी किए जाने पर नाराजगी जताई। आयुष्मान कार्ड बनाने में अब अलग से किसी आईडी की आवश्यकता नहीं है। कोई पात्र व्यक्ति नागरिक अपने राशन कार्ड व आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से वेबसाइटी पर जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकता है। इसके लिए जागरूकता बढ़ाई जाए।

माध्यमिक विद्यालयों में शुरू किए जाएंगे व्यवसायिक पाठ्यक्रम

संवाददाता उन्नाव। माध्यमिक शिक्षा परिषद बहुत जल्द नवीं से 12वीं कक्षा तक छात्र-छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षा भी उपलब्ध कराएगी, जिसमें निर्माण के साथ कृषि सेक्टर से जुड़े पाठ्यक्रम को वरीयता दी जाएगी। संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा। डीआईओएस ने कहा कि अभी शासनादेश नहीं प्राप्त हुआ है, लेकिन इस पर अमल शुरू होना है। बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए बुनियादी शिक्षा के साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया जाना जरूरी माना जा रहा है। वैसे आईटीआई, पॉलीटेक्निक, स्किल इंडिया व कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवाओं को व्यवसायपरक शिक्षा दिलाई जा रही है। शहर के जीआईसी व जीजीआईसी में पहले से कंप्यूटर सहित व्यवायिक पाठ्यक्रम शुरू कराए जा चुके हैं।

अपुत्रस्य गृहं शून्यं दिशः शून्यास्त्वबान्धवाः।
मूर्खस्य हृदयं शून्यं सर्वशून्यं दरिद्रता॥

पुत्रहीन के लिए घर सुना हो जाता है जिसके भाई न हो उसके लिए दिशाएं सूनी हो जाती हैं, मूर्ख का हृदय सूना होता है, किंतु निर्धन के लिए सब कुछ सूना हो जाता है।

संपादकीय

लंबित सुधारों का समय

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों और सिफारिशों पर कारोबारियों, नीति निर्माताओं और आम जनता सहित विभिन्न हितधारकों की नजर बनी हुई है। गत वर्ष अक्टूबर के बाद पहली बार होने वाली इस बैठक में, परिषद के पास बहुत सारे नियमित काम हो सकते हैं, जिसमें ऑनलाइन गेम और कैसीनो पर 28 फीसदी शुल्क जैसे पिछले फैसलों से संबंधित स्पष्टीकरण और समीक्षाएं शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि परिषद जीएसटी की जटिल, बहु-दर संरचना को तर्कसंगत बनाने की योजना को पुनर्जीवित करने जैसी बड़ी चीजों के लिए भी वक्त निकालेगी। परिषद के लिए अपने लंबित सुधार संबंधी एजेंडे पर जोर देने का यह सही समय है ताकि इसे मूल रूप से परिकल्पना के मुताबिक वास्तव में एक अच्छा और सरल कर बनाया जा सके। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद समय-समय पर जीएसटी व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह बैठक करती है, जिसमें कर दरें, नीतिगत बदलाव और प्रशासनिक मुद्दे शामिल होते हैं। देश में जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। सात वर्ष में यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

जीएसटी परिषद भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, यह सुनिश्चित करती है कि यह देश के आर्थिक लक्ष्यों के अनुरूप हो और नागरिकों व व्यवसायों पर कर का बोझ कम करे। बिजली, प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों जैसे बाहर रखे गए मदों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की भी जरूरत है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवसाय जगत इन इनपुट के लिए क्रेडिट का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया। जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। यानि छोटी कंपनियों के लिए अनुपालन को आसान बनाने के साथ-साथ सभी व्यवसायों के लिए इस प्रणाली को सरल बनाने की गुंजाइश है। हालांकि जीएसटी परिषद जीएसटी से संबंधित निर्णय लेती है, लेकिन केंद्र सरकार को, राजनीतिक संरचना से परे, लंबित सुधारों को शुरू करना चाहिए। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया और इसमें सुधार की गुंजाइश है। यह हमारी सुधरती अर्थव्यवस्था का मजबूत संकेत हैं।

मांसाहार, शाकाहार और पशु वध

डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्याय संगत होगा?

इन दिनों सोशल मीडिया पर बहस चल रही है। बहस में मांसाहार और शाकाहार पर विचार व्यक्त किए जा रहे हैं और जो एक विशेष धार्मिक मत के त्योहार पर प्रारंभ हुई थी। मांसाहार के लिए होने वाले पशु-वध पर बात करें तो जंतु-जगत जिसमें मानव भी सम्मिलित है, अपने आहार के लिए अन्य जीवन को नष्ट तो करता ही है। हरे पौधे ही प्रकाश, कार्बन डाइऑक्साइड और पानी से अपना भोजन स्वयं बना सकते हैं, जंतु नहीं। उन्हें तो वनस्पतियों द्वारा बनाए गए भोजन पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। क्योंकि यह भोजन उन वनस्पतियों के शरीर के अंदर ही भंडारित होता है, इसलिए उन्हें वनस्पतियों के प्राण भी लेने ही होंगे।

निश्चित रूप से वनस्पतियां भी जीवित होती हैं। हम लोग तमाम अन्य प्राणियों के प्राण भी लेते ही हैं। हम लोग न मालूम कितने बैक्टीरिया और वायरसेज को मार देते हैं। दही तो लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया का संवर्धन ही होता है, हम इसे आराम से खाते हैं। हम अनेक कृमियों और अपने लिए हानिकारक कीटों को भी नष्ट करते ही हैं। ऐसा करते समय हम किंचित भी अपराध बोध से ग्रस्त नहीं होते हैं। अंतर कहां पर है? अंतर इन जीव-जंतुओं की चेतना के स्तर में है। एक बैक्टीरियम, एक स्पंज, एक कॉकरोच, एक बकरे और एक मानव की चेतना के स्तर में अंतर होता है। यह अंतर उनके मस्तिष्क अथवा तंत्रिका तंत्र में अंतर के कारण होता है।

यदि लोग आत्मा की बात करते हैं तो जैसा कि कहा जाता है। आत्मा हर जीव-जाति या 'योनि' में एक समान ही होती है, तब तो फिर किसी भी जीव का वध एक समान ही होना चाहिए। तब तो एक पौधे, एक अमीबा, एक बकरे और एक मानव का वध एक समान ही होना चाहिए, लेकिन क्या ऐसा वास्तव में है? क्या एक पौधे को मारना, एक चींटी को मारना, एक कॉकरोच को मारना, एक बकरे को मारना और एक मानव को मारना एक समान ही है? नहीं, ऐसा नहीं है। यह अंतर चेतना के अंतर के कारण ही है। एक पौधा पीड़ा का अनुभव नहीं करेगा, एक स्पंज भी ऐसा नहीं करेगा, एक बकरा पीड़ा और डर का अनुभव करेगा और एक मनुष्य इन बातों के अतिरिक्त

> जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी।

अन्य प्रकार से प्रभावित भी होगा। उसके परिजन दुःखी होंगे, उस व्यक्ति के सारे विचार नष्ट हो जाएंगे, उसकी बुद्धिमत्ता से समाज वंचित हो जाएगा।

जीव-जातियों में ये सारे अंतर उनके मस्तिष्क में अंतर और उससे उत्पन्न उनकी चेतना में अंतर के कारण हैं। अतः जो प्राणी दुःख और कष्ट का अनुभव करता है, हम अपने भोजन के लिए उसे कष्ट क्यों पहुंचाएं? यदि हमारे पास अन्य प्रकार का भोजन उपलब्ध है तो हम उसे ही क्यों न उपयोग में लाएं? हम पशु-वध क्यों करें? हम वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को उसके मूल रूप में क्यों न देखें? लेकिन हम भोजन संबंधी इन बातों के लिए एक निश्चित नियम नहीं बना सकते हैं। इसमें हमें अनेक बातें देखनी पड़ेंगी। इसमें हमें विशेष प्रकार के भोजन की उपलब्धता और अनुपलब्धता भी देखनी पड़ेगी। क्या हम बंगालियों जिनको मछली प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है से यह कहें कि वह मछली खाना बंद कर दें? क्या हम चीनी लोगों से कीड़े-मकोड़े और अन्य प्रकार के जीव जंतुओं को खाना बंद करने के लिए कहें? क्या हम संसार के अरबों मांसाहारी लोगों को 'पापी' मानें? मैं ऐसा नहीं करना चाहूंगा।

बहुत से ठंडे प्रदेशों, जहां केवल मास और लाइकेन होते हैं और जिन्हें रेनडियर तो खा सकते हैं, लेकिन मानव नहीं, में हम मानव को उन मॉसेज और लाइकेंस को खाने पर विवश करें? नहीं, हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। बायोलॉजिकली भी हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। यदि मानव को उन प्रदेशों में रहना है तो उसे रेनडियर को खाना ही पड़ेगा। कुल मिलाकर मैं यही कह सकता हूं कि हम जीव-दया का सिद्धांत अपने मन में सदैव रखें, लेकिन हम इसके लिए कट्टर न हों। इसके अतिरिक्त हम नियम अपने लिए तो बनाएं अन्य के लिए नहीं। हम दूसरों को अपने नियम मानने पर विवश न करें। हम हमारे नियमों को दूसरों के द्वारा न माने जाने पर उन्हें 'पापी' न कहें। हम उनके ऐसा करने पर उन्हें एक 'निम्न स्तर' का मानव न मानें। हम चाहें तो स्वयं मांस कभी न खाएं। किसी दुर्गम स्थान में फंस जाने पर और वहां खाने के लिए केवल मांस होने पर भी हम मांस न खाएं और अपने प्राण दे दें, लेकिन क्या हमें दूसरों से भी ऐसी ही आशा करनी चाहिए? क्या यह न्यायसंगत होगा?

एक बात और है। यह बात तो भोजन के लिए पशु वध की थी। यहां तो लचीला हुआ जा सकता है, लेकिन धर्म के नाम पर देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के नाम पर, उस 'ऊपर वाले' को प्रसन्न करने के नाम पर पशु वध को किसी भी सूरत में सही कैसे कहा जा सकता है? इन कार्यों के पीछे जो भी कारण बताए जाते हैं, यदि हम उनको तर्क के तराजू पर तौलें तो वह सब खोखले ही सिद्ध होंगे। मैं मनुष्य के लिए हानिकारक वायरसेज, बैक्टीरिया, कृमियों, कीटों और पशुओं का वध करना चाहूंगा। मैं संक्रमण होने पर उन हानिकारक जीवों को मारने के लिए दवाई खाना पसंद करूंगा। एक आदमखोर जंतु को भी और कोई उपाय न रहने पर मार ही दिया जाता है, क्योंकि मनुष्य की चेतना उस पशु की चेतना से बेहतर होती है। अपने आप को और अपनी जाति को जीवित रखना सबसे बड़ा धर्म है। यह वह मूल बायोलॉजिकल गुण है जिसके कारण जातियों में विकास हुआ और वह जीवित रह पाईं जिसके कारण जीवन के प्रारंभिक रूपों से आज के विविध रूप उत्पन्न हुए। इसलिए हमें खाना भी खाना होगा और अपनी रक्षा भी करनी होगी, लेकिन ऐसा हम दूसरों को जितना कम कष्ट पहुंचाकर कर सकें, उतना अच्छा है। मनुष्य अपने भोजन के लिए दूसरों को कुछ कष्ट तो पहुंचाता ही है। वह मधुमक्खियों से उनका शहद छीन लेता है और गाय-भैंसों के बच्चों से उनका दूध, लेकिन यह कष्ट जितना कम हो सके उतना अच्छा है। मैं धर्म के नाम पर एक तार्किक दृष्टिकोण रखना पसंद करूंगा।

एक अंतिम प्रश्न और है। अब कृत्रिम शहद और कृत्रिम दूध भी बन गया है। उनका सेवन उचित ही है। वैसे पशुओं से प्राप्त दूध एक जंतु उत्पाद ही है। हां, अब वनस्पतियों से भी दूध प्राप्त कर लिया गया है। आज पौधों की जेनेटिक इंजीनियरिंग करके उनसे मानव के समान गुणों वाला दूध भी प्राप्त कर लिया गया है। प्रयोगशालाओं में कृत्रिम मांस भी बना लिया गया है। यह एक जंतु कोशिका को संवर्धित करके बना लिया जाता है। वैसे ही जैसे वनस्पति कोशिका से वनस्पति प्राप्त की जा सकती है। इस कृत्रिम मांस को बनाने और उसे खाने में हम किसी भी प्राणी को किंचित भी कष्ट नहीं पहुंचा रहे होते हैं। यह पौष्टिक तत्वों का एक अच्छा स्रोत होता है और उचित मात्रा में लेने पर यह किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं होता है। क्या इसे भी खाना मना होना चाहिए? यदि हां, तो क्या इसके पीछे केवल कुछ धार्मिक कारण ही कहे जाएंगे? क्या वह धार्मिक कारण समुचित होंगे? क्या यह मांस जीवित माना जाएगा अथवा मृत? और क्या इसकी कोशिकाओं में आत्माएं मानी जाएंगी? वैज्ञानिक रूप से तो जीवित कोशिकाओं से बना मांस जीवित ही होता है। ठीक वैसे ही, जैसे जीवित वनस्पति कोशिकाओं से बना कोई आलू जीवित होता है। भले ही वह प्राकृतिक रूप से बना हो अथवा कृत्रिम रूप से।

प्रसंगवश

कभी अनपढ़ भी हो सकता है प्रधानमंत्री

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मध्य प्रदेश के धार जिले के एक कार्यक्रम में बोर्ड पर "बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ" सही ढंग से नहीं लिख पाईं, बहुत गलत लिखा। इसकी खूब खिल्ली उड़ रही है। दरअसल संविधान में लोकसभा सदस्य या मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता निर्धारित ही नहीं है। तब इस तरह के नमूने तो आते ही रहेंगे। कभी अनपढ़, अंगूठा टेक व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री भी हो सकता है। नेहरू मंत्रिमंडल में मौलाना अबुल कलाम आजाद शिक्षा मंत्री थे। वे थे तो विद्वान, किंतु अंग्रेजी व अन्य बाहरी भाषाओं के, अपनी स्वदेशी हिंदी के नहीं। तत्समय हिंदी के प्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' लखनऊ के एक अस्पताल में बीमार चल रहे थे। ऐसे में प्रसिद्ध हिंदी कवयित्री महादेवी वर्मा ने कलाम साहब को पत्र लिखकर निराला जी के सही ढंग से इलाज कराने की मांग की। कलाम साहब ने उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त को पत्र लिखा। पत्र कुछ यूं थाः 'यूपी से महादेवी नाम की औरत ने मुझे खत लिखकर वाकिफ कराया है कि लखनऊ के एक अस्पताल में निराला नाम का शख्स जेर इलाज है। आप गौर करके उसका सही इलाज करवा दीजिए'। गुप्ता जी ने इलाज की समुचित व्यवस्था तो की, किंतु वह खत पत्रकारों को दिखा दिया कि देखो देश का शिक्षा मंत्री महादेवी जी और निराला जी को नहीं जानता। मेरी नौकरी के कालखंड में एक मंत्री जिले के मुआयने पर आए। शायद पढ़े लिखे नहीं थे। कार्यालय घूमे तीन-चार जगह फाइलों में हाथ लगाया, तो कुछ मिट्टी उंगली में लग गई। उन्होंने बस यह टिप्पणी की "गंदगी है, आप लोग धूल साफ करिये"। तात्पर्य यह है कि संविधान में ऐसे संशोधन किए जाएं कि अशिक्षित और अल्प शिक्षित मंत्री न बन सकें। समुचित योग्यता तो सांसद और विधायक की भी होनी चाहिए। नीति के श्लोकों में भी अनपढ़ के लिए कहा गया है, "न शोभते सभा मध्ये हंस मध्ये बको यथा"।। कुरान शरीफ की पहली पांच आयतें, जो हिरा की गुफा में नाजिल हुईं, उनका पहला शब्द था "इकरा" यानी पढ़ो। समूची संसद को इस पर ध्यान देना चाहिए।

बड़ी अर्थव्यवस्था पर प्रति व्यक्ति आय में पीछे

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है।

भारत अपनी विविध संस्कृति, बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास के साथ सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह मील का पत्थर आर्थिक विकास और वैश्विक व्यापार में देश की महत्वपूर्ण प्रगति को रेखांकित करता है। हालांकि इस प्रभावशाली रैंकिंग के बावजूद, भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में कई शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं से काफी पीछे है।

यह असमानता महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करती है और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करती है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह आर्थिक स्वास्थ्य और आकार का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। दूसरी ओर प्रति व्यक्ति आय की गणना जीडीपी को देश की जनसंख्या से विभाजित करके की जाती है, जो प्रत्येक नागरिक द्वारा अर्जित औसत आय को दर्शाती है, जबकि उच्च जीडीपी एक मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतीक है, उच्च प्रति व्यक्ति आय बेहतर जीवन स्तर और धन वितरण का संकेत देती है।

भारत की कम प्रति व्यक्ति आय के पीछे कारण भारत की जनसंख्या दोधारी तलवार है। उच्च जनसंख्या घनत्व, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालता है जिससे पूरे मंडल में जीवन स्तर में सुधार करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। देश की आर्थिक वृद्धि के बावजूद, धन वितरण असमान बना हुआ है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे रहता है, जबकि एक छोटा प्रतिशत पर्याप्त धन का आनंद लेता है। यह असमानता प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों को खराब करती है और समावेशी आर्थिक नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कृषि पर निर्भर है, जो सेवाओं और उद्योग की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद में एक छोटा हिस्सा योगदान देता है। भारत के कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत है जिसमें कम वेतन, नौकरी की असुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा लाभों की कमी शामिल है। अल्प रोजगार भी बड़े पैमाने पर है, जहां व्यक्तियों को ऐसी नौकरियों में नियोजित किया जाता है, जो उनके कौशल और क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग नहीं करते हैं जिससे उत्पादकता और कमाई कम हो जाती है। हालांकि भारत ने शैक्षिक पहुंच में सुधार लाने में प्रगति की है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा असमान रूप से वितरित है। शिक्षा में यह अंतर निम्न कुशल नौकरियों और कम कमाई की क्षमता में तब्दील हो जाता है। भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार हो रहा है, फिर भी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खराब स्वास्थ्य परिणाम, कुपोषण और अपर्याप्त स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा कार्यबल की समग्र उत्पादकता और आर्थिक योगदान को प्रभावित करते हैं।

दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की भारत की यात्रा सराहनीय है, लेकिन इसकी जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय के बीच असमानता महत्वपूर्ण संरचनात्मक चुनौतियों को उजागर करती है। इन मुद्दों के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें समावेशी विकास, कौशल विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जाए। सरकार की पहल आशाजनक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और प्रभावी कार्यान्वयन यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि आर्थिक विकास सभी नागरिकों के लिए बेहतर जीवन स्तर में तब्दील हो।

इन चुनौतियों का समाधान करके, भारत न केवल अपनी प्रति व्यक्ति आय बढ़ा सकता है, बल्कि अपनी आबादी के लिए अधिक न्यायसंगत और समृद्ध भविष्य भी सुनिश्चित कर सकता है। तकनीकी प्रगति और बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत को अनुसंधान और विकास में निवेश करना चाहिए, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाना चाहिए।

सोशल फोरम

दक्षिण में धार्मिक संरक्षणशीलता


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

त्रिवेंद्रम के प्राचीन पद्मनाभ मंदिर गया था, जो एक विष्णु मंदिर है। यहां विष्णु अनंत शय्या पर सो रहे हैं। इसलिए इस शहर का नाम तिरुअनंतपुरम है। इस मंदिर में पुरुषों को बस कमर के नीचे एक धोती में प्रवेश करना होता है, स्त्रियां पूरी साड़ी में होती हैं।

इस मंदिर के बारे में कहा गया है कि यह एक दूसरे प्रमुख वैष्णव क्षेत्र तिरुपति से भी अधिक संपत्तिवान मंदिर है। देखा गया है कि जहां विष्णु हैं, वहां संपत्ति की महिमा अधिक है, जबकि शैव मंदिर में संपत्ति की प्रधानता नहीं है।

प्रचारित है कि यहां कुछ बंद दरवाजे खोलकर कैग ने स्वर्ण और हीरे-जवाहरात की एक लाख करोड़ की संपत्ति का उद्धार किया था और अभी एक रहस्यमय दरवाजा बंद है जहां इससे भी अधिक संपत्ति है। मेरे देखने-समझने में यही आया कि ये सब अफवाहें हैं। इस मंदिर के चारों तरफ सुंदर प्राचीन मूर्तियां हैं, यक्ष और देवताओं की। एक जगह अद्भुत रूप से महाभारत के अश्वत्थामा का मंदिर है। मेरे लिए सबसे विस्मयजनक यह था कि ट्रावनकोर के राजा द्वारा लगभग तीन सौ साल पहले पुनर्निर्मित यह मंदिर अभी तक अपने प्राचीन स्वरूप में है। इसमें आधुनिक भव्यता का रत्ती भर प्रवेश नहीं है, यहां तक कि मुख्य गर्भ गृह में बिजली की लाइट भी नहीं है। इसकी जगह पवित्र अंधकार में डूबे सैकड़ों दीप जल रहे हैं। यहां तक कि अनंत निद्रा में खुद विष्णु स्पष्ट नहीं दिखते। फिर भी ज्यादातर दक्षिण भारतीय भक्त टूट पड़े हैं यहां और पद्मनाभ रूप में खो गए हैं।

त्रिवेंद्रम के इस प्रसिद्ध मंदिर में हर तरफ एक शांत धार्मिक परिवेश है, जहां कुछ भी मजेदार नहीं है। यहां लोग सैलानी नहीं हैं, सचमुच के ईश्वर भक्त हैं।

यदि काशी और अयोध्या के मंदिर पुनर्निर्मित होकर आधुनिक सुख और सुविधाओं से चमक रहे हैं और भीड़ को आकर्षित करते हैं, पद्मनाभ मंदिर में उसकी अपनी प्राचीन दिव्यता बरकरार है, जो भक्तों को आकर्षित करती है। दक्षिण भारत के लोगों में धार्मिक संरक्षणशीलता ज्यादा है, जबकि उत्तर भारत के उन्मादी धार्मिक लोगों ने धर्म को पान मसाला बना दिया है।

-फेसबुक वॉल से

अव्यवस्थित नगर में तब्दील हो गया है स्वप्नलोक


प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

> नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं।

"तुम्हारे शहर में ये शोर सुन-सुनकर तो लगता है कि इंसानों के जंगल में कोई हांका हुआ होगा।" दुष्यंत कुमार की गजल का यह शेर सरोवर नगरी नैनीताल की मौजूदा हालातों को बखूबी व्यक्त करता है। इंसानों और वाहनों की बेतहाशा भीड़ के चलते नगर की सांसें थम सी गईं हैं। सुंदर प्राकृतिक झील, अनुपम सौंदर्य और स्वास्थ्यवर्धक जलवायु के मद्देनजर 180 वर्ष पूर्व अंग्रेजों ने नैनीताल नगर की बसावट शुरू की थी। औपनिवेशिक शासक नैनीताल की तुलना यूरोपीय देशों से करते थे। अंग्रेज यहां के पारिस्थितिक एवं पर्यावरण का विशेष ख्याल रखते थे। तब नैनीताल की सुंदरता, शांति और सुरक्षा, विश्व विख्यात थी।

आज ये सभी खतरे में हैं। नैनीताल की बसासत के प्रारंभिक चरण में यहां आने-जाने के लिए रास्तों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। तब कालाढूंगी से पैदल नैनीताल आया जाता था। कालांतर में पुरुषों के लिए घोड़ों की सवारी और महिला यात्रियों के लिए डांडी की व्यवस्था बना ली गई थी। 24 अक्टूबर, 1884 को काठगोदाम रेल यातायात से जुड़ गया। फिर यात्रीगण कालाढूंगी के बजाय काठगोदाम से पैदल नैनीताल आने लगे थे। इस दरम्यान नैनीताल नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज आगरा एंड अवध की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया था। तब नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के सर्वशक्तिमान ओहदेदार लेफ्टिनेंट गवर्नर, प्रांत के आला अधिकारी समेत सभी कारकुन काठगोदाम से घोड़े की सवारी अथवा पैदल नैनीताल आया करते थे। कालांतर में ब्रेबरी तक तांगे आने लगे। ब्रेबरी से घोड़ों में बैठकर अथवा पैदल नैनीताल आया जा सकता था। 1893 में नैनीताल तक तांगे पहुंच गए थे। नैनीताल की बसावट के करीब सात दशक बाद 1915 में यहां मोटर सड़क पहुंची। तब तक नैनीताल विश्व मानचित्र में अपना विशिष्ट स्थान बना चुका था। लेफ्टिनेंट गवर्नर समेत सभी अंग्रेज हुक्मरान और उनके परिजन नगर के भीतर हाथ रिक्शा और घोड़ों की सवारी किया करते थे। 1901 में जब नैनीताल की ग्रीष्मकालीन आबादी 7609 थी, सिर्फ 520 बंगले और दूसरे मकानात थे। अंग्रेज नैनीताल के नाजुक पर्यावरण के मद्देनजर यहां निश्चित सीमा से अधिक आबादी को बसाने के सख्त खिलाफ थे।

कुमाऊं के तत्कालीन कमिश्नर कैप्टन ए. डब्ल्यू. इबट्सन ने 19 जुलाई, 1929 को नगर पालिका, नैनीताल की वार्षिक रिपोर्ट में लिखी एक टिप्पणी में कहा था-"इस समय नैनीताल की एक स्वास्थ्यप्रद नगर की छवि है, पर भविष्य में इस छवि को बनाए रखने में कुछ जटिल समस्याएं नजर आ रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह नगर अति इंसानों से भर गया है।" जब कैप्टन इबट्सन ने यह टिप्पणी की उस दौर में नैनीताल की आबादी करीब बारह हजार थी। 1937 में नगर पालिका ने नैनीताल की मालरोड में नियंत्रित यांत्रिक यातायात की अनुमति प्रदान कर दी। मालरोड में यांत्रिक यातायात की अनुमति दिए हुए दो साल भी नहीं बीते थे भू-वैज्ञानिकों ने मालरोड के अतिरिक्त अन्य स्थानों में वाहनों की आवाजाही का विरोध करना प्रारंभ कर दिया था। भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के तत्कालीन अधीक्षक ए. एल. कॉल्सन ने 5 अगस्त, 1939 की अपनी एक रिपोर्ट में नैनीताल नगर के भीतर वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाने की सिफारिश की। इसके बाद मालरोड में वाहनों की आवाजाही को हतोत्साहित करने की दृष्टि से लेक ब्रिज शुल्क की व्यवस्था की गई। अब यह व्यवस्था नगर पालिका की आमदनी का मुख्य स्रोत बन गई है। 22 जनवरी, 1942 को नगर पालिका ने मालरोड में दस पैदल रिक्शे चलाने की अनुमति दी। प्रारंभ में सभी रिक्शों का स्वामित्व एवं संचालन नगर पालिका के पास ही था।

1947 में भारत आजाद हो गया। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। संरक्षणवादी नीतियों को भी अपने साथ ले गए। 1960 के दशक में मालरोड में यांत्रिक यातायात नहीं के बराबर था। राजभवन को छोड़कर मालरोड के अलावा नगर के अन्य हिस्सों में गाड़ियों का संचालन प्रतिबंधित था। 1980 के दशक तक भी नगर में यांत्रिक यातायात नियंत्रित संख्या में था। यहां हवाखोरी को आने वाले अधिकांश सैलानी पैदल टहलना पसंद करते थे। देश के शीर्ष राजनेताओं को भी पैदल चलने में संकोच नहीं होता था। वीआईपी कल्चर इस कदर हावी नहीं था। मारुति संस्कृति आने के बाद नैनीताल का पूरा परिदृश्य बदल गया। नैनीताल नगर में मोटर मार्ग बाजार क्षेत्र, अश्व मार्ग और पैदल मार्ग सहित सड़कों की कुल लंबाई करीब एक सौ किलोमीटर के आसपास है। इसमें वाहन चालित सड़कों के रूप में मान्य सड़कों की लंबाई करीब 18 किलोमीटर है। बाकी पैदल मार्ग हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार नैनीताल में निजी एवं टैक्सी चौपहिया वाहनों की संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। यहां मकानों की संख्या करीब दस हजार के आसपास पहुंच गई है। पर्यटक सीजन के दिनों प्रशासन द्वारा निश्चित संख्या में ही पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की आज्ञा दी जाती है। बावजूद इसके पीक सीजन में प्रतिदिन करीब ढाई-तीन हजार पर्यटकों के निजी वाहन नैनीताल आते हैं। इनकी निरंकुश रफ्तार के चलते पैदल चलने का अर्थ जीवन को खतरे में डालना हो गया है। अनियंत्रित, अनियोजित एवं अदूरदर्शी विकास ने स्वप्नलोक को एक अव्यवस्थित और अति भीड़भाड़ वाले नगर में बदल दिया है। इंतजामिया नैनीताल नगर की भार वहन क्षमता का आकलन कर तद्नुसार गाड़ियों की संख्या नियंत्रित करने के बजाय पार्किंग बनाने पर जोर दे रहे हैं। जब गाड़ियों के चलने के लिए सड़कें ही नहीं होंगीं तो पार्किंग बनाने का क्या लाभ?

नैनीताल जैसे नाजुक पर्यावरण वाले पहाड़ी नगरों को जन पर्यटन नहीं प्रकृति प्रेमियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जन पर्यटन उन्हीं आकर्षणों को नष्ट कर रहा है, जो उन्हें यहां आने के लिए आकर्षित करते हैं। इसी प्रकार हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों में आम पर्यटकों को नहीं श्रद्धालुओं को आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए जिनका धर्म और अध्यात्म से कोई नाता न हो। ऐसे पर्यटक हमारे धार्मिक स्थलों की महत्ता और स्थानीय पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध होंगे।

ब्याज से आय पर राहत

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नई सरकार के लिए आगामी पूर्ण बजट बेहद चुनौती पूर्ण होगा, ऐसा माना जा रहा है। हाल के अंग्रेजी अखबार की सुर्खी बने एक आर्थिक जगत के समाचार के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने ब्याज से होने वाली आय पर आयकर राहत की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे बैंकों को बचत जुटाने में मदद मिलेगी जिसका उपयोग विभिन्न बुनियादी योजनाओं के वित्त पोषण में किया जा सकेगा। अभी तक बैंक में जमा राशि का ब्याज एक वर्ष में 40000 से अधिक होने पर टैक्स काटा जाता है।

टैक्स में राहत यो भी जरूरी हो गई थी। क्योंकि देश में घरेलू जमा राशियों में काफी कमी आई है। ऐसे में बैंको को अपनी जमा राशियों को बढ़ाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अगर बजट के प्राविधानों में ब्याज में टैक्स से राहत मिलती है तो इसे एक अच्छी पहल माना जा सकेगा। अभी तक 40000 के ऊपर ब्याज होने पर 10 प्रतिशत टीडीएस के रूप में स्वतः काट लिया जाता है और अगर पेन कार्ड नहीं है तो टीडीएस के रूप में 20 प्रतिशत काट लिया जाता है। वहीं अभी तक ब्याज में छूट की रकम वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50000 है। देखना है इस पूर्ण बजट में वित्त मंत्री द्वारा इस मद में कितनी राहत की घोषणा होती है।

चकबंदी कानूनगो व लेखपाल निलंबित

किसान की आत्महत्या का प्रकरण : विभागीय कार्रवाई भी होगी, उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। डीएम ने प्रारंभिक जांच के बाद चकबंदी कानूनगो लाल बहादुर और चकबंदी लेखपाल संदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति की गयी है। प्रकरण में उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन जनपद स्तर पर कर दिया गया है। वायरल वीडियो में उल्लिखित तथ्यों को भी जांच के दायरे में सम्मिलित किया जा रहा है। जांच में दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वायरल वीडियो की तकनीकी जांच के लिए पुलिस विभाग को भी निर्देशित कर दिया गया है।

जिलाधिकारी सी. इंदुमती द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि तहसील खागा के पाई गांव निवासी रवीकरन सिंह उर्फ मक्खन सिंह द्वारा बनाया गया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो पुराना है। पुलिस विभाग ने भी प्रारंभिक जांच में वीडियो के पुराने होने की पुष्टि की है। इस वीडियो में कही गयी बातें वर्तमान परिस्थितियों और तिथियों से मेल नहीं खाती हैं। तहसील प्रशासन और स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गयी है कि 12 जून को न तो मृतक रवीकरन सिंह उर्फ मक्खन सिंह द्वारा कोई आमरण अनशन किया जाना संज्ञान में था है और न ही वर्तमान में तैनात एसडीएम द्वारा प्रकरण में कोई भी आख्या शासन को प्रेषित की गयी है। बताया कि वीडियो में 17 जून को डीएम द्वारा पीड़ित व्यक्ति को जेल भेजने की बात कही गयी है जो पूरी तरह से निराधार है। 17 जून को ईद-उल-अजहा का त्योहार था और सार्वजनिक अवकाश था। इस तिथि को मृतक रवीकरन सिंह उर्फ मक्खन सिंह द्वारा न तो अधोहस्ताक्षरी से मुलाकात की गयी और न ही जिलाधिकारी के सीयूजी नम्बर पर कोई फोन किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कहा कि इन तथ्यों से यह भी स्पष्ट है कि वायरल किया गया वीडियो पुराना है। शान्ति व्यवस्था खराब किये जाने की नियत से वायरल किया गया है। वीडियो की जांच कराकर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

भाकियू अराजनीतिक दल की बैठक। अमृत विचार

भाकियू की मांग, दोषी अधिकारियों पर दर्ज हो रिपोर्ट

फतेहपुर। एक किसान के न्याय मांगने के दौरान अधिकारियों द्वारा अपमानित किए जाने से आहत किसान के फांसी लगाकर जान देने के मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाकियू अराजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हुई बैठक में किसान की मौत के दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी है कि एक बड़ा धरना प्रदर्शन होगा। शहर की नहर कालोनी परिसर में आयोजित भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक दल के जिलाध्यक्ष राजकुमार गौतम के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने बैठक की। खागा कोतवाली क्षेत्र के पाई गांव के रहने वाले मृतक किसान रवीकरण सिंह उर्फ मक्खन सिंह के चकबंदी के अधिकारियों और एसडीएम से सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन 15 जून को न्याय मांगने के दौरान अपमानित किया गया था। इससे आहत किसान ने 18 जून को गौशाला में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बैठक में कहा गया दोषी अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता तो संगठन आंदोलन करेगा। 28 जून को बहुआ ब्लाक में एक बड़ा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल, पप्पू सिंह ग्राम प्रधान, राजेश सिंह, राकेश सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

बेटी से दुष्कर्म करने वाले पिता को भेजा गया जेल

संवाददाता, फतेहपुर

- छोटी बेटी के साथ भी बनाना चाह रहा था संबंध

अमृत विचार। एक कलयुगी पिता अपनी बड़ी बेटी के साथ बचपन से ही दुष्कर्म करता रहा। जब पिता ने छोटी बेटी को हवस का शिकार बनाना चाहा तो बड़ी बेटी ने इस बात का विरोध किया। विरोध करने पर पिता ने दोनों बेटियों को जमकर पीटा। पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर बड़ी बेटी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को जेल भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली नाबालिग लड़की ने कोतवाली पुलिस को एक दिन पहले तहरीर दी कि उसकी मां की मौत के बाद पिता नशे में उसके साथ छह साल की उम्र से दुष्कर्म करते थे। उस समय वह कक्षा दो की छात्रा थी। जब वह 16 साल की हुई तो पिता दिन में कई बार दुष्कर्म करता था। विरोध करने पर डंडे से बेरहमी से पिटाई करता था। इसी बीच उसकी छोटी बहन जो 14 साल की थी तो पिता उसके साथ भी दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। छोटी बहन की इज्जत बचाने के लिए वह पिता का विरोध करने लगी। पिता अब दोनों के साथ गलत काम करना चाहता था। एक दिन जब पिता ने नशे की हालत में छोटी बहन के साथ छेड़खानी करते हुए गलत काम करने का प्रयास किया तो विरोध करने पर दोनों की पिटाई कर दी। किसी तरह हम दोनों बहनों ने दूसरे कमरे में जाकर जान बचाई। पिता की हरकतों से परेशान होकर पुलिस की मदद ली। इस मामले में कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि एक पिता अपनी बड़ी बेटी के साथ छह साल की उम्र से दुष्कर्म करता था और पिटाई करता था। जब छोटी के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया तो बड़ी बेटी ने विरोध कर पुलिस तक गई।

चक्कर आने से गिरे दो लोगों की मौत

फतेहपुर। थरियांव कस्बा निवासी दिनेश चंद्र द्विवेदी उर्फ पुत्तन पुत्र स्व. छोटेलाल शहर के एआरटीओ कार्यालय के पास काफी समय से रह रहा था। बताया जा रहा है कि साइकिल से कचहरी से लौटते समय जब वह पंतलाज होटल के पास पहुंचा कि अचानक चक्कर खाकर साइकिल से गिर पड़ा। आस-पास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं मलवां थाना क्षेत्र के सूबेदार का पुरवा मजरे अमौरा गांव निवासी परशुराम पुत्र स्व. दुर्गा प्रसाद साइकिल से धान का बीज खरीदने गया था। वापस लौटते समय जब वह धमईखेड़ा मजरे रारा के पास पहुंचा तभी चक्कर आ जाने पर पास में खुदे गड्ढे में गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दोनों ही मौतों की वजह गर्मी बताई जा रही है। हालांकि वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

हत्या में दोषी पिता-पुत्र सहित तीन को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में करीब छह साल पूर्व युवक की धारदार हथियार से की गई हत्या के मामले में एडीजीपी (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) अनिल कुमार खरवार की अदालत ने पिता पुत्र सहित तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अवैध संबंध के चलते रंजिश में हत्या की गई थी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में वादी नंदराम यादव के पुत्र बालकेश की पिछले 27 सितंबर 2018 को अवैध संबंधों में हुई रंजिश में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने शव को गांव के नंदी कोरी के खेत में टाई गांव की ओर जाने वाली सड़क किनारे फेंक दिया था। इस मामले में पीड़ित पिता नंदराम पुत्र भरोसा यादव ने घटना के अगले दिन आशीष यादव उसके पिता बिंद्रावन निवासी ग्राम टाई व मंगल कोरी पुत्र जमुना कोरी निवासी बीलपुर के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत कराया था।

प्रकरण की विवेचना एसओ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने की थी। शुक्रवार को न्यायालय दप्रक्षे अनिल कुमार खरवार की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। इसमें अदालत ने आशीष उसके पिता ब्रिंदावन व मंगल कोरी को दोषी करार दिया। तीनों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

युवक की हत्या कर शव खेत में फेंका

संवाददाता, सरीला हमीरपुर

घटनास्थल पर जांच करते पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

- बीलपुर गांव की घटना, हाथ-पैर बंधे, मुंह में कपड़ा ठुंसा मिला शव

अमृत विचार। थाना जलालपुर के बीलपुर गांव में युवक की हत्या कर शव खेत में फेंकने का मामला सामने आया है। युवक के दोनों हाथ रस्सी से बांधे थे तथा मुंह में कपड़ा ठुंसा मिला। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने फील्ड यूनिट टीम के साथ साक्ष्य संकलित कर जांच पड़ताल की। मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर बीलपुर गांव निवासी तीन लोगों के खिलाफ हत्या कर शव फेंकने का मामला दर्ज किया है। पुलिस हत्या के कारणों की जानकारी में जुटी है।

बीलपुर गांव निवासी लखन (28) पुत्र ललैया दोहरे ने बताया कि उसके पांच बेटों में यह सबसे छोटा व अविवाहित था। उनके साथ रहकर खाडू की डलियां बनवाने में हाथ बंटाता था। गुरुवार रात करीब 8 बजे लखन घर से खाना खाकर निकला था। देर रात जब वह घर नहीं आया तो उसकी तलाश की गई। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शुक्रवार सुबह उसका शव गांव के पंचायत भवन के पीछे जलालपुर रोड के बगल में संतोष साहू के खेत में पड़ा मिला है। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था। सुबह खेतों पर गए ग्रामीणों ने शव देखा। सूचना देने पर कुछ ही देर में पुलिस अधिकारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। डॉग स्क्वॉयड टीम की मदद ली जा रही है। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों सहित कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। जलालपुर इंस्पेक्टर बृजमोहन ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। पीड़ित पिता ललैया पुत्र पंचोले दोहरे की तहरीर पर गांव निवासी संतु पुत्र सेवा, आकाश पुत्र रामदयाल व केशव पुत्र मुन्नू के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

बैनामे के रुपये मांगने पर हुई थी डीआईसी के चपरासी की हत्या

कन्नौज। जमीन खरीदने के लिए दिए गए रुपये वापस मांगने पर जिला उद्योग केंद्र के चपरासी की गला दबाकर हत्या कर दी गई और आरोपियों ने शव को बोरे में भरकर 25 किलोमीटर दूर निचली गंग नहर में फेंक दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और ऑटो रिक्शा व चपरासी का एक पेन बरामद किया है। आरोपियों ने चपरासी से 1.35 लाख रुपये लिए थे और जमीन का बैनामा करने का वादा किया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंसरामऊ निवासी अमर सिंह उर्फ झब्बू ने जिला उद्योग केंद्र के चपरासी रामदुलारे से 1.35 लाख रुपये उधार लिए थे और 9 जून को रामदुलारे तगादा करने गांव पहुंच गया। उसी दिन अमर सिंह, बेटे अर्जुन सिंह व शिवानी ने गांव के बाहर ट्यूबवेल पर उसकी हत्या कर दी थी।

पति के मारने से आहत महिला ने दे दी जान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मामूली बात को लेकर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। पति के पिटाई करने से आहत महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह हुई घटना की जानकारी पर पहुंचे मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के लिलरा गांव निवासी राजकुमार निषाद ने अपनी पुत्री पूजा उर्फ शिखा देवी की शादी लोहरन गढ़वा मजरे गम्हरी निवासी राम औतार के पुत्र ओम प्रकाश के साथ 21 मई 2021 को की थी। परिजनों ने बताया कि गुरूवार की शाम पति की पिटाई से क्षुब्ध पूजा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका की बहन रामा देवी ने बताया कि कूड़ा फेंकने को लेकर बहनोई ने उसके सामने ही दीदी को लाठी, फुकनी व बेल्ट से बुरी तरह पीटा था। इसका विरोध किया तो उसे भी मारने के लिए दौड़े और कुछ देर बाद उसे जबरन लेकर घर छोड़ आए। शाम को फोन से बताया कि बहन ने फांसी लगा लिया है। चाचा ने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया कि आयदिन मारपीट होती थी। मायके पक्ष ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है।

मानसिक तनाव में फांसी लगाई, मौत : थरियांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर मजरे अचिंतपुर पिटाई गांव निवासी शिवनारायन पुत्र स्व. श्यामलाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले ही वह घर आया था और शाम संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की।

पीआरडी के जवान की कार की टक्कर से मौत

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे की आईटीआई संस्थान से ड्यूटी कर बाइक से पचखुरा बुजुर्ग गांव जा रहे पीआरडी जवान को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। जिससे जवान की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कथिततौर पर टक्कर मारने वाली कार में बांदा का एक दरोगा सवार था। पुलिस ने गुजरात राज्य के नंबर वाली कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पचखुरा बुजुर्ग गांव निवासी नत्थू प्रजापति (54) सुमेरपुर कस्बे की आईटीआई संस्थान में गार्ड के पद पर तैनाती थी। ड्यूटी करने के बाद मोटरसाइकिल से गांव की ओर जा रहा था तभी देवगांव तिराहे से पहले बांदा मार्ग पर तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवारों ने उसे तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जवान को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

हज के दौरान बिछड़ी महिला की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- परिजनों का आरोप, शव नहीं दिखाया गया, न ही कोई निशानी दी गई

अमृत विचार। हज यात्रा के दौरान कस्बे की एक महिला की मौत हो गई। आरोप है कि परिजनों को उसका शव नहीं दिखाया गया और न ही उनकी कोई निशानी दी गई। कस्बे निवासी एक परिवार की पुत्री शमां सुल्तान उर्फ गुड्डी (58) अपने इंजीनियर पति कस्बे के हुसैनगंज निवासी वजीह उद्दीन उर्फ वज्जन के साथ हज यात्रा के लिए लखनऊ से 7 जून को गई थी।

हज कार्यक्रम के दौरान ही शैतान को कंकण मारने के रस्म के बाद मेट्रो से वापस आते समय स्टेशन में उनके पति से हाथ छूट गया। तबसे वह नहीं मिली है। हज में सहयोगी बने मोअल्लिम के जरिए सूचना मिली कि उनका इंतकाल हो चुका है। इससे परिवार के लोगों का रो रोकर लोगों का बुरा हाल है। आनन-फानन में उनका बेटा, भाई व अन्य परिजन मक्का पहुंच गए, लेकिन परिजनों को शव को नहीं दिखाया गया और न कोई निशानी ही उन्हें दिखाई गई।

सऊदी अरब सरकार के इस बेरूखी से लोगों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। घटना के 5 दिन बीतने के बाद भी अभी तक सऊदी सरकार से उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। हज यात्री शमा सुल्तान उर्फ गुड्डी के भाई कस्बा के हुसैनगंज मोहल्ला निवासी नौशाद ने बताया कि बहन और बहनोई लखनऊ के आशियाना में निजी मकान बनाकर रह रहे थे। उसका बहनोई जिला पंचायत में अवर अभियंता रहे।

बिग बॉस में नजर आएंगी औरैया की 'हैलो फ्रैंडा' शिवानी कुमारी

डांस कर खुशी का इजहार करती शिवानी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- देहात की कार्यशैली का यू ट्यूब चैनल बना कर हुई मशहूर
- गांव के लोग कहते थे पागल आज 2.5 मिलियन सब्सक्राइबर

अमृत विचार। जिले के गांव अरियारी निवासी बेहद गरीब परिवार की शिवानी अब अपनी काबिलियत के बल पर पूरे देश में नाम कर रही है। अब वह बिग बॉस ओटीटी के सीजन-3 में नजर आएंगी। यह कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो चुका है। बिग बॉस के प्रोमो में शिवानी कुमारी खास अंदाज में दिखाई दे रही है। टिक टॉक में वीडियो बनाकर फेमस हुई शिवानी को पहले गांव के लोग पागल कहते थे। शिवानी ने देहाती स्टाइल में अधिक वीडियो बनाए और एक वीडियो जिसमें उसने फ्रेंड की जगह फ्रेंडा कहकर बनाया तो वह वीडियो बहुत प्रसारित हो गया। धीरे धीरे जब शिवानी फेमस हुई तो गांव में मिलने वालों को लाइन लगने लगी और यू ट्यूब व इंस्टाग्राम से वीडियो से मिलने वाले रुपयों से किस्मत बदल गई और घर, मकान, कार सब हो गया। आज वह युवाओं की रोल मॉडल बन गई हैं। शिवानी के बिग बॉस में आने से गांव के अलावा पूरे जिले में खुशी का माहौल है। शिवानी से पहले औरैया की सीमा परिहार भी बिग बॉस में प्रतिभाग कर चुकी है।

शिवानी कुमारीः एक नजर

- शिवानी का एक यूट्यूब चैनल भी है, जिसका नाम शिवानी कुमारी ऑफिशियल है
- उनके इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या चार मिलियन है।
- यूट्यूब पर उनके 2 .27 मिलियन सब्सक्राइबर है।
- शिवानी के देसी अंदाज में बनाए वीडियो पर लाखों व्यूज आते हैं
- यूट्यूब चैनल पर 445 वीडियो अपलोड कर चुकीं अब तक।
- शिवानी कुमारी 'बलमा' और 'शोर' नाम के दो गानों में भी नजर आ चुकी हैं।

गांव में भैंस को खूंटा में बांधती शिवानी। अमृत विचार

खेती किसानी

मंडी में मक्का की आवक बढ़ी, आढ़ती व किसान खुश, जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने संभाला मोर्चा

10 दिन में 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए मक्का के भाव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

मंडी में खड़े मक्का लदे ट्रैक्टर व अन्य वाहन। अमृत विचार

अमृत विचार। मंडी में मक्का की आवक अधिक होने से आढ़ती जहां खुश हैं वहीं भाव सामान्य होने से किसान भी खुश नजर आ रहे हैं। मंडी में बिक्री के लिये मक्का आधिक आने से जाम लग रहा है। इससे निपटने के लिये यातायात पुलिस पूरी तरह से तैयार रही। यातायात प्रभारी व निरीक्षकों ने मंडी के निकट डेरा डाल दिया है।

मंडी में मक्का की आवक अधिक हो रही है। इससे आढ़ती खुश हैं। नियमित चार से पांच ट्रक मक्का की खरीद करने के बाद बड़े व्यापारी को भेज रहे हैं। भाव बीते वर्ष से अधिक होने से किसान भी खुश है। मक्का का भाव बीते वर्ष 1400 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल रहा तो इस वर्ष शुरुआती समय में 2150 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिकी। अब भले ही भाव 50 रुपये गिर कर 2100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद हो रही है, लेकिन फिर भी सभी दाम मिल रहे हैं। भाव और न गिर जाये इसीलिये किसान पूरी तरह से मक्का को सुखा कर मंडी ला रहे हैं। एक साथ सैकड़ों मक्का लदे ट्रैक्टर पहुंच रहे हैं। मक्का की आवक अधिक होने से मंडी सचिव समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी इस लिये खुश हैं कि जहां बीते वर्ष मक्का से मंडी की आय 50 लाख रुपये हुई थी तो इस वर्ष इससे भी अधिक होने की संभावना है। उधर, मंडी के बाहर मक्का लदे वाहनों से जीटी रोड पर जाम न लगे इस को लेकर यातायात प्रभारी आफाक खां दो अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ शुक्रवार को पूरे दिन डटे रहे। यातायात प्रभारी का कहना था कि दो दिन से जीटी रोड पर जाम लग रहा था। इसी को देखते हुए वह खुद टीम के साथ लग गये हैं।

हाइब्रिड मक्का बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा

तिर्वा, कन्नौज। बरसात के मौसम में किसानो को मक्का की खेती पर बढ़ावा देने के लिए सरकार 90 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि बरसात में फसल करने के लिए केंद्र पर मक्का का हाईब्रिड बीज आ चुका है। यह बीज किसानो को 90 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगा। किसानों को 360 रुपया प्रति किलो के दाम पर हाईब्रिड बीज मिलेगा। अनुदान का रुपया किसानो के खाते में जाएगा। एक किसान को आठ से बीस किलो तक मक्का का बीज दिया जाएगा। बताया कि किसानों को तिल के बीज निशुल्क दिए जाएंगे। एक किसान को दो किलो तक बीज दिया जाएगा। दो किलो बीज करीब दस बीघा खेत मे बोया जा सकता है।

राजकीय कृषि बीज भंडार। अमृत विचार

दिव्यांग बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए मिलेगा भत्ता

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। सरकार ने दिव्यांग बच्चों को स्कूल आनेजाने में होने वाली दिक्कत के मद्देनजर भत्ता देने की व्यवस्था की है। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव ने दी। ऐसे में बच्चों की शारीरिक कमी उनकी शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी।

बीएसए ने बताया कि जिले में 120 बच्चों को एस्कार्ट और 240 दिव्यांग बच्चियों को स्टाईपेंड योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। एस्कार्ट योजना के तहत 70 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले बच्चों के अभिभावकों को छह हजार और स्टाइपेंड योजना के तहत 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाली छात्राओं को दो हजार रुपये सालाना दिए जाएंगे। दोनों ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए बच्चों की स्कूल में साठ फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है।

बीएसए ने बताया कि नेत्रहीन, बौद्धिक दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी व जापानी इंसेफ्लाइटिस से प्रभावित बच्चे स्वयं स्कूल आनेजाने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में इस योजना मंत इन बच्चों को प्रमुखता दी जाएगी। योजना के तहत छह सौ रुपये प्रतिमाह के हिसाब से दस माह का भत्ता अभिभावकों के खाते में भेजा जाएगा। 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाली बालिकाओं को दो सौ महीने के हिसाब से धनराशि मिलेगी।

पति-पत्नी का विवाद शांत कराने गए भाई की हत्या

पुलिस ने हत्या के आरोपी छोटे भाई को किया गिरफ्तार

संवाददाता बिधूना,औरैया

घटनास्थल पर जांच करते एएसपी दिगम्बर सिंह कुशवाहा। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतनपुर बंथरा भारत सिंह बाथम के बेटे ध्यान सिंह, वीरेंद्र उर्फ कल्लू व जनक सिंह एक ही घर में अलग-अलग रहते थे। गुरुवार की देर रात वीरेंद्र उर्फ कल्लू नशे की हालत में घर पहुंचा जहां पर रात करीब 11:30 बजे उसका अपनी पत्नी उमा देवी से झगड़ा होने लगा। छोटे भाई व उसकी पत्नी के बीच हो रहे विवाद को देख ध्यान छोटे भाई को समझाने पहुंचा तो वीरेंद्र ने ईंट मार दी। गंभीर घायल ध्यान (35) की सुबह मौत हो गई।

घटना की जानकारी होने पर वहां पहुंचे तीसरे भाई जनक सिंह ने बड़े भाई ध्यान सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने ध्यान सिंह का उपचार किया। उपचार के बाद परिजन ध्यान को अस्पताल से घर ले आए। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे ध्यान सिंह की अचानक फिर से हालत बिगड़ गई और उसकी घर पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने हत्यारोपी भाई वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि हत्यारोपी 7 वर्ष पहले अपनी भाभी (ध्यान सिंह की पत्नी उमा) को भगा ले गया था। बाद में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। कुछ समय बाद वह दोनों घर वापस आ गये थे। सभी भाई एक ही घर में अलग अलग रह रहे थे।

प्रेमी युगल ने फंदे पर लटककर दे दी जान

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- दोनों के शव युवती के मकान के पास टिनशेड में बल्ली से लटकते मिले
- युवती का शव दुपट्टे से लटक रहा था और युवक का रस्सी के सहारे लटका हुआ था



अमृत विचार। परौर थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को प्रेमी युगल ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। दोपहर तीन बजे दोनों के शव भूसा रखने वाले टिनशेड में लटके मिले। पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई-बहन थे।

थाना परौर के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के संबंध रिश्ते में चचेरे भाई से हो गए। पारिवारिक रिश्ता होने की वजह से दोनों के प्रेम संबंधों से परिजन अनजान थे। कुछ माह पहले गांव में चर्चा आम हुई तो परिजन सन्न हो गए और दोनों के मिलने पर पाबंदी लगा दी। युवक के परिजनों ने युवक की चार माह पहले यह सोच कर शादी कर दी कि संबंध समाप्त हो जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दोनों चोरी-छिपे मिलते रहे। परिजनों की सख्ती से परेशान युवक-युवती ने शुक्रवार को मौत को गले लगाने का फैसला ले लिया। दोपहर में तेज धूप की वजह से गांव में सन्नाटा था, तभी दोनों घरों से निकल गए। युवती के मकान से कुछ दूरी पर टिनशेड के नीचे भूसा रखा जाता है, वहीं दोनों पहुंच गए। युवती ने दुपट्टे से गला कसा और टिनशेड की बल्ली में बांधकर लटक गई। इसी बल्ली से युवक भी रस्सी से गले में फंदा कसकर झूल गया। अपरान्ह तीन बजे दोनों के शव टिनशेड में लटके देखे तो परिवार में खलबली मच गई।

परौर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला पुलिस के साथ पहुंचीं और मौका मुआयना किया। सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मंत्रियों के सामने डीएम और राजू दास में हुई तू-तू, मैं-मैं

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- दास ने लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

अमृत विचार। प्रदेश के दो मंत्रियों के सामने ही डीएम और हनुमानगढ़ी के संत राजू दास आमने-सामने आ गए। तू-तू मैं-मैं हुई। स्थल से ही दास की सुरक्षा हटा ली गई। गनर को वापस बुला लिया गया। उन्होंने सुरक्षा हटाए जाने पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। घटना राम नगरी के एक होटल में गुरुवार रात लगभग 11 बजे की है।

सरयू अतिथि भवन में रात मंत्री सूर्य प्रताप शाही और पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह मौजूद थे। उनके साथ जिले के कुछ विधायक, दूसरे जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अफसर भी मौजूद थे। बताया गया है कि चुनाव की समीक्षा की जा रही थी। इसी दौरान अपनी बात रखने के लिए हनुमानगढ़ी के संत राजू दास भी पहुंच गए। दास बताते हैं कि उन्होंने अयोध्या में बंदिशों को लेकर शिकायत शुरू की तो अधिकारियों ने नाराजगी जताई। बात आगे बढ़ गई। सूत्रों के मुताबिक इस बीच डीएम के साथ राजू दास की जमकर बहस हुई। तू-तू मै-मै से मौजूद लोग सन्नाटे में आ गए। कोई कुछ बोल नहीं पाया। इसी दौरान उनकी सुरक्षा हटा ली गई। बाहर निकले तो सुरक्षा कर्मी ने बताया कि उसको जाने के लिए फोन आ गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले उनके एक सुरक्षा कर्मी को हटा लिया गया था। उन्होंने सुरक्षा को हटाया जाना दुखद बताया।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक था। समीक्षा में हमारी बात सुनी गई। किस पर काम किया जाना चाहिए इस पर भी चर्चा हुई। वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं, अयोध्या के लोग, व्यापारियों की पीड़ा पर बोले तो अधिकारी परेशान हो गए। उनको अच्छा नहीं लगा। आरोप लगाया कि प्रशासन समाजवादी मानसिकता से चल रहा है। कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उनको लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसे समय में सुरक्षा हटा ली गई। वह सनातन और हिदुत्व के लिए काम करते रहेंगे।

कई मुकदमे दर्ज हैं राजू दास के खिलाफ

- हनुमानगढ़ी के संत राजू दास से की गई टिप्पणी पर डीएम नितीश कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य सुरक्षा प्राप्त कर लोगों को प्रताड़ित करना है। सुरक्षा समिति की बैठक में उनकी सुरक्षा पर विचार किया गया था। आपराधिक इतिहास खोजा गया तो बड़ा आपराधिक इतिहास मिला। सन् 2013, 2017 और 2023 में इनके खिलाफ मुकदमें दर्ज हैं। वह कभी अयोध्यावासियों को गाली देते हैं तो कभी प्रशासन को। यह ठीक नहीं है।

वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनें ब्लॉक में अटकीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। दुगनपुर यार्ड में ब्लॉक में शुक्रवार को वंदेभारत, राजधानी समेत दो दर्जन ट्रेनों फंस गईं। ट्रेनों की देरी से नाराज यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की। बरेली जंक्शन पर दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं।

मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि दुगनपुर यार्ड में 26 जून तक नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को 20503 नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस आठ घंटा, 20504 डिब्रुगढ़ राजधानी एक घंटा, 15211 जननायक 2 घंटा 41 मिनट, 12469 जम्मूतवी सुपरफास्ट तीन घंटा, 22454 राज्यरानी 2 घंटा 14 मिनट, 13152 सियालदह 2 घंटा 37 मिनट, 15910 अवध असम 1 घंटा 36 मिनट, 22546 वंदे भारत चार घंटा, 12332 हिमगिरी 10 घंटा 14 मिनट, 04060 जयनगर समर स्पेशल दो घंटा और 04314 मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 1 घंटा 30 मिनट लेट हो गई।

30 किलोमीटर के सफर में दो घंटे लेट हो गई ट्रेन : 12583 डबल डेकर एसी एक्सप्रेस में सफर कर रहे शुभनीश शुक्ला ने रेलवे से शिकायत की ट्रेन के चार घंटा से अधिक लेट होने से बच्चे परेशान हो गए हैं। आनंद विहार साप्ताहिक में सफर कर रहे लवकुश कुमार ने कहा कि भयंकर गर्मी में भी रेलवे को लगता है कोहरा दिख रहा है।

रिश्वत लेता सिपाही गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सिपाही बोला, दारोगा की शह पर लिए रुपये, दोनों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

प्रवेंद्र सिंह।

अमृत विचार। एंटी करप्शन टीम ने छेड़छाड़ के आरोप के मामले में समझौता कराने के नाम पर एक हेड सिपाही को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। घूस की हिस्सेदारी में दारोगा का नाम भी सामने आया लेकिन वह थाने में नहीं मिला। एंटी करप्शन टीम सिपाही को कोतवाली उझानी ले गई। जहां दारोगा और सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सिपाही को बरेली ले गई।

एक महिला ने कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कादरबाड़ी निवासी लायक अली पुत्र मोहम्मद और उसके बेटों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाना कादरचौक पुलिस को तहरीर दी गई थी। लायक अली महिला का रिश्तेदार है। थाना कादरचौक में तैनात दारोगा महेश कुमार और जिला मुरादाबाद के थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नगलिया शाहपुर निवासी हेड सिपाही प्रवेंद्र सिंह ने मामला पारिवारिक होने का फायदा उठाने की कोशिश की। गुरुवार को समझौता कराने के नाम पर दारोगा और हेड सिपाही ने लायक अली से 50 हजार रुपये की मांग की। कहा कि रुपये दे दो तो दोनों पक्ष को बैठाकर समझौता करा देंगे वर्ना रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया जाएगा। लायक अली ने रुपये न होने की बात कही तो दारोगा और सिपाही ने कहा था कि फिर तो जेल जाना पड़ेगा। इसके बाद 20 हजार रुपये में समझौता कराने की बात तय हुई। लायक अली ने पांच हजार रुपये भी दे दिए। दारोगा व हेड सिपाही और रुपये देने का दबाव बना रहे थे। परेशान होकर लायक अली बरेली की एंटी करप्शन टीम के पास पहुंचे और मामले से अवगत कराया। एंटी करप्शन टीम के ट्रैप प्रभारी निरीक्षक काशीनाथ उपाध्याय के नेतृत्व में टीम तैयार करके जाल बिछाया।

शुक्रवार दोपहर लायक अली को रुपये लेकर अकेले थाना कादरचौक भेजा। थाना परिसर में जैसे ही सिपाही प्रवेंद्र सिंह ने उससे रुपये लिए वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। प्रवेंद्र ने कहा कि उसने दारोगा की शह पर रिश्वत ली थी। जहां टीम प्रभारी काशीनाथ उपाध्याय की तहरीर पर दारोगा और हेड सिपाही के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चालक को झपकी आने से स्कार्पियो पलटी, सात घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- केदारनाथ धाम से लौटते समय लखनऊ के सात लोग हादसे का शिकार हो गए

अमृत विचार। केदारनाथ धाम से लौटते समय लखनऊ के सात श्रद्धालु रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।चालक को झपकी आने से स्कार्पियो अचानक अनियंत्रित होने के बाद हाईवे पर पलट गई, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के लखनऊ के गोसाईगंज निवासी अनु वर्मा पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा, मुकेश वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा, अंकुर वर्मा पुत्र वीरेंद्र वर्मा, मोहित वर्मा पुत्र अखिलेश वर्मा, सौरभ यादव पुत्र दिनेश कुमार यादव, अभय पुत्र शिवशंकर, आदेश पुत्र गिरीश शर्मा केदारनाथ धाम से अपने घर लौट रहे थे। यहां रोजा थाना क्षेत्र के चकभिटारा के पास गुजरते समय अचानक ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होने के बाद नीचे खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद स्कार्पियो के अंदर चीख पुकार मचने लगी। इससे मौके पर जोगों की भीड़ जमा हो गई। फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाड़ी से निकाला। इसके बाद सभी को एंबुलेंस में जिला चिकित्सालय भेज दिया। इनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही। पुलिस ने गाड़ी को खाई से निकालकर गुर्री चौकी भेज दिया।

पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले मे सुनवाई 29 को

सुलतानपुर। लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण टल गई। अदालत ने सुनवाई के लिए 29 जून की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की थी।

ज्योति दूसरी बार बने अध्यक्ष

राज्यकर संघ सेवा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

विजेता पदाधिकारियों का किया गया सम्मान। अमृत विचार

अमृत विचार। राज्यकर सेवा संघ के चुनाव के साथ ही इंदिरानगर प्रतिष्ठान में चल रहा वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को पूरा हो गया। इस मौके पर संघ का नाम भी बदला गया। उप्र. राज्यकर सेवा संघ अब ''जीएसटी आफीसर्स सर्विस एसोसिएशन उप्र'' के नाम से जाना जाएगा। वोटिंग के बाद देर शाम मतगणना का परिणाम आया। इसमें ज्योति स्वरूप शुक्ला को करीब 304 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रशांत सिंह को 179 मत मिले। उन्हें पीछे छोड़ते हुए बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष पद पर चुना गया है। शुक्ला मुजफ्फरनगर में ज्वाइंट कमिश्नर एसआईबी के पद पर तैनात हैं। वहीं संरक्षक पद पर एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-वन रहे वाणिज्यकर अधिकरण वाराणसी के सदस्य आनंजेय कुमार रॉय को संरक्षक चुना गया है।

महासचिव पद पर अरुणेश कुमार सिंह को चुना गया। उन्हें 239 मत मिले। दूसरे नंबर पर रहे पंकज लाल को181 वोट मिले।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर तीन लोगों को चुना गया। इनमें प्रमुख रूप से अनिल मिश्रा, ज्योति यादव, डॉ. सतीश सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। कोषाध्यक्ष पद पर अमित मोहन और ऑडीटर पद पर सीके रल्हन को चुना गया है। संयुक्त सचिव पारुल राजवंशी, विराट प्रताप सिंह, संदीप कुमार व श्याम सुंदर पाठक बनाए गए। यह जानकारी शासन में संयुक्त सचिव पद पर तैनात एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-2 ब्रजेश मिश्र ने दी। लखनऊ की विशेष अनुसंधान शाखा के ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 483 वोट पडे.। प्रदेश के करीब 800 अधिकारियों की मौजूदगी में चुनाव संपन्न हुआ। अधिकारियों की पसंद रहे संरक्षक एवं अध्यक्ष की पूरी टीम को उन्होंने बधाई भी दी। इसके अलावा बधाई देने वालों में एडि. कमिश्नर दिनेश चंद्र मिश्र, जेसी अरुण शंकर रॉय, संजय कुमार भदौरिया आदि अफसरों ने चुनी गई टीम को शुभकामनाएं दीं।

जज ने शासन से की सुरक्षा की मांग

विधि संवाददाता बरेली

- ज्ञानवापी केस की सुनवाई करने वाले रवि कुमार दिवाकर ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

अमृत विचार। ज्ञानवापी केस की सुनवाई के बाद कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों से धमकी मिलने पर बरेली सेशन कोर्ट मे तैनात अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर जिला जज के जरिए प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर समुचित सुरक्षा मांगी है।

जज रवि कुमार दिवाकर ने इस पत्र में बताया है कि बनारस मे तैनाती के दौरान भी उन्हें इस्लामिक आगाज मूवमेंट का धमकी भरा पत्र मिलने पर उन्होंने 8 जून 2022 को केस दर्ज कराया था। इस संगठन ने पत्र में उन्हें काफिर और बुतपरस्त हिंदू न्यायाधीश बताते हुए कहा था कि विवादित भारत का मुसलमान अच्छी तरह जानता है कि वह ज्ञानवापी मस्जिद को उग्रवादी हिंदुओं के पोषक, नरसंहारक और भारत के उग्रवादी प्रधानमंत्री के दबाव में मंदिर घोषित कर देंगे और मुगलों को आततायी लुटेरा बता देंगे।

बता दें कि बृहस्पतिवार को ही लखनऊ सेशन कोर्ट के जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से भी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी को पत्र भेजकर इस्लामिक कट्टरपंथियों की ओर से जज रवि कुमार दिवाकर की हत्या की साजिश की जानकारी दी थी। पत्र में बताया गया था कि इंस्टाग्राम पर जज रवि कुमार दिवाकर के फोटो के साथ धमकी पोस्ट करने वाले भोपाल के अदनान खान को एटीएस ने गिरफ्तार किया, जिससे इस साजिश के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

किरोड़ा नाला उफनाने से फंसे श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर

- पूर्णागिरि मार्ग पर किरोड़ा नाला उफनाया, एक घंटे फंसे रहे श्रद्धालु
- पूर्णागिरि धाम के श्रद्धालुओं के अलावा स्थानीय ग्रामीणों को हुई परेशानी

किरोड़ा नाला से जान जोखिम में डालकर निकलते वाहन सवार। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद चम्पावत के पहाड़ क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण पूर्णागिरि मार्ग में किरोड़ा नाला एकाएक उफान पर आ गया। जिससे करीब 1 घंटे तक इस मार्ग की आवाजाही बंद रही। वहीं इसी मार्ग के बाटनागाड़ पर भी जलस्तर बढ़ने से श्रद्धालुओं और क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों से दो-चार होना पड़ा।

शुक्रवार पूर्वान्ह करीब दस बजे बाटनागाड़ और थ्वालखेड़ा के नालों के उफान पर आने से पूर्णागिरि मार्ग और टनकपुर-जौलजीबी सड़क बंद हो गई। इससे टनकपुर से भैरव मंदिर और निर्माणाधीन टीजे सड़क पर चूका तक की आवाजाही बाधित रही। करीब एक घंटे बाद नाले का पानी कम हुआ। इसके बाद वाहनों व आम राहगीरों की आवाजाही शुरू हो सकी। सड़क बंद होने से मां पूर्णागिरि देवी दर्शन आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा स्थानीय ग्रामीण और अन्य लोगों को दुश्वारी झेलनी पड़ी।

एआरटीओ सुरेंद्र कुमार ने नाले के उफान में आने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर तहसीलदार जगदीश गिरी और कोतवाली के एसएसआई बीएस बिष्ट ने टीम के साथ मौके पर पहुंच हालात को संभाला। नाले का पानी कम होने के बाद दोनों तरफ इंतजार कर रहे वाहनों को आगे बढ़ाया गया। सरकारी तौर पर 15 जून को पूर्णागिरि मेला समाप्त होने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम पहुंच रहे हैं।

आस्था टाट से निकल कर ठाठ में पहुंचे रामलला का राजशाही अंदाज में होता है पूजन

प्रतिदिन विशेष वस्त्र धारण करते हैं प्रभु श्रीराम लला

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

- रामलला के रोज प्राचीन शैलियों के वस्त्र बनाते हैं 12 कारीगर
- जहाज से दिल्ली से प्रतिदिन आते हैं रामलला के वस्त्र

अमृत विचार। प्रभु श्री रामलला टाट से निकलकर अब ठाठ में पहुंच गए हैं। अब भव्य मंदिर में रामलला की सेवा पूजा राजशाही अंदाज में की जाती है। रामलला रोजाना नए-नए वस्त्र धारण करते हैं। इन वस्त्रों को दिल्ली में तैयार किया जाता है और फिर उसे हवाई जहाज के माध्यम से अयोध्या लाया जाता है। जिसे प्रशासनिक सुरक्षा में राम जन्मभूमि परिसर पहुंचाया जाता है।

राम मंदिर में विराजमान पांच वर्ष के रामलला के लिए विशेष प्रकार के वस्त्र तैयार किए जाते हैं। जो देश की अलग-अलग आर्ट शैलियों पर हथकरघा और खादी ग्रामोद्योग से जुड़े लोगों द्वारा तैयार किये जाते हैं। इसके लिए दिल्ली में विशेष प्रकार की एक वस्त्र निर्माण कार्यशाला खोला गया है। जिसमें प्रतिदिन 12 कारीगर कार्य करते हैं।

इस कार्यशाला के प्रबंधक देश के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी बताते हैं कि मंदिर की तरह इस कार्यशाला को भी पवित्र रखा जाता है। किसी भी प्रकार के जूता-चप्पल पहनकर किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं है। इस कार्यशाला में कार्य करने वाली सभी कारीगर भी सात्विक है। उन्होंने बताया कि रामलला के वस्त्र को देशभर से प्राचीन शैलियों के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसके पीछे का भाव है कि भगवान जब त्रेताकाल में पांच वर्ष के रहे होंगे इसी प्रकार के शैलियों मं वस्त्र धारण करते थे।

उन्होंने बताया कि पूरा देश कपड़ों की शैलियों का एक गुलदस्ता है। जिसे कपड़ों के माध्यम से पूरे विश्व को दिखाने का यह प्रयास है। अब तक रामलला भारत के 25 से अधिक शैलियों पर तैयार किए गए कपड़ों के वस्त्र पहन चुके हैं।

रामलला पहन चुके हैं इन शैलियों पर बने वस्त्र

- देश के विभिन्न राज्यों के कपड़े मंगाए जा चुके हैं। जिसमें बनारस की सिल्क से चंदेरी, माहेश्वरी, आंध्र और तेलंगाना की पोचमपल्ली, कलमकारी आसाम की एरी सिल्क , गुजरात और राजस्थान की बाँधेज, कछार की अजरख, बंगाल की बलूचरी उड़ीसा की संबलपुर, बिहार की भागलपुरी महाराष्ट्र की वर्ली आर्ट समेत अन्य शैली शामिल हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा सरयू महोत्सव

अयोध्या। आन्जनेय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री अवध सरयू महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को रामकथा के बाद देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरयू तट पर पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। भक्ति अध्यात्म और भक्ति संगीत की अविरल गंगा जिसके त्रिवेणी में हजारों की संख्या में भक्त गोते लगा रहे है। कार्यक्रम के आयोजन महंत शशिकांत दास महाराज ने बताया कि रात्रि आठ बजे से सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसको देखकर यहां उपस्थित सैकड़ो लोग मंत्र मुग्ध हो गए। उन्होंने बताया कि माँ सरयू का जन्मोत्सव जेष्ठ पूर्णिमा दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस दौरान आरती घाट को विविध प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है। बताया श्री राम कथा संपन्न होने के बाद मां सरयू की भव्य आरती होगी।

सरयू महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

सार-संक्षेप

24 वर्षों में 4.12 करोड़ से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आये

काशीपुर। उत्तराखंड गठन के वर्ष 2000 से पिछले वर्ष 8 जुलाई 2023 तक 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर करीब 4 .12 करोड़ श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जिसमें सर्वाधिक 1.74 करोड़ बद्रीनाथ पहुंचे। वहीं केदारनाथ 1 .11 करोड़, 69 .12 लाख गंगोत्री और 57 .37 लाख यात्रियों ने यमुनोत्री धाम की यात्रा की। यह खुलासा उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को उपलब्ध कराई सूचना से हुआ है। इसे उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा हस्तांतरित होने पर लोक सूचना अधिकारी /संयुक्त निदेशक पर्यटन योगेन्द्र कुमार गंगवार ने वर्ष 2000 से 8 जुलाई 2023 तक चारधाम यात्रा में आए यात्रियों/श्रद्धालुओं की वर्षवार विवरण उनको उपलब्ध कराया। उपलब्ध सूचना के अनुसार पिछले 24 वर्षों में चारधाम यात्रा पर कुल 41253952 श्रद्धालु आए हैं। इसमें वर्ष 2000 में 1292411 श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की। जो वर्ष 2023 में बढ़कर 3325621 हो गई। इनमें वर्ष 2022 में सर्वाधिक 4437028 श्रद्धालु चारधाम पहुंचे थे।

लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

रुद्रपुर। भूतबंगला सहित मलिन बस्तियों के लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप था कि यूपी के रहने वाले आरोपी युवक ने पहले लोगों को लोन दिलाने का झांसा दिया और उसकी एवज में 40 से 50 लोगों से लाखों की ठगी कर फरार हो गया। भूतबंगला के पार्षद प्रतिनिधि परवेज कुरैशी ने बताया कि बस्ती में मिलक खानम रामपुर का रहने वाला एक युवक आया और लोगों को पांच लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया। आरोप था कि युवक ने लोन स्वीकृत कराने के नाम पर भूतबंगला के 40 से 50 लोगों से दस हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक का भुगतान कराया। इसके अलावा आसपास के इलाकों में भी युवक द्वारा पैसा एकत्रित किए जाने की चर्चा है। तीन माह तक जब कोई लोन स्वीकृत नहीं हुआ तो युवक को फोन किया। मगर आरोपी युवक का मोबाइल बंद आने लगा। इसके बाद लोगों ने आरोपी के खिलाफ रंपुरा पुलिस को तहरीर दी।

एक नजर

बारिश से पहले दुरुस्त करें औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कें

अमृत विचार , लखनऊ : औद्योगिक क्षेत्रों में बारिश से पहले सड़कों की मरम्मत व पैचवर्क करा लिए जाए। सीवेज की सफाई का कार्य प्राथमिकता से कराएं। उद्यमियों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त को उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनी नगर व बंथरा की इकाइयों में बारिश से जलभराव की समस्या बताई। इस पर मंडलायुक्त ने एनएचएआई, अपर जिलाधिकारी भूमि अधिग्रहण एवं उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर को अतिक्रमण/परिसम्पतियों को हटाने को कहा।

प्रो. सुरेश बने केजीएमयू के नए चिकित्सा अधीक्षक

अमृत विचार,लखनऊ : केजीएमयू में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर सुरेश कुमार को नया चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें 15 जुलाई 2024 तक के लिए दी गई है। यह आदेश शुक्रवार को कुलपति प्रो .सोनिया नित्यानंद ने निर्वतमान चिकित्सा अधीक्षक डॉ .डी हिमांशु ग्रीष्म अवकाश पर जाने के बाद लिया है। मालूम हो कि डॉ .सुरेश कुमार, इसके पहले भी ट्रामा सेंटर के इंचार्ज के व चिकित्सा अधीक्षक पद पर रह चुके है ।

प्रमुख मुख्य अभियंता ने कार्यों की जांच की

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे के दिल्ली स्थित मुख्यालय बडौदा हाउस के प्रमुख मुख्य अभियंता विजय प्रताप सिंह शुक्रवार को राजधानी पहुंचे। यहां पर उन्होंने हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा और अन्य अफसरों के साथ बैठक की। बैठक में चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन की जानकारी हासिल की। साथ ही चारबाग स्टेशन की सेकेंड एंट्री पर चल रहे कामों को परखा। उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जा रहे स्टेशनों की जानकारी भी प्रमुख मुख्य अभियंता ने ली।

स्वस्थ जीवन के लिए योग को बनाएं नियमित हिस्सा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में योग करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए लोग योग को नियमित अभ्यास का हिस्सा बनाएं। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के दौरान लोगों से यह अपील की। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी योगाभ्यास में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग मानवता के अनुकूल है, जो देश, समाज, काल परिस्थितियों से बाधित होकर भी संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। इस कार्य के साथ अगर हम जुड़ते हैं और संपूर्ण मानवता को जोड़ते हैं तो यह पूर्वजों और विरासत के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा कही जाती है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई और फिर राजभवन गीत का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को तुलसी का पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षकों सामूहिक योगाभ्यास किया।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने राजभवन में किया योगाभ्यास

योग एक संपूर्ण विद्या

मुख्यंत्री ने कहा कि योग एक संपूर्ण विद्या है जो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से एकजुट करता है। भारत की ऋषि परंपरा को देखें तो उन लोगों के पास कितनी दूरदर्शिता थी, किस तरह उन्होंने समाज को जोड़ा, धर्म को योग के साथ जोड़ने का एक अभिनव प्रयास इस रूप में हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

अयोध्या और प्रयाग में बनेगा अतिविशिष्ट राज्य अतिथि गृह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के अनुरूप बनेंगे नए अतिथि गृह

अमृत विचार: अयोध्या और प्रयाग में राज्य सरकार अतिथि गृहों के निर्माण कराने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले-आउट, सुविधाओं और साज-सज्जा आदि का प्रस्तुतिकरण देखा।

अपने सरकारी आवास पर राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश-दुनिया से अनेक विशिष्ट-अतिविशिष्ट अतिथियों का आगमन हो रहा है।

इनके प्रवास के लिए सुरक्षा व सुविधा के उत्कृष्ट मानकों के साथ गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। इसी प्रकार प्रयागराज में गणमान्य जनों के बेहतर आतिथ्य के लिए एक सर्वसुविधायुक्त अतिथि गृह बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रक्रिया यथाशीघ्र शुरु कर दी जाए।

मौसम में सुधार के बाद भी ठप हो रहीं बिजली इकाइयां

मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप, मांग घटकर 27 हजार पर पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट बिजली मांग में आई गिरावट

अमृत विचार: तापमान घटते ही प्रदेश में बिजली की मांग में कमी शुरू हो गई है। बीते दिनों की तुलना में करीब दो हजार मेगावाट की गिरावट है। अधिकतम मांग घटकर 27 हजार मेगावाट पर पहुंच गई है। इसके बाद भी उत्पादन इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। मेजा व सिंगरौली की दो इकाइयां ठप हो गईं, इससे बिजली संकट गहरा गया।

शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 27,813 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 18,067 मेगावाट रही। भीषण गर्मी के कारण इस माह बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई थी। 13 जून को सबसे ज्यादा अधिकतम मांग 30,618 मेगावाट रिकार्ड हुई थी।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा की 660 मेगावाट व सिंगरौली की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं हैं। इन इकाइयों के अगले तीन-चार दिनों में चालू होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट की इकाई के 22 जून को चालू होने की संभावना जताई जा रही है। तीन इकाइयों के बंद होने से बिजली उत्पादन घट गया है। इससे बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है, हालांकि, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर स्थिति काबू में की गई है।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। स्थानीय खराबी के कारण बाधित बिजली आपूर्ति को कम समय में बहाल करने के लिए प्रयास जारी हैं।

बिजली मांग की स्थिति

12 जून	30,240 मेगावाट
13 जून	30618 मेगावाट
14 जून	30,336 मेगावाट
15 जून	29,946 मेगावाट
16 जून	30,163 मेगावाट
17 जून	29,717 मेगावाट
18 जून	29,585 मेगावाट
19 जून	29,448 मेगावाट

बिना लिखित आश्वासन के खत्म नहीं होगा धरना

अमृत विचार, लखनऊ: उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बाहर मृतक आश्रितों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। वर्ष 2018 से मृतक आश्रितों की भर्ती की उम्मीद लिए तमाम लोग मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते रहे और निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन करने वालों के अनुसार बीते चार दिनों से धरना प्रदर्शन में कोई भी अधिकारी अब आश्वासन तक देने नहीं आया। बिना लिखित आश्वासन के धरना प्रदर्शन स्थगित भी नहीं होगा। प्रदेश भर में ऐसे मृतक आश्रितों की संख्या 1000 से ज्यादा है।

परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि निगम मुख्यालय के अधिकारी भी मृतक आश्रितों की भर्ती करने के पक्ष में हैं। लेकिन इसके लिए निगम का फायदे में होना जरूरी है। ऐसे में प्रदर्शन करने वालों को डेढ़ महीनें इंतजार करना होगा। इस बीच कोर्ट जाने वाले मृतक आश्रितों को कोई राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि शासन की ओर से वर्ष 2004 में जारी अधिसूचना के मुताबिक निगम हो या सार्वजनिक उपक्रम, जब तक फायदे में नहीं होंगे, अनुकंपा पर भर्ती नहीं की जा सकती है।

जीवंत अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में विकसित होगी पीतल नगरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुरादाबाद को अगले सात साल में विकसित करने के लिए खींचा गया खाका

पीतल की कारीगरी करने वालों के लिए महायोजना 2031 में विशेष प्रबंध

अमृत विचार: राज्य सरकार पीतल नगरी के नाम से मशहूर मुरादाबाद के लिए महायोजना 2031 लेकर आई है। इसके अंतर्गत जहां एक तरफ शहर का विस्तार और विकास सुनिश्चित किया जाना है, वहीं इसकी पहचान और ओडीओपी में शामिल पीतल हैंडीक्राफ्ट के निर्माण और निर्यात उद्योग को भी बढ़ाने का काम किया जाएगा।

उद्देश्य है कि मुरादाबाद को जीवंत अर्थव्यवस्था (वाइब्रेंट इकोनॉमिक) केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने अधिकारियों ने मुरादाबाद महायोजना 2031 को प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत रिपोर्ट में मुरादाबाद में हस्तशिल्प ग्राम, मेगा एमएसएमई क्लस्टर, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक पार्क, नॉलेज सिटी व मेडीसिटी के साथ ही 55 एकड़ में उप्र. राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण की बात भी कही गई है।

इसके अलावा औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए कौशल विकास केंद्र, निर्यातकों व निवेशकों की सुविधा के लिए ऑडिटोरियम और कन्वेंशन सेंटर, 1200 हेक्टेयर में मेगा टाउनशिप ''शिवालिक'' और 130 हेक्टेयर में औद्योगि व मिश्रत और 50 हेक्टेयर में आवासीय आत्याधुनिक टाउनशिप का भी प्रस्ताव है।

शिक्षक भर्ती: तीन दिनों में आवंटित होंगे स्कूल

अमृत विचार, लखनऊ: बेसिक शिक्षा परिषद में 12,460 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत बचे हुए अभ्यर्थियों को तीन दिनों में विद्यालय आवटिंत कर दिए जायेंगे। इस संबंध में परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है।

इन सभी अभ्यर्थियों को 2023 दिसंबर से लेकर 2024 जनवरी के बीच नियुक्त पत्र पहले दिया जा चुका है। लेकन मामला कोर्ट में जाने के बाद से विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया अटकी हुई थी। लेकिन अब 27 जून से 29 जून के बीच सभी शिक्षकों को विद्यालय भेज दिया जायेगा। इस संबंध में सचिव परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है वहां तैनाती की जायेगी। सचिव ने बताया कि जिस तरह से शिक्षकों को विद्यालय आवंटित होने है उसकी गाइडलाइन भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी की गई है। गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य किया जाएगा।

विद्यालयों में पहुंचेगी गुणवत्तापूर्ण खेल किट

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

शैक्षिक सत्र 2024-25 मे खरीदारी के लिए प्रमुख सचिव बेसिक ने जारी किया आदेश

> नये शैक्षिक सत्र में सभी विद्यालयों में समय से खेल किट की खरीदारी करानी होगी, इसके लिए आदेश जारी कर दिए गये हैं। किट गुणवत्तापूर्ण रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है।
>
> -डॉ .एम .के .शनमुगा सुंदरम, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा

अमृत विचार: प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2024-25 में खेलकूद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। हर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण खेल किट खरीदारी प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम ने आदेश दिया है। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना व बजट वर्ष 2024- 25 में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रति प्राथमिक विद्यालय के लिए 5,000 और उच्च प्राथमिक विद्यालय 10,000 रुपये की दर से खेलकूद सामग्री की खरीदारी के लिए राशि जारी की गई है। इसके साथ ही संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित दिशा-निर्देश खेलें भी और खिले भी जारी किया किया गया है।

विद्यालय स्तर पर गठित होगी समिति: खेल किट खरीदारी करने के लिए विद्यालय स्तर की क्रय समिति गठित की जायेगी। जिसमें स्पोर्टस अनुदान वर्ष 2024-25 का उपभोग पिछले वर्ष की तरह केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी स्पोर्ट्स गाइडलाइन के तहत किया जायेगा।

पारंपरिक खेलों को करेंगे प्रोत्साहित: विद्यालय स्तरीय खेलकूद समिति की ओर से खेलकूद अनुदान वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत क्रय की जाने वाली खेल सामग्री की पहचान एवं क्रय सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले पारंपरिक खेलों व समूह में (टीम के रूप में) खेले जाने वाले खेल खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, हैंडबॉल को भी प्रोत्साहित किया जायेगा।

पांच माह में 25 हजार किलो मादक पदार्थ बरामद

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर सरकार दवारा जबरदस्त कार्रवाई की गई है। 2024 की ही बात करें तो मई माह तक 24,529 किलो से ज्यादा मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। वहीं केवल एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) द्वारा की गई कार्रवाई में 70 करोड़ से ज्यादा कीमत का 7317 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया।

मई 2024 तक अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और खरीद को लेकर कुल 3,657 अभियोग दर्ज किए गए हैं। वहीं 4548 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। कुल 18,945.66 किग्रा गांजा, 5,151.81 किलो डोडा, 250.39 किलो अफीम, 412.93 किलो चरस, 97.94 किलो हेरोइन एवं स्मैक और 8.83 किलो मारफीन बरामद की गई है। 2023 में 61,685.14 किग्रा, 2022 में 56,453.57 किग्रा और 2021 में 53,074.83 किग्रा मादक पदार्थ बरामद किया गया था। एडीजी क्राइम एसके भगत के मुताबिक एएनटीएफ द्वारा इस साल अब तक कुल 63 अभियोग दर्ज किए गए हैं, जबकि 131 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

नई बिजली दरों को लेकर नियामक आयोग जुलाई में करेगा जनसुनवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

8 जुलाई को कानपुर में होगी पहली बैठक

11 जुलाई को राजधानी में होगी सुनवाई

अमृत विचार: प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर जुलाई में जनसुनवाई होगी। आयोग बैठक कर बिजली उपभोक्ताओं का पक्ष सुनेगा। आयोग ने सुनवाई के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। आठ जुलाई को कानपुर में पहली सुनवाई होगी।

बिजली कंपनियों की ओर से वार्षिक राजस्व आवश्यकता वर्ष 2024-25 व ट्रू-अप याचिका संबंधी आंकड़ं समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जा चुके हैं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार अब आयोग वितरण निगमों के साथ अलग-अलग तारीखों में आठ जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुनवाई करेगा। आठ जुलाई को केस्को कानपुर, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के साथ सुनवाई होगी। 11 जुलाई को मध्यांचल निगम के साथ राजधानी में आयोग सभागार में सुनवाई होगी। 16 जुलाई को पूर्वांचल निगम के साथ वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल निगम के साथ, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी ग्रेटर नोएडा में व 20 जुलाई को पश्चिमाचल निगम के साथ मेरठ में सुनवाई होगी। मालूम हो कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत बिजली कंपनियों की ओर से आयोग में जवाब दाखिल किया गया था, जिसमें कंपनियों ने आयोग से स्वतः दरें निर्धारित करने की मांग की थी। आयोग के निर्देश के बाद भी कंपनियों ने उपभोक्ता श्रेणीवार दरों का प्रस्ताव नहीं दिया था।

बिजली दरें कम कराने की तैयारी में उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों को कम कराने की तैयारी शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ सरप्लस निकल रहे हैं। सुनवाई के दौरान उपभोक्ताओं का पक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियां दरें बढ़ाने की कोशिश में हैं, पर ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

वर्ग पहेली-108

बाएं से दाएं

1. 1. पतन या ह्रास का समय 2. बुढ़ापा 3. पतझड़ की ऋतु।
4. अनेक दिशाओं में जाने वाला।
6. जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य, दुर्लभ।
8. 1. उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में होली के दिनों में मस्ती और उन्मुक्तता से गाए जाने वाले भदेस गीत और नाच-गान। इन सारे नाच-गानों के बीच-बीच में टेक की तरह 'जोगीड़ा सारा.. रारा.. रारा.. रारा.. रारा... रा रा' आता है 2. वसंत ऋतु में गाया जाने वाला चलता गाना 3. जोगीड़ा गाने वालों का दल या समाज।

ऊपर से नीचे

1. सफ़ेद बालों को काला करने की दवा या रसायन लेप, केशकल्प।
2. अश्लील, फूहड़, फ़ोश।
3. 1. गंगा की प्राप्ति 2. मृत्यु 3. गंगातट पर दाह संस्कार का होना।
5. 1. अंश या हिस्सा पाने वाला 2. साझेदार, (शेयरहोल्डर)।
6. दूना, दोगुना।
7. समधी के पिता।



वर्ग पहेली -107 का हल

	1 घा			2 घो	3 सी			
	टि			4 सं		मं		
5 सी	ता			6 शो	णि	त		
	ई			धि			7 दू	
		8 कु	त	9 बा			रं	
		ढं		ज़ा			दे	
10 आ	वे	गी		र			श	

सुडोकू-21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2				8	3		
	1					4	8	
5		4	9			2		7
	6		5			7		
7		5				6		9
		9			3		1	
4		8			2	1		6
	7	6					3	
		2	7				5	

सुडोकू - 20 का हल

3	8	9	6	5	2	7	1	4
5	4	6	8	7	1	3	9	2
7	2	1	9	3	4	8	5	6
6	5	7	2	4	9	1	3	8
8	9	2	5	1	3	4	6	7
4	1	3	7	8	6	5	2	9
9	7	8	1	2	5	6	4	3
1	6	4	3	9	8	2	7	5
2	3	5	4	6	7	9	8	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा-06 .37 तक तत्पश्चात प्रतिपदा 23 जून 05 .12 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 17 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज प्रेमी जन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें। बाहर का भोजन करने से बचें वरना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती है। अपने गुरुजनों से विवाद न करें। किसी आवश्यक काम को लेकर आपको धन उधार लेना पड़ सकता है।

वृष — आज आपको काफी विचारवान होने की आवश्यकता है। घर के सभी सदस्यों से मिलजुल कर रहें। व्यवसाय को लेकर आपके मन में चिंता हो सकती है। खर्च बढ़ने के कारण आप आवश्यक कार्यों पर कम ध्यान दे सकते हैं।

मिथुन — आज आपका मनोबल बढ़ेगा। जीवनसाथी की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करेंगे। घर के रखरखाव आदि में आप काफी ध्यान देंगे। पुराने लोन को चुकता कर सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू करने के लिए समय काफी अच्छा है।

कर्क — आज ऑनलाइन कारोबार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव की भावना रहेगी। घर के जरूरी कार्यों में मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी क्षमताओं की लोग प्रशंसा करेंगे।

सिंह — आज किसी प्रिय मित्र से वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। व्यर्थ के लड़ाई-झगड़ों में आपको पड़ने से बचना चाहिए। लोग आपकी भावनाओं का अनादर कर सकते हैं। नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर सकते हैं।

कन्या — आज विरोधियों से आपकी सीधी टक्कर हो सकती है। भविष्य के प्रति निश्चिंत हो सकते हैं। आपको शांत होकर विचार करना चाहिए। व्यापार में आपको कठिन परिश्रम के बाद ही धन लाभ होगा। कारोबार में आपके संबंधों में सुधार आएगा।

तुला — आज आप किसी कठिन डील को अपने पक्ष में ला सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। नई संपत्ति लेने का सोच सकते हैं। आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध मधुर बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज अति उत्साह में आपके काम बिगड़ सकते हैं। घर में लोगों के साथ अनबन हो सकती है। आपको शांत होकर अपना काम करना चाहिए। थोक व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सामाजिक कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा।

धनु — आज सहकर्मियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आप व्यापार में लाभ बढ़ाने के तरीकों पर काम करेंगे। व्यापार में धन लाभ होने से आपके ऊपर से आर्थिक दबाव कम होगा। वैवाहिक संबंध मधुर व मजबूत रहेंगे। उच्च शिक्षा में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है।

मकर — आज कारोबार में तकनीकी मामलों के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं। यात्राओं को टालना फिलहाल आपके लिए हितकर होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा कमजोर रहेगा। क्रोध और तनाव से आपको बचना चाहिए। किसी से भी अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

कुंभ — आज टेक्सटाइल के कारोबार से जुड़े लोगों का व्यापार बढ़ेगा। बौद्धिक लोगों की संगत में रहना उत्तम होगा। उधार में दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके घर कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। आप उनसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च शिक्षा के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी।

मीन — आज आप किसी उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामले सुलझने की संभावना बन रही है। आप लोगों को अपने पक्ष में ला सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भावना का विकास होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	तकदीर का तमाशा सुबह : 09 .32	SONY PIX	ग्रैन टूरिस्मो सुबह : 09 .42
	परदेसी बाबू रात : 07 .00		जॉन विक 3 रात : 08 .58
&pictures	राधे सुबह : 11 .03	ZEE CINEMA	हम साथ साथ हैं दोपहर : 01 .48
	जिंदगी न मिलेगी दोबारा रात : 08 .00		सूर्यवंशी रात : 08 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

colors CINEPLEX — दिल
सुबह : 10 .24
अंधाधुन
रात : 09 .00

जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मैं मर गया तो तुम दूसरी शादी करोगी?
पत्नी- नहीं मैं अपनी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगी।
पत्नी- अगर मैं मर गई तो तुम दूसरी शादी करोगे?
पति- मैं भी तुम्हारी बहन के साथ पूरी जिंदगी रह लूंगा।
पति की बात सुनकर पत्नी गुस्से लाल हो गई और बीवी का चेहरा देखकर पति डर के मारे पीला पड़ गया।

लेडी टीचर- लोफर और ऑफर में क्या फर्क है।
स्टूडेंट-बहुत आसान है मैम
आई लव यू अगर लड़का कहे तो लोफर लड़की कहे तो ऑफर
स्टूडेंट की बात सुन टीचर हैरान...

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 910 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 860
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग- 1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूं दड़ा	2400-2450
आर. आर.21	2550-2600
गेहूं फारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	6500 -6600
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -11000
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	7800 -8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16700-16800
अरहरस्पेशल	14200-14300
चनादाल	8000-8100
मटरदाल	4750-4850
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000- 13300
उड़द धोवा	10000- 13000
मूंगदाल	8100 -9700
मूंग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती न01.	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती न02.	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1460
मैदा	1380-1435
सूजी	1440-1460
शाहपसंद	1360-1400

अर्थशास्त्रियों, एमएसएमई व कृषि संगठनों संग बजट को लेकर चर्चा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2024-25 की तैयारियों को लेकर की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर कृषि संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ ही सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के साथ भी बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए कहा कि अलग अलग हुई बैठकों की अध्यक्षता वित्त मंत्री ने की। इन बैठकों में कृषि संगठनों और इस क्षेत्र के अर्थशास्त्रियों ने अपने सुझाव दिये और विचार रखे। इसी तरह से एमएसएमई के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। यह बजट पूर्व चौथी और पांचवी बैठक थी। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज

- **वित्त राज्य मंत्री सचिव, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारी बैठक में हुए शामिल**

चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों, राजस्व, वित्तीय सेवाओं और कंपनी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए।

एमएसएमई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में इनके साथ ही एमएसएमई मंत्रालय और डीपीआईआईटी के अधिकारियों ने भी भाग लिया। आम चुनाव में मद्देनजर इसबार फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था। आम चुनाव के बाद अब फिर से श्रीमती सीतारमण को वित्त मंत्रालय का कार्यभार मिला है और वे अब पूर्ण बजट की तैयारियां शुरू कर दी। नव निर्वाचित 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है।

1.5 करोड़ तक के कारोबार वाली कंपनियों के लिए छूट बढ़ाएं : जीटीआरआई

नई दिल्ली। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को 1.5 करोड़ रुपये तक कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट सीमा बढ़ाने, जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का सुझाव दिया।

- **जीएसटी स्लैब की संख्या घटाने और राज्यवार पंजीकरण खत्म करने जैसे कई सुधारों का दिया सुझाव**

जीटीआरआई ने कहा कि ऐसा करके जीएसटी को अधिक कुशल और व्यापार के अनुकूल बनाया जा सकेगा। वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर यह 1.46 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ अप्रत्यक्ष करों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन गया है। जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत एक जुलाई, 2017 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ तक पहुंच गया। वैश्विक व्यापार अनुसंधान निकाय ने कहा कि राज्य के भीतर आपूर्ति की अधिकता से पता चलता है कि अंतर-राज्यीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी नियमों को सरल बनाने की जरूरत है। जीटीआरआई ने 1.5 करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाली कंपनियों के लिए जीएसटी छूट की सीमा को मौजूदा 40 लाख रुपये से बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

चुनाव के बाद 39.67 लाख करोड़ बढ़ा बाजार पूंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद 5 जून से 21 जून के बीच देश में 39.67 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण बढ़ा है। इसे शेयर बाजार में मोदी सरकार 3.0 को सलामी के बाद बजट पूर्व रैली का संकेत माना जा रहा है। चुनाव होने के कारण केंद्र सरकार ने फरवरी माह में अंतरिम बजट पेश किया था। अब चुनावी परिणाम के बाद नई सरकार वित्त वर्ष के शेष बचे महीनों के लिए जुलाई में बजट पेश करेगी। मोदी सरकार में निर्मला सीतारमण पहली वित्त मंत्री होंगी जो अंतरिम के बाद पूर्ण बजट भी पेश करेंगी। आंकड़े इशारा कर रहे हैं कि बाजार में बजट पूर्व रैली की शुरुआत हो चुकी है। 12 से 21 जून के बीच सात कारोबारी सत्रों में निफ्टी ने 6 दिन नया हाई रिकॉर्ड बनाया है।

2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने अंतरिम बजट पेश किया था लेकिन चुनाव के बाद सरकार बदलने से जुलाई में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने मोदी सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। साल 2019 में अंतरिम बजट वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने पेश किया था। अरुण जेटली के निधन के बाद पीयूष गोयल को वित्त मंत्रालय का प्रभार मिला था। लेकिन नई सरकार में निर्मला सीतारमण ने वित्त मंत्री बनने पर पूर्ण बजट देश के सामने रखा था। 10 वर्षों में यह पहली बार होगा कि अंतरिम बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री ही पूर्ण बजट भी पेश करेंगे। इससे सरकार की पुरानी नीतियां जारी रहने की उम्मीद हैं, जो शेयर बाजार को भी पसंद हैं।

गिरावट का इतिहास पर डरने की नहीं बात

आर्थिक सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार अंतरिम बजट वाले दिन 1 फरवरी 2024 को शेयर बाजार में मामूली गिरावट हुई थी। सेंसेक्स 106.81 अंक यानि 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 71,645.30 और निफ़्टी 28.25 अंक यानि 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ था। वर्ष 2014 और 2019 में नई सरकार के गठन के बाद पेश होने वाले बजट के दिन बाजार नेगेटिव में बंद हुआ था। लेकिन इसका मतलब यह बिलकुल नहीं निकाला जा सकता है कि जुलाई में पेश होने बजट के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद होगा।

7 बार बजट वाले दिन बाजार गिरा, 5 मौकों पर चढ़ा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 2 अंतरिम बजट सहित कुल 12 बार बजट पेश हुए हैं। इन 12 में 7 मौकों पर शेयर बाजार बजट के दिन गिरा है, जबकि 5 बार चढ़ा है।

कैपिटल एक्सपेंडिचर पर जारी रहेगा फोकस

शेयर बाजार से संबंधित टैक्स दरों में अंतरिम बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ था। साथ ही अब तक के उच्चतम कैपिटल एक्सपेंडिचर 11.11 लाख करोड़ का ऐलान हुआ था। इसका मतलब यह है कि सरकार अगर 1 रुपये का कैपिटल एक्सपेंडिचर करती है तो जीडीपी 6 से 8 रुपये तक बढ़ता है। इसके बाद सरकारी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गयी थी। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर का बजट और बढ़ा सकती है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	92700
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा)	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74600
गिन्नी (प्रति नग)	55600-55800
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,850
सोना रवा	72,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,100
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72800
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71800
सिल्वर (पक्की)	900 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,250
चांदी आभूषण	91,000

कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण कामगारों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति मई में क्रमशः 7% एवं 7.02% पर लगभग स्थिर रही। अप्रैल में ये दोनों 7.03% और 6.96% रही थीं। श्रम मंत्रालय ने कहा कि मई 2023 में ये आंकड़े सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) के लिए 5.99% और सीपीआई-आरएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-ग्रामीण कामगार) के लिए 5.84% थे।

कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कम होकर 7% रही। एक माह पहले अप्रैल में यह 7.03 प्रतिशत थी।

- **श्रम मंत्रालय के अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई में कम होकर 7% रही**

वहीं, ग्रामीण कामगारों के मामले में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति मई, 2024 में कुछ बढ़कर 7.02% रही। यह अप्रैल, 2024 में 6.96% थी। कृषि श्रमिकों और ग्रामीण कामगारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मई में छह-छह अंक बढ़कर क्रमशः 1,269 1,281 के स्तर पर रहा। अप्रैल, 2024 में कृषि श्रमिकों के लिए सीपीआई 1,263 अंक जबकि ग्रामीण कामगार के लिए 1,275 अंक था। श्रम मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक बढ़ाने वाले मुख्य वस्तुओं में सब्जियां, दाल, गेहूं (आटा), प्याज, दूध, हल्दी, अदरक, ताजा मछली, ज्वार, पान का पत्ता, दवाएं, साड़ी, चमड़े की चप्पल आदि हैं। राज्यों के मुद्रास्फीति में विविधतापूर्ण रुझान देखा गया। बिहार में सीपीआई कृषि श्रमिक और ग्रामीण कामगार, दोनों में गिरावट देखी गई। जम्मू-कश्मीर में कृषि श्रमिकों का सूचकांक स्थिर रहा।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही। भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

राष्ट्रीय

हाईकोर्ट ने पूछा- पोर्श मामले में क्यों बदला आदेश

नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में लेना क्या कैद के समान नहीं है?

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पूछा कि पुणे पोर्श कार हादसा मामले में नाबालिग आरोपी को पहले जमानत देना और फिर उसे हिरासत में ले लेना तथा सुधार गृह में रखना क्या कैद के समान नहीं है? न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी।

अदालत ने कहा, दो लोगों की जान गई। यह दर्दनाक हादसा तो था ही, लेकिन किशोर भी मानसिक अभिघात में था। खंडपीठ ने पुलिस से यह भी पूछा कि कानून के किस प्रावधान के तहत पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत देने के आदेश में

संशोधन किया गया और उसे कैद में किस आधार पर रखा गया।

19 मई की सुबह किशोर कथित तौर पर नशे में तेज रफ्तार में पोर्श कार चला रहा था और उसने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे पुणे के कल्याणी नगर में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों- अनीश अवधिया और अश्विनी कोष्टा की मौत हो गई। सत्रह-वर्षीय किशोर को उसी दिन किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा जमानत दे दी गई। बोर्ड ने किशोर से सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा तथा आदेश दिया कि किशोर को उसके माता-पिता और दादा की देखभाल एवं निगरानी में रखा जाए। त्वरित जमानत दिये जाने पर देश भर में हंगामे के बीच, पुलिस ने जेजेबी से जमानत आदेश में संशोधन की अपील की। बोर्ड ने 22 मई को किशोर को हिरासत में लेने का आदेश दिया और उसे एक सुधार गृह में भेज दिया। किशोर की बुआ ने पिछले सप्ताह एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिसमें दावा किया गया कि उसे अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उन्होंने किशोर की तत्काल रिहाई की मांग की। पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर दलीलें सुनते हुए कहा कि पुलिस ने जेजेबी द्वारा पारित जमानत आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में आज तक कोई आवेदन दायर नहीं किया है। अदालत ने कहा कि इसके बजाय जेजेबी के जमानत आदेश में संशोधन के अनुरोध के साथ आवेदन दायर किया गया था। खंडपीठ ने कहा कि संबंधित याचिका के आधार पर जमानत आदेश में संशोधन किया गया और किशोर को सुधार गृह भेज दिया गया।

खंडपीठ ने कहा- यह किस प्रकार की रिमांड है

खंडपीठ ने कहा कि यह किस प्रकार की रिमांड है? रिमांड की शक्ति क्या है? यह किस तरह की प्रक्रिया है, जहां किसी व्यक्ति को जमानत दी गई है और फिर उसे हिरासत में लेकर सुधार गृह भेजने का आदेश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि नाबालिग को उसके परिवार के सदस्यों की देखभाल और निगरानी से दूर ले जाया गया और एक सुधार गृह भेज दिया गया। अदालत ने सवाल किया कि पुलिस ने जमानत रद करने के लिए अर्जी क्यों नहीं दी। इसने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि यह मंगलवार 25 जूनको पारित किया जाएगा। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने कहा कि बोर्ड द्वारा पारित रिमांड आदेश पूरी तरह वैध थे और इसलिए किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।

कांग्रेस का नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

नीट विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

यादव ने कहा कि पार्टी युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्वक विरोध कर रही है और तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक कि नीट-स्नातक परीक्षा में बैठने वाले लाखों छात्रों को न्याय नहीं मिल जाता। यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि छात्रों को न्याय मिले। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की राज्य इकाई के कार्यालय में एकत्र हुए और भाजपा मुख्यालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और विभिन्न थानों मे ले जाया गया। बाद में इन्हें रिहा कर दिया गया।

भाजपा के राज में पेपर लीक राष्ट्रीय समस्या बन गया

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में पेपर लीक होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश में 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।

एक नजर

झारखंड में सामूहिक दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीया बच्ची की हत्या

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में एक आठ वर्षीया बच्ची के साथ तीन नाबालिग सहित चार लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों में एक 20 वर्षीय युवक और तीन नाबालिग शामिल हैं, जिनकी उम्र 16 वर्ष है। बरहरवा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मंगल सिंह जामुदा ने संवाददाताओं को बताया कि घटना बुधवार रात की है। बच्ची के परिचित आरोपी उसे मैदान पर ले गए और दुष्कर्म किया और फिर वे उसे एक सुनसान इमारत में ले गए जहां उन्होंने फिर से उससे दुष्कर्म किया।

टीएमसी विधायक को सीबीआई का समन

कोलकाता। सीबीआई ने टीएमसी विधायक तापस साहा को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में शुक्रवार को पेश होने के लिए समन जारी किया। एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने कथित भर्ती घोटाले के संबंध में तेहट्टा से विधायक साहा को समन जारी किया। उन्होंने कहा कि हमने तपस साहा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। साहा ने कहा कि वह सीबीआई के समक्ष पेश होंगे।

कोर्ट ने शराब त्रासदी पर सरकार को फटकारा

चेन्नई,एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के लिए शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगाते हुए उसे राज्य में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति डी कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति के कुमारेश बाबू की खंडपीठ ने यह निर्देश अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की विधि इकाई के सचिव आई एस इनबादुरई द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए दी। खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवायी की अगली तिथि 26 जून तय की। जनहित याचिका में राज्य सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वह कल्लाकुरिची जिले में अवैध रूप से शराब बेचने के अपराध की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में कल्लाकुरिची शराब त्रासदी के मामले में की गई कार्रवाई के अलावा पिछले साल विल्लुपुरम के मरकानम में हुई इसी तरह की घटना के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। जब मामला सुनवाई के लिए आया तो पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला लोगों के जीवन से जुड़ा है और इसलिए अदालत जानना चाहती है कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने क्या कार्रवाई की और पिछले एक साल में राज्य में कितने मामले दर्ज किए गए।

शराब त्रासदी में 48 की मौत : तमिलनाडु मंत्री

चेन्नई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा.सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि कल्लकुरिची में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 48 हो गई है, जिसमें तीन महिलाएं भी हैं। पुद्दुचेरी के जिपमेर अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जहरीली शराब से प्रभावित लोग इलाज के लिए अस्पताल आने में संकोच कर रहे थे इसलिए उनके महत्वपूर्ण अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। इसलिए सरकार ने शराब पीने वालों की पहचान की, उनके घर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया।

रेणुकास्वामी को दिये थे बिजली के झटके, जांच में खुलासा

बेंगलुरु, एजेंसी

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रही कर्नाटक पुलिस ने कहा है कि कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से संपर्क किया था जबकि एक अन्य आरोपी ने ये बात स्वीकारा कि पीड़ित को बिजली के झटके दिए गए थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो-अभिनेता दर्शन ने कानूनी कार्रवाई से बचने और हत्या की साजिश एवं

- **कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीपा ने कथित हत्या के बाद कई लोगों से किया था संपर्क**

सबूत नष्ट करने में लगने वाले खर्चे के लिए अपने दोस्त से 40 लाख रुपये लिए थे और राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर हिरासत आवेदन में जांच पर जानकारी साझा की। पुलिस ने कोर्ट से दर्शन और तीन अन्य की हिरासत और पवित्रा गौड़ा व शेष आरोपियों की न्यायिक हिरासत का अनुरोध किया। मामले में दर्शन और गौड़ा सहित कुल 17 लोग आरोपी हैं। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने गौड़ा को अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे दर्शन नाराज हो गया और उसकी हत्या कर दी गई। उसका शव 9 जून को सुमनहल्ली में नाले के पास मिला था। अभिनेता और अन्य आरोपियों - धनराज डी, विनय वी और प्रदोष - ने जांच में सहयोग नहीं किया और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की।

64 करोड़ के ड्रेनेज घोटाले का जेल में बंद आरोपी देगा सिविल सेवा परीक्षा

इंदौर (मप्र)। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 64 करोड़ रुपये के ड्रेनेज घोटाले के आरोपियों में शामिल सहायक लेखा परीक्षक (ऑडिटर) को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की सिविल सेवा परीक्षा में बैठने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद रामेश्वर परमार को राज्य सेवा परीक्षा 2024 के 23 जून को आयोजित प्रारंभिक दौर में शामिल होने की अनुमति दे दी। इंदौर नगर निगम में सहायक लेखा परीक्षक के रूप में पदस्थ परमार ड्रेनेज घोटाले में गिरफ्तारी के बाद जेल में है। उसने राज्य सेवा परीक्षा में बैठने के लिए कोर्ट में अस्थायी जमानत की याचिका दायर की थी। अदालत ने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वह आरोपी को रविवार को पुलिस हिरासत में परीक्षा केंद्र तक ले जाने और वापस जेल लाने के इंतजाम करे। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पंकज कुमार पांडे ने बताया कि परमार और इंदौर नगर निगम के अन्य ऑडिटर पर आरोप है कि उन्होंने ड्रेनेज के नाम पर फर्जी बिलों की भुगतान से पहले जांच नहीं की।

हिमाचल में बस पलटने से चार लोगों की मौत, तीन घायल

शिमला। हिमाचल के शिमला जिले में कुद्दु-दिलतारी मार्ग पर शुक्रवार तड़के बस के पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह 6.45 बजे उस समय हुई जब हिमाचल सड़क परिवहन निगम की बस कुद्दु से दिलतारी की ओर जा रही थी। बस में सात लोग सवार थे।

शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि दुर्घटना में बस सवार बिरमा देवी और धन शाह की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक करम दास और परिचालक राकेश ने अस्पताल ले जाते दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानलेवा लू : मृतक संख्या हुई 143

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मी का प्रकोप

- **स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक करीब 41789 लोग तापाघात से पीड़ित, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका**

देश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने वाली जानलेवा लू के कारण एक मार्च से 20 जून के बीच 143 लोगों की मौत हुई और करीब 41789 लोग संदिग्ध तापाघात से पीड़ित हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि लू से मौतों का आंकड़ा इससे अधिक होने की आशंका है, क्योंकि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी संबंधी बीमारी एवं मृत्यु निगरानी के तहत संकलित किए गए आंकड़ों में राज्यों की ओर से प्रदान की अद्यतन जानकारी शामिल नहीं है।

कई चिकित्सा केंद्रों ने अब तक लू से जान गंवाने लोगों की संख्या को 'अपलोड' नहीं किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 20 जून को ही तापघात के कारण 14 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा संदिग्ध तापघात के कारण नौ लोगों की जान गई, जिससे मार्च से जून की अवधि में लू से मरने वालों की संख्या 114 से बढ़कर 143 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 35 मौतें हुई हैं, इसके बाद दिल्ली (21) और बिहार तथा राजस्थान (17-17) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि वे गर्मी की स्थिति जारी रहने तक केंद्र के तहत आने वाले अस्पतालों का दौरा करें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि प्रभावित मरीजों के लिए अलग से व्यवस्था की गई है या नहीं।

हज यात्रा के लिए 365 डॉक्टर और दो लाख ओपीडी

नई दिल्ली। देश में एक लाख 75 हजार 25 हज यात्रियों की चिकित्सा देखभाल के लिए 356 डॉक्टर और चिकित्साकर्मी नियुक्त किए गए हैं और दो लाख ओपीडी आयोजित हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था शीर्षक से दस्तावेज जारी करते हुए कहा कि 1,75,025 लोगों ने इस वर्ष भारत से हज यात्रा की, जिनमें से 40,000 बुजुर्ग हैं जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष सउदी अरब की खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण हज यात्रियों के लिए 24 घंटे सेवाओं की आवश्यकता हो गई है। इस वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं में दंत चिकित्सा देखभाल को भी जोड़ा गया है। चिकित्सा दलों ने हज यात्रियों से संपर्क भी किया। जेद्दा में भारतीय वाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद आलम ओनलाइन कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

डकवर्थ लुईस नियम से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **कमिंस और जम्पा की शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश 28 रन से हारा**

स्टा र तेज गेंदबाज पैट कमिंस की टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक और एडम जम्पा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्व कप के वर्षाबाधित सुपर आठ चरण के मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। जम्पा ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिये। वहीं कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजते हुए आठ विकेट पर 140 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने 35 गेंद में नाबाद 53 रन बनाये जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। ट्रेविस हेड (31) और वॉर्नर ने पहली ही गेंद से आक्रामक खेल दिखाया।

दोनों ने बिना किसी नुकसान के 60 रन बना लिये थे जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने हेड और मिचेल मार्श (एक) को जल्दी आउट किया। दोहरे झटकों के बावजूद मैच पूरी तरह से आस्ट्रेलिया की गिरफ्त में था। अपना आखिरी टी-20 विश्व कप खेल रहे वॉर्नर ने छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोके जाने के समय आस्ट्रेलिया ने 11.2 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बना लिये थे। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर उसे जीत के लिये 72 रन ही चाहिये थे।

इससे पहले मिचेल ने आस्ट्रेलिया को शुरुआती सफलता दिलाते हुए पहले ही ओवर में तंजीद हसन को आउट किया। इसके साथ ही टी20 विश्व कप में उनके सर्वाधिक 95 विकेट हो गए। उन्होंने श्रीलंका के लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा।

पैट कमिंस ने टी-20 विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। आस्ट्रेलिया के पैट कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के मैच में इस टी-20 विश्व कप की पहली हैट्रिक बनाई। 31 बरस के कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर महमूदुल्लाह और मेहदी हसन को आउट किया। इसके बाद आखिरी ओवर की पहली गेंद पर तौहीद हृदय को पवेलियन भेजा। यह टी20 विश्व कप में सातवीं हैट्रिक थी। कमिंस ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। आस्ट्रेलिया के लिये उनसे पहले ब्रेट ली यह कारनामा कर चुके हैं और उस समय भी विरोधी टीम बांग्लादेश ही थी। ली ने 2007 में हैट्रिक बनाई थी। उनके अलावा आयरलैंड के तेज गेंदबाज कुर्टिस कैंफर (2021), श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा (2021) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा भी यह कमाल कर चुके हैं।

पेरिस ओलंपिक के दौरान मेजबानी का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय खेल प्रशासक 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा मजबूत करने के लिए आगामी पेरिस ओलंपिक के दौरान कड़ी 'लॉबिंग' करेंगे। भारत अगर मेजबानी हासिल करने में सफल रहता है तो वह योग, खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों को भी इसमें शामिल करने का प्रयास करेगा। भारतीय खेल प्राधिकरण की मिशन ओलंपिक इकाई ने गुरुवार को ओलंपिक मेजबानी का दावा करने से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट नए खेल मंत्री मनसुख मांडविया के सामने पेश की। एमओसी ने अपनी इस रिपोर्ट में उन छह खेलों का जिक्र किया है जिन्हें भारत को मेजबानी मिलने पर ओलंपिक में शामिल किया जा सकता है।

भारत के शीर्ष क्रम पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव

बांग्लादेश से मिल सकती है कड़ी टक्कर, भारतीय कोच को रोहित और कोहली से विराट पारी की उम्मीद

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

जीत के अश्वमेधी रथ पर सवार भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के मैच में शनिवार को अपने स्टार बल्लेबाजों के फॉर्म में लौटने की उम्मीद के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी चूंकि प्रतिद्वंद्वी के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उसे हलके में कतई नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमों के एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड में भारत का पलड़ा भारी है लेकिन बांग्लादेश उलटफेर करने में माहिर है और टीम इंडिया को इसका बखूबी इल्म है। खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

बाकी दोनों मैचों के बीच ज्यादा अंतराल नहीं है लिहाजा कप्तान रोहित शर्मा उम्मीद कर रहे होंगे कि उनके स्टार खिलाड़ी रंगत में लौटें। विराट कोहली और रोहित ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन बड़ी पारी अभी तक नहीं खेल सके हैं। बायें हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे को बीच के और डैथ ओवरों में छक्के लगाने के लिये टीम में रखा गया था, लेकिन अभी तक वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। आईपीएल में जिस फॉर्म के कारण उन्हें भारतीय टीम में जगह दी गई थी, वह अभी तक नजर नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के खिलाफ ग्रुप मैच में नाबाद 31 रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार यादव के प्रयासों से भारत को जीत मिली।

एक और बार उनके नाकाम रहने पर टीम प्रबंधन संजू सैमसन को उतारने का फैसला ले सकता है।

अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में हार्दिक पंड्या का बल्लेबाजी फॉर्म में लौटना सुखद रहा। गेंदबाजी में भारत उसी संयोजन को उतार सकता है। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव को पहली बार अफगानिस्तान के खिलाफ ही मौका मिला और वह प्रभावी साबित हुए। मैच के बाद अक्षर पटेल ने कहा था कि बायें हाथ के तीन स्पिनरों को उतारने से फायदा मिला है। इनमें से एक कलाई का स्पिनर और दो ऊंगली के स्पिनर हैं। इन तीनों का संयोजन जबर्दस्त रहा है।

हमारे पास अच्छी टीम है और हमारा तालमेल बेहतरीन है। हम आपस में बात करते हैं कि क्या कारगर साबित हो रहा है और क्या नहीं। एक ईकाई के रूप में गेंदबाजी करने पर यह बहुत जरूरी है। वेस्टइंडीज में भारत का एकमात्र लक्ष्य खिताब जीतना है और बांग्लादेश के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन उसी सिलसिले में अगला कदम होगा चूंकि 24 जून को सामना आस्ट्रेलिया से है। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने अभी तक निराश किया है और उसे उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

बांग्लादेश : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

बल्लेबाजों से शांतो को जीत का यकीन

नॉर्थ साउंड। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे, लेकिन उन्होंने सुपर आठ चरण में भारत के खिलाफ अगले मैच समेत बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में तीन मैच जीतकर सुपर आठ के लिये क्वालीफाई किया था, लेकिन सुपर आठ चरण के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने उसे डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 28 रन से हराया। अब उसका सामना भारत से है। शांतो ने कहा कि अगले दो मैच महत्वपूर्ण हैं। इन्हें जीतकर हम बेहतर स्थिति में होंगे और हम दोनों मैच जीतने की कोशिश करेंगे। यह पूछने पर कि क्या टीम बल्लेबाजी में फॉर्म के लिये जूझ रही है, शांतो ने कहा कि यह कहना मुश्किल है कि हम अच्छा क्यों नहीं खेल पा रहे। हर खिलाड़ी सक्षम है और अतीत में अलग-अलग जगहों पर अच्छा खेला है। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है कि यहां अच्छा क्यों नहीं खेल पाये। हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी है लेकिन वे खेल नहीं पा रहे।

खेल डायरी

अल्काराज क्वींस क्लब के दूसरे दौर में हारे

लंदन। विम्बलडन चैम्पियन कार्लोस अल्काराज की विम्बलडन की तैयारियों को करारा झटका लगा जब वह क्वींस क्लब टेनिस के दूसरे दौर में जैक ड्रेपर से 6.7, 3.6 से हार गए। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर की यह कैरियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। विम्बलडन से पहले क्वींस फ्रेंच ओपन चैम्पियन अल्काराज का एकमात्र ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट था। अन्य मैचों में इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.4, 4.6, 6.4 से मात दी। अब उनका सामना ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी बिली हैरिस से होगा।

वाणी कपूर की चेक लेडीज ओपन में मजबूत शुरुआत

बेरॉन (चेक गणराज्य)। भारतीय महिला गोल्फर वाणी कपूर ने चेक लेडीज ओपन के शुरुआती दिन चार अंडर 68 का अच्छा कार्ड खेला। पहला राउंड अभी जारी है जिसमें वाणी संयुक्त सातवें स्थान पर चल रही हैं जिन्होंने छह बर्डी और दो बोगी लगायी। पहले दौर का प्रदर्शन देखा जाये तो यह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें प्रणवी उर्स और दीक्षा डागर ने नौ होल में इवन पार का स्कोर बना लिया है। अवनि प्रशांत तीन अंडर बनाकर संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पहला दौर खत्म करने वाली रिद्धिमा संयुक्त 30वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 44वें स्थान पर बनी हुई हैं।

चौबे के अध्यक्ष पद छोड़ने से भारतीय फुटबॉल को फायदा

नयी दिल्ली। भारत के बर्खास्त फुटबॉल कोच इगोर स्टिमक ने शुक्रवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वह जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम के पहुंचने में विफलता के बाद स्टिमक को सोमवार को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

श्रेयसी सिंह भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएफएसएफ) से मंजूरी मिलने के बाद अनुभवी ट्रैप निशानेबाज श्रेयसी सिंह को शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक के लिए 21 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने आईएसएसएफ से मंजूरी मिलने के बाद यह घोषणा की। भारतीय संघ ने निशानेबाजी की विश्व संस्था से कोटा बदलने का आग्रह किया था। श्रेयसी सक्रिय राजनीति में भी शामिल हैं और बिहार के जमुई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यह 32 वर्षीय निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी के साथ महिला ट्रैप स्पर्धा में भाग लेंगी।

दो नई गेंद के नियम पर हो विचार : गंभीर

कोलकाता, एजेंसी



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से सीमित प्रारूपों में दो नयी गेंद के नियम पर फिर से विचार करने का आग्रह करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए 'अनुचित' है।

आईसीसी ने अक्टूबर 2011 में एकदिवसीय मैचों में यह विशेष नियम लागू किया था। गंभीर ने यहां 'इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स' के 'राइज टू लीडरशिप' 'टॉक शो' के दौरान कहा कि एक चीज जो मैं निश्चित रूप से बदलना चाहूंगा वह है सफेद गेंद वाले प्रारूप में दो नयी गेंदों का उपयोग। कई विशेषज्ञों का मानना है कि दो नई गेंदों के उपयोग से अंगुली के स्पिनरों को नुकसान होता है और तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग की संभावना कम हो जाती। राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टीम के कोच बनने की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर ने कहा कि यह अंगुली के स्पिनरों के लिए बहुत अनुचित है। इसीलिए वे अब सीमित ओवर में पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेल पा रहे है। यह सही नहीं है।

जब मैं नया था तो गंभीर ने किया मेरा मार्गदर्शन : अश्विन

चेन्नई। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को गौतम गंभीर की सराहना करते हुए उन्हें एक उत्कृष्ट 'फाइटर (हार ना मानने वाला)' और प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि टेस्ट करियर के शुरुआती दिनों में इस सलामी बल्लेबाज ने उनका हौसला बढ़ाया था। गंभीर भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। अश्विन ने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के लिए अपनी पहली पूर्ण श्रृंखला के दौरान गंभीर के साथ अपनी बातचीत को याद किया। विश्व कप (2011) से पहले पहले दो वर्षों के दौरान मैं मैदान पर केवल ड्रिंक्स लेकर जाता था।

बुमराह के आसपास भी नहीं है कोई गेंदबाज : मांजरेकर

ब्रिजटाउन, एजेंसी। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम भाग्यशाली है जिसके पास जसप्रीत बुमराह जैसा गेंदबाज है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बाकी गेंदबाजों से मीलों आगे है।

बुमराह ने अफगान के खिलाफ टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मैच में चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिये। भारत ने यह मैच 47 रन से जीता। मांजरेकर ने कहा कि कई मैचों में हमने चौके नहीं गंवाये। उनके और बाकी तेज गेंदबाजों के बीच का अंतर देखिये। दुनिया के बाकी शीर्ष गेंदबाजों को देखें तो बुमराह और उनमें बाकी अंतर है। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास बुमराह जैसा गेंदबाज है।

रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका जीता

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

टी-20 वर्ल्डकप

- **आखिरी गेंद तक चला मैच सात रन से हारा इंग्लैंड**
- **डिकॉक ने तूफानी पारी खेलते हुए जड़ा अर्धशतक**

दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ के ग्रुप दो मैच में शुक्रवार को यहां इंग्लैंड को सात रन से हराया। दक्षिण अफ्रीका ने छह विकेट पर 163 रन बनाने के बाद इंग्लैंड को छह विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रुक्स 53 और लियाम लिविंगस्टोन 33 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और कागिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरे अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डिकॉक (65) और डेविड मिलर (43) रनों की पारी खेली। अफ्रीका की टीम अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 86 रन जोड़े।

10वें ओवर में मोईन ने हेंड्रिक्स (19) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई। 12वें में आर्चर ने डिकॉक को आउट कर अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। डिकॉक ने 38 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (65) रनों की पारी खेली।

अमेरिका से वेस्टइंडीज को मिल सकती है कड़ी टक्कर

ब्रिजटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार के बाद वेस्टइंडीज को सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखने के लिये 'छिपे रूस्तम' अमेरिका के सामने शनिवार को दूसरे मैच में हर हालत में बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। ग्रुप चरण में अपराजेय रहने के बाद वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड ने आठ विकेट से हराया।

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहे और पारी में 51 डॉट गेंदें रही। उसे तीसरा खिताब जीतने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी।

टीमें : अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज़ गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहाँगीर।

वेस्टइंडीज : रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

यूरो कप 2024 — यूक्रेन ने 2-1 से जीता मुकाबला, टूर्नामेंट में बने रहे की उम्मीद कायम

रोमन के गोल से स्लोवाकिया को मिली शिकस्त

डुसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

यूक्रेन ने शुक्रवार को यहां यूरोपीय चैम्पियनशिप 2024 फुटबॉल मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रोमन यारेमचुक के गोल की बदौलत स्लोवाकिया पर 2-1 से जीत हासिल कर खुद को अगले दौर की दावेदारी में बनाये रखा।

यूक्रेन की यह 2024 में चार प्रतिस्पर्धी मैचों में वापसी करते हुए तीसरी जीत है। सोमवार को रोमानिया से मिली 0-3 की हार के कारण खराब गोल अंतर से यूक्रेन नाजुक स्थिति में था और एक और हार उसे बाहर होने की कगार पर भेज सकती थी।

स्लोवाकिया पर जीत के बाद जश्न मनाते यूक्रेन के खिलाड़ी।

इटली को हराकर स्पेन नॉकआउट चरण में

गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)। तीन बार की यूरोपीय चैम्पियन स्पेन ने मौजूदा चैम्पियन इटली को 1.0 से हराकर यूरो फुटबॉल चैम्पियनशिप 2024 के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। रिकार्डो कालाफियोरी के 55वें मिनट में किये गए आत्मघाती गोल से स्पेन को जीत तोहफे में मिली। स्पेन ने हालांकि पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। इटली के कोच लूसियानो स्पालेत्ती ने हार के बाद कहा कि वे जीत के हकदार थे। हम मैच में कभी थे ही नहीं। प्रदर्शन में काफी अंतर था। स्पेन पिछले तीन विश्व कप से जल्दी बाहर होता आया है।

भारत टी-20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

भारत इस साल नवंबर में चार मैच की संक्षिप्त टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट (सीएसए) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में इसकी घोषणा की।

सीएसए द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार श्रृंखला आठ नवंबर को डरबन में किंग्समीड स्टेडियम में शुरू होगी। इसके बाद 10 नवंबर को गक्बेरहा, 13 नवंबर को सेंचुरियन और 15 नवंबर को जोहानिसबर्ग में मैच खेले जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लगातार समर्थन के लिए बीसीसीआई और विश्व क्रिकेट को धन्यवाद करना चाहूंगा। भारतीय क्रिकेट टीम का हमारी सरजमीं पर दौरा हमेशा रोमांचक होता है।

मैं जानता हूं कि हमारे प्रशंसक इस श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे जिसमें दोनों टीमों की प्रतिभा दिखेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका में हमेशा ही मजबूत रिश्ता रहा है जिस पर दोनों देशों को गर्व है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

टोक्यो

तेल अवीव

जिबूती

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में योगप्रेमियों ने मनाया योग दिवस

आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने टाइम्स स्क्वायर पर ध्यान सत्र का नेतृत्व किया

न्यूयॉर्क/तेल अवीव, एजेंसी

दुनियाभर के लाखों योग प्रेमियों ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को दिनभर चलने वाले विभिन्न सत्रों में हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 2014 में योग की सार्वभौमिक अपील को मान्यता देते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मसौदा प्रस्ताव को भारत ने प्रस्तावित किया था और रिकॉर्ड 175 सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर विशेष योग सत्र आयोजित किए। न्यूयॉर्क क्षेत्र में गर्मी को लेकर चेतावनी जारी किये जाने के बाद भी अलग-अलग उम्र और विभिन्न देशों के लोग सुबह-सुबह यहां न्यूयॉर्क शहर के लोकप्रिय स्थल पहुंचे और योगासन किये। न्यूयॉर्क में दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। करीब दो दशक से ज्यादा समय तक स्वंयसेवक और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की संकाय सदस्य रहीं योग प्रशिक्षक ऋषा ढेकने ने न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित योग और ध्यान सत्र का नेतृत्व किया।

न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर योग करते लोग।

वाशिंगटन में भी सैकड़ों की संख्या में योगप्रेमी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिये। इस कार्यक्रम को अमेरिका में भारत की उपराजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने संबोधित किया। पोटोमैक नदी के किनारे सुरम्य घाट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन के साथ हुई। योग सत्र ने भारत के प्राचीन अभ्यास 'योग' द्वारा प्रेरित एकता और सद्भाव की भावना को उजागर किया।

उधर इजराइल के तेल अवीव में से तीन सौ से अधिक लोगों ने पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन में इस समारोह में हिस्सा लिया और योगासन किये। मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में प्रथम महिला मिशल हर्जोग मुख्य अतिथि थीं। देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन इजराइल में भारतीय दूतावास द्वारा तेल अवीव-याफो नगर पालिका और इजराइल के संस्कृति एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में, हर्जोग ने भारत और इजराइल के बीच गहरी दोस्ती का उल्लेख किया।

सिंगापुर के स्वास्थ्य राज्य मंत्री राहायु महजम ने 200 से अधिक योगप्रेमियों और भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले के साथ सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। सुबह बारिश हो जाने के कारण मौसम ठंडा हो चुका था। मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत ने निश्चित रूप से दुनिया को योग के लाभों को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। योग की लचीली और अनुकूलनीय प्रकृति इसे विभिन्न आयु, लिंग और शारीरिक क्षमताओं के लोगों के लिए समावेशी बनाती है। मुझे आज के कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों के प्रतिभागियों को देखकर खुशी हुई।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को देश की पर्यटन राजधानी पोखरा के तीन प्रतिष्ठित स्थलों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए। मिशन ने लुंबिनी में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मिशन ने कहा, लुंबिनी के मुख्यमंत्री, विभिन्न प्रांतीय नेताओं और 900 से अधिक लोगों ने योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने इस बात पर जोर दिया कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए योग के शाश्वत अभ्यास के वास्ते एक आदर्श स्थान है।

श्रीलंका में भी भारतीय दूतावास ने जाफना और कैंडी सहित कई स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गुरुवार को बीजिंग मॉर्निंग स्टार स्कूल में योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व दूतावास के सांस्कृतिक शिक्षक (योग) लोकेश शर्मा ने किया। रोम में भारतीय राजदूत वाणी राव ने इतालवी हिंदू संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर चर्चा की। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मालदीव और भारत के योग प्रेमियों ने भाग लिया। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने प्रिंस फैसल बिन फा के घर पर योग दिवस मनाया।

एक नजर

आर्मेनिया ने फिलिस्तीन को मान्यता दी

येरेवान। आर्मेनिया ने शुक्रवार को आधिकारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता प्रदान की। पूर्व सोवियत गणराज्य के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर, हमने हमेशा फिलिस्तीनी समस्या का शांतिपूर्ण और व्यापक समाधान की वकालत की है और इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान करने के दो-राज्य सिद्धांत का समर्थन किया है। हम आश्वस्त हैं कि यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि फिलिस्तीनी और इजरायल को अपनी वैध आकांक्षाएं महसूस हो।

इटली में भारतीय मजदूर की हाथ कटने से मौत

लंदन/रोम। इटली में 31 वर्षीय एक भारतीय मजदूर का हाथ एक भारी मशीन की चपेट में आकर कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उपचार कराने के बजाये उसे सड़क के किनारे फेंक दिया, जिससे उसकी दुखद मौत हो गयी। रोम के निकट लाजियो में सब्जी के एक खेत में काम करते हुए सतनाम सिंह का हाथ भारी मशीन में आकर कट गया था। रोम में भारतीय दूतावास ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इटली के लैटिना में भारतीय नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की खबर से वह वाकिफ हैं। दूतावास ने बिना ज्यादा जानकारी दिये हुए कहा, हम स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

दक्षिण कोरिया ने रूसी राजदूत को तलब किया

सियोल। दक्षिण कोरिया के उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन के बीच समझौते का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत जॉर्जी जिनोविएव को तलब किया और मास्को से प्योंगयांग के साथ अपने कथित सैन्य सहयोग को तुरंत रोकने का आह्वान किया। दक्षिण कोरियाई राजनयिक क्यून ने कहा कि कोई भी सहयोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उत्तर कोरिया को सैन्य क्षमताओं के निर्माण में मदद करता है, वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन के साथ ही दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेगा।

लॉकहीड मार्टिन इकाइयों पर चीन का प्रतिबंध

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी विमानन निर्माता कंपनी लॉकहीड मार्टिन कॉर्प के ताइवान के साथ हथियार सौदों पर हस्ताक्षर करने को लेकर उसने कंपनी, उसके कई व्यावसायिक इकाइयों और उसके तीन अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताइवान एक स्वशासित द्वीप है, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि कंपनी के ताइवान के साथ सहयोग ने देश की संप्रभुता का उल्लंघन किया है।

हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को सजा

जिनेवा। स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही मानव तस्करी के गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया। भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जिनमें से अधिकतर अशिक्षित भारतीय थे।

चीन की आपत्तियां खारिज भारत पहुंचीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हसीना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की दलाई लामा से मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर जताई थी आपत्ति**

भारत ने तिब्बत के निर्वासित धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात की अनुमति दिए जाने पर चीन की आपत्तियों को शुक्रवार को खारिज कर दिया लेकिन अमेरिकी प्रतिनिधियों के बयानों से खुद को अलग रखा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सांसदों के एक दल के दौरे के बारे में पूछे जाने पर कहा, सात सदस्यीय अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 16-20 जून 2024 तक भारत का दौरा किया। द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष प्रतिनिधि माइकल मैककॉल ने किया। प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की और विदेश मंत्री एस जयशंकर और सीआईएम से बातचीत की।

नई दिल्ली, एजेंसी

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार शाम नई दिल्ली पहुंचीं। हसीना की यह एक माह में नई दिल्ली की दूसरी यात्रा है। वह शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगी। प्रधानमंत्री शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद उनके सम्मान में दोपहर का भोज देंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर

एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके आगमन पर स्वागत किया। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त मोहम्मद मुस्तफिजुर रहमान भी प्रधानमंत्री हसीना का हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख साझेदार और भरोसेमंद पड़ोसी है। केंद्र में नयी सरकार के गठन के बाद यह किसी विदेशी शासनाध्यक्ष की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। इस दौरान दोनों पक्ष व्यापार के संबंध में एक नए समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार बताए जा रहे हैं। हसीना की यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर से उनकी मुलाकात हुई।

भारत-पाकिस्तान में सीधी बातचीत हो : अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा अमेरिका के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध**

अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करता है और बातचीत की गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के साथ अपने महत्वपूर्ण संबंधों को अमेरिका महत्व देता है।

उन्होंने कहा, जैसा कि हमने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का समर्थन करते हैं और उसकी गति, दायरा तथा रूपरेखा उन्हें ही निर्धारित करनी चाहिए, हमें नहीं। मिलर ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने में अमेरिका और पाकिस्तान की साझा रुचि है। उन्होंने कहा, हम सुरक्षा के मुद्दे पर उच्च स्तरीय आतंकवाद रोधी संवाद के जरिये पाकिस्तान के साथ जुड़े हुए हैं, इसमें कई आतंकवाद रोधी क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी शामिल हैं...। मिलर ने कहा, हम आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में पाकिस्तानी नेताओं के साथ नियमित रूप से संवाद करते आ रहे हैं।

कुरान की बेअदबी के आरोप में हत्या

पेशावर, एजेंसी

- **पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले की घटना**
- **भीड़ ने थाने में घुसकर लगाई आग और आरोपी को मार दी गोली**

पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में कुरान की कथित तौर पर बेअदबी से गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान फैली अशांति में आठ लोग घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्वात के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) जहीदुल्ला ने बताया कि पंजाब के सियालकोट के रहने वाले व्यक्ति ने गुरुवार रात को स्वात की मदयान तहसील में कुरान के कुछ पन्ने कथित तौर पर जलाये थे। जहीदुल्ला ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लेकर मदयान थाने लाया गया। थाने के बाहर भीड़ जमा हो गयी और उन्होंने संदिग्ध को सौंपने की मांग की, जब पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया तो भीड़ में से किसी ने गोली चला दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मदयान अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने उसके बाद थाने में आग लगा दी। बाद में कुछ लोग थाने में घुसे और संदिग्ध को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि गोली मारने के बाद वे संदिग्ध के शव को घसीटकर मदयान अड्डा ले गये और उसे वहां लटका दिया।

इमरान की रिहाई की मांग के मद्देनजर धारा 144 लागू

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनके समर्थकों की राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की योजना का हवाला देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रांत में सात दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी। पूरे प्रांत में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे विरोध प्रदर्शन और लोगों के एक जगह जमा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। क्रिकेटर से नेता बने खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने के बाद उन पर करीब 200 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी ठहराया गया है।

दो सिख चरमपंथियों की कनाडा में अपील खारिज

ओटावा, एजेंसी

- **उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने का प्रयास नाकाम**

कनाडा की एक अदालत ने देश की उड़ान-प्रतिबंधित सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए पुख्ता आधार हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे।

कनाडा की समाचार एजेंसी ने वैंकूवर से गुरुवार को जारी रिपोर्ट में संघीय अपीलीय अदालत द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश के हवाले से कहा है कि अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा की उड़ान प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। फैसले में कहा गया है कि यह अधिनियम सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री को लोगों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने का अधिकार देता है, बशर्ते यह संदेह करने का उचित आधार हो कि वे परिवहन सुरक्षा को खतरा पहुंचाएंगे या आतंकवादी घटना को अंजाम देने के लिए हवाई यात्रा करेंगे।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि में खलनायक की भूमिका में होंगे कमल हसन

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हसन अपनी आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी में खलनायक की भूमिका में नजर आयेंगे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में खलनायकों ने अक्सर अपने नायक समकक्षों को प्रतिष्ठित संवादों, दुष्ट मुस्कान और स्क्रीन पर हावी होने वाली उपस्थिति के साथ पीछे छोड़ दिया है। दशकों बाद, इन खलनायकों को अभी भी बुराई के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। शान में गंजे, दुष्ट शाकाल के रूप में कुलभूषण खरबंदा, संघर्ष में एक भयानक धार्मिक कट्टरपंथी लज्जा शंकर पांडे के रूप में आशुतोष राणा, ओमकारा में षड्यंत्रकारी और दुष्ट लंगड़ा त्यागी के रूप में सैफ अली खान और अग्निपथ में क्रूर कांचा चीना के रूप में संजय दत्त अविस्मरणीय हैं। लेकिन एक किरदार जो सबसे अलग है और प्रतिष्ठित बन गया है, वह है मिस्टर इंडिया का मोगैम्बो, जिसे दिवंगत अमरीश पुरी ने निभाया था। एक और होनहार किरदार जो प्रतिष्ठित बनने के लिए तैयार है, वह है गिरगिट जैसा दिखने वाला यास्किन, जिसे भारत की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कल्कि 2898 एडी में कमल हासन ने निभाया है।

इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन में शामिल हुईं करिश्मा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के लिए जज पैनल में शामिल हो गयी हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न ने अपने होमग्रोन फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर के चौथे सीज़न के साथ इसकी वापसी की घोषणा की है, जिसमें बॉलीवुड की डांसिंग दिवा करिश्मा कपूर प्रतिष्ठित जज पैनल में शामिल होंगी। इस डांस रियलिटी शो के नवीनतम सीज़न में जज के रूप में करिश्मा कपूर,गीता कपूर और टेरेंस लुईस शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने बताया, इंडियाज़ बेस्ट डांसर एक असाधारण मंच है, जो वाकई डांस की भावना का जश्न मनाता है। मैं पहले भी गेस्ट जज के रूप में शो में आ चुकी हूं, और ये प्रतियोगी मंच पर जो जुनून और समर्पण प्रदर्शित करते हैं, वह प्रेरणादायक है। मैं भारत में मौजूद असाधारण प्रतिभाओं को देखने की और प्रतीक्षा नहीं कर सकती।

संजय को लेकर फिल्म की प्लानिंग कर रहे गुप्ता

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार संजय गुप्ता एक बार फिर से संजय दत्त को लेकर फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त को लेकर आतिश, जंग, खौफ, कांटे,प्लान, मुसाफिर, जिंदा, शूटआउट एट लोखंडवाला, दस कहानियां जैसी फिल्में बनायी हैं। दोनों सालों बाद एक बार फिर पर्दे पर वापसी करने की तैयारी कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने संजय दत्त के लिए एक फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार कर ली है। संजय गुप्ता ने बताया, मैं संजय दत्त अभी साथ में एक फिल्म के लिए प्लान कर रहे हैं। हमने स्क्रिप्ट पर काम किया है और अब हम लॉजिस्टिक्स पर काम कर रहे हैं। हम एक-दूसरे का हाथ थामे हुए साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं संजय दत्त को अच्छी तरह जानता हूं। इस बीच, मैं अपना रास्ता भटक गया।

खगोल विज्ञान | कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों का शोध

बड़े जंगल की आग बनाती है खतरनाक अग्नि चक्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: बड़े पैमाने पर लगी जंगल की आग अपना खतरनाक अग्नि चक्र बनाती है, जो जंगल की आग को कई गुना बढ़ाने में मदद करती है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के वैज्ञानिकों ने शोधकर यह दावा किया है। पीयर-रिव्यू जर्नल एटमॉस्फेरिक केमिस्ट्री एंड फिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

इस बार वैश्विक स्तर पर जंगल भयानक आग की चपेट में रहे। उष्ण कटिबंधीय के अलावा सम शीतोष्ण कटिबंधीय प्रदेश के जंगल भी भीषण आग की चपेट से अछूते नहीं रहे। जिसे ध्यान में रखकर वैज्ञानिकों की सामूहिक टीमों को शोध करना पड़ा और जो नतीजे सामने आए, वह चौकाने वाले रहे। शोधकर्ताओं के अनुसार जंगल की बड़ी आग ऐसे मौसम का निर्माण करती है जो आग की अधिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करती है। जिस कारण आग की समस्या अधिक बढ़ जाती है। अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग व लंबे समय तक सक्रिय आग के मौसम के बीच गहरा संबंध होता है। बड़ी आग सामान्य से अधिक गर्म और शुष्क मौसम बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक आग के लिए अनुकूल परिस्थितियों का एक भयानक चक्र बन जाता है, जो आग का स्वयं का अग्नि मौसम बना रही है। पिछले 20 वर्षों में चरम आग वाले दिनों को शोध में शामिल किया। इन वर्षों में उत्तरी कैलिफोर्निया का विश्लेषण किया, जहां घनी वनस्पति के कारण अमेरिकी राज्य की सबसे भीषण आग लगी है। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से कम तापमान और उच्च आर्द्रता वाले दिनों पर ध्यान केंद्रित किया। तब पता चला कि बड़ी आग ने उन दिनों को और अधिक गर्म और शुष्क बना दिया था और अतिरिक्त गर्मी और शुष्क परिस्थितियों का मतलब अधिक आग के लिए बेहतर परिस्थितियां थीं।

कैलिफोर्निया के जंगल की आग का दृश्य। (फाइल फोटो)

जंगल की आग के बादल वातावरण को बनाते हैं शुष्क

नैनीताल : जंगल की आग से उत्पन्न बादलों में बहुत अधिक काली कालिख होती है, जो गर्मी को रोक लेती है और वातावरण को शुष्क कर देती है। जब जंगल की आग जलती है, तो वे पाइरोक्यूम्यलस (या फ्लेमेजेनिटस) बादल बनाते हैं। इन बादलों में बहुत अधिक राख या गहरी कालिख होती है, जो उन्हें अन्य बादलों की तुलना में गहरे रंग का बना देती है।